ज्येष्ठ कृष्णा - 10 ■ संवत 2081 ■ वर्ष - 19 ■ अंक - 304 ■ पृष्ठ - 8 ■ रु. 5/- बेंगलूरु » रविवार » 02-06-2024 ■ www.dakshinbharat.com ■ Email : news@dakshinbharat.com



# दक्षिण भारत राष्ट्रमत

ದಕ್ಷಿಣ ಭಾರತ ರಾಷ್ಟ್ರಮತ | ಹಿಂದಿ ದಿನ ಪತ್ರಿಕೆ | बेंगलूरु और चेन्नई से एक साथ प्रकाशित



5 एक बार फिर बहुमत के साथ मोदी सरकार बनना तय : योगी
6 कैप्टन सुनील खोखर : गोलीबारी के बीच चिह्नित किए ठिकाने और उड़ा दिए दुश्मन के परखच्चे
7 वैश्विक महामारी ने सिनेमा जगत को बदलने पर मजबूर किया : जाह्नवी कपूर

## फर्स्ट टेक

### जीएसटी संग्रह मई में 10 प्रतिशत बढ़कर 1.73 लाख करोड़ रुपये हुआ

**नई दिल्ली/भाषा।** देश का सकल जीएसटी संग्रह मई में 10 प्रतिशत बढ़कर 1.73 लाख करोड़ रुपये हो गया। वित्त मंत्रालय ने शनिवार को कहा कि यह वृद्धि घरेलू लेनदेन से राजस्व में वृद्धि के कारण हुई है। माल एवं सेवा कर (जीएसटी) संग्रह अप्रैल, 2024 में 2.10 लाख करोड़ रुपये के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया था। मंत्रालय ने बयान में कहा, मई, 2024 में सकल जीएसटी संग्रह 1.73 लाख करोड़ रुपये रहा है। मई माह के कर संग्रह में सालाना आधार पर 10 प्रतिशत की वृद्धि, आयात में कमी (4.3 प्रतिशत की गिरावट) के बीच घरेलू लेनदेन से राजस्व में मजबूत वृद्धि (15.3 प्रतिशत) के कारण हुई है। रिफंड के बाद मई, 2024 के लिए शुद्ध जीएसटी संग्रह 1.44 लाख करोड़ रुपये रहा, जो पिछले साल मई से 6.9 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है।

### भारत ने टी20 विश्वकप अभ्यास मैच में बांग्लादेश को हराया

न्यूयॉर्क/भाषा। भारत ने शनिवार को यहां टी20 विश्व कप अभ्यास मैच में बांग्लादेश पर 60 रनों की जीत के दौरान हर विभाग में अपना दबदबा बनाया लेकिन ऋषभ पंत आक्रामक अर्धशतक लगाकर टीम में विकेटकीपर बल्लेबाज के विकल्प के पहली पंसद बन गये हैं। भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए पांच विकेट पर 182 रन बनाने के बाद बांग्लादेश को नौ विकेट पर 122 रन पर रोक दिया। बांग्लादेश की ओर से महमूदुल्लाह (40) और शाकिब अल हसन (28) ने छठे विकेट के लिए 70 रन की साझेदारी कर टीम को बुरी हार से बचाया। भारत के लिए अर्शदीप सिंह और शिवम दुबे ने दो-दो जबकि जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज, हार्दिक पंड्या और अक्षर पटेल ने एक-एक विकेट चटकाये।

### संयुक्त राष्ट्र में भारत की स्थायी प्रतिनिधि रुचिरा कंबोज सेवानिवृत्त

**संयुक्त राष्ट्र/भाषा।** संयुक्त राष्ट्र में भारत की स्थायी प्रतिनिधि रुचिरा कंबोज ने शनिवार को बताया कि 35 वर्ष से अधिक के शानदार करियर के बाद वह सेवानिवृत्त हो गई हैं। वैश्विक संस्था में भारत की राजदूत के रूप में इस प्रतिष्ठित पद पर आसीन होने वाली पहली महिला राजनयिक कंबोज 1987 में भारतीय विदेश सेवा (आईएफएस) में शामिल हुई थीं। उन्होंने सोशल मीडिया पर यह जानकारी दी। वरिष्ठ राजनयिक कंबोज (60) ने अपने 'एक्स' हैंडल पर कहा, ''इन बेहतरीन वर्षों और अविस्मरणीय अनुभवों के लिए धन्यवाद भारत।''

सूर्यास्त 01-06-2024 6:43 बजे | सूर्योदय 02-06-2024 5:52 बजे

| BSE | NSE |
|---|---|
| 73,961.31 | 22,530.70 |
| (+75.71) | (+42.05) |

| सोना | चांदी |
|---|---|
| 7,458 रु. | 91,797 रु. |
| (24 कैरेट) प्रति ग्राम | प्रति किलो |

## मिशन मंडेला

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
दक्षिण भारत का लोकप्रिय हिन्दी दैनिक
epaper.dakshinbharat.com



कैलाश मण्डेला, मो. 9828233434

### धक-धक

परिणाम शीघ्र आने वाले,
सबका जी करता धक-धक-धक।
अंतिम निष्कर्षों तक सब दल ,
देखेंगे टीवी टक-टक-टक।
एक्जिट पोलों की चैनल पर,
मिट जाएगी जब चक-चक-चक।
चिंतन होगा परिणामों पर,
सब शुरू करेंगे बक-बक-बक।

# एग्जिट पोल : भाजपा के नेतृत्व वाले राजग को बहुमत मिलने का अनुमान

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** लोकसभा चुनाव के अंतिम चरण का मतदान संपन्न होने के बाद आए कई एग्जिट पोल (चुनाव बाद सर्वेक्षण) में भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) को प्रचंड बहुमत मिलने का अनुमान लगाया गया है। इन सर्वेक्षणों के मुताबिक, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी लगातार तीसरी बार केंद्र की सत्ता संभालने जा रहे हैं। इसके साथ इन सर्वेक्षणों में सत्तारूढ़ गठबंधन राजग के तमिलनाडु और केरल में अपना खाता खोलने और कर्नाटक में फिर से एकतरफा जीत हासिल करने का अनुमान जताया गया है। साथ ही, इन सर्वेक्षणों में बिहार, राजस्थान और हरियाणा जैसे कुछ राज्यों में भाजपा एवं राजग की सीटों की संख्या में कमी होने का अनुमान लगाया गया है।

| पोल | राजग | इंडिया | अन्य |
|---|---|---|---|
| रिपब्लिक टीवी-पी मार्क | 359 | 154 | 30 |
| रिपब्लिक टीवी-मैट्रिज़ | 353-368 | 118-133 | 43-48 |
| जन की बात | 362-392 | 141-161 | 10-20 |
| इंडिया टीवी-सीएनएक्स | 371-401 | 109-139 | 28-38 |
| न्यूज नेशन | 342-378 | 153-169 | 21-23 |

'रिपब्लिक टीवी-पी मार्क' के सर्वेक्षण में दावा किया गया है कि 543 सदस्यीय लोकसभा में सत्तारूढ़ गठबंधन 359 सीट तक जीत हासिल करेगा और विपक्षी 'इंडि' गठबंधन को 154 सीट मिलेंगी।

'रिपब्लिक टीवी-मैट्रिज़' के एग्जिट पोल में राजग को 353-368 सीट और विपक्ष को 118-133 सीट मिलने का अनुमान जताया गया है।

'जन की बात' के सर्वेक्षण में सत्तारूढ़ राजग को 362-392 सीट और विपक्षी गठबंधन को 141-161 सीट दी गई हैं।

'इंडिया टीवी-सीएनएक्स' ने अपने अनुमान में राजग को 371-401 और 'इंडि' गठबंधन को 109-139 सीटें दीं, जबकि 'न्यूज नेशन' द्वारा अनुमान जताया गया है कि राजग को 342-378 और 'इंडि' गठबंधन को 153-169 सीट मिल सकती हैं।

'एक्सिस माई इंडिया' और 'टुडेज़ चाणक्य' सहित कई अन्य एग्जिट पोल ने रात 8.30 बजे तक पूर्ण अनुमानित परिणामों की भविष्यवाणी नहीं की थी।

वर्ष 2019 के चुनाव में भाजपा ने 303 सीट जीती थी, जबकि राजग की संख्या 353 थी। कांग्रेस को 53 सीट और उसके सहयोगियों को 38 सीट मिली थीं। इस लोकसभा चुनाव में भाजपा से मुकाबला करने के लिए विपक्षी दलों द्वारा 'इंडि' गठबंधन का गठन किया गया।

## मानहानि मामले में मिली सिद्दरामैया एवं शिवकुमार को जमानत

**बेंगलूरु।** बेंगलूरु की एक अदालत ने शनिवार को मानहानि के एक मामले में कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्दरामैया एवं उपमुख्यमंत्री डी के शिवकुमार को जमानत दे दी। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने यह आरोप लगाते हुए उनके खिलाफ मानहानि का मामला दर्ज किया था कि इन कांग्रेस नेताओं ने तत्कालीन मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई समेत भाजपा नेताओं के खिलाफ झूठे विज्ञापन दिये। सिद्दरामैया एवं शिवकुमार आज 42वें अतिरिक्त मुख्य मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट के सामने पेश हुए। उनकी अर्जी सुनने के बाद अदालत ने उन्हें जमानत दे दी। भाजपा के विधानपरिषद सदस्य एवं महासचिव केशव प्रसाद ने कांग्रेस नेताओं सिद्दरामैया, शिवकुमार एवं राहुल गांधी के खिलाफ मानहानि का मामला दर्ज किया था। सभी लोक निर्माण कार्यों में 40 प्रतिशत कमीशन लेने का आरोप लगाते हुए कांग्रेस ने पिछली सरकार के खिलाफ भ्रष्टाचार 'रेट कार्ड' भी प्रकाशित किया था।



## कन्याकुमारी में प्रधानमंत्री मोदी ने ध्यान साधना पूरी की

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**कन्याकुमारी (तमिलनाडु)/भाषा।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को यहां विवेकानंद रॉक मेमोरियल में 45 घंटे की अपनी ध्यान साधना पूरी की और कहा कि उन्हें एक दिव्य ऊर्जा का एहसास हुआ।

ध्यान सत्र के समापन पर, सफेद वस्त्र पहने मोदी ने स्मारक के बगल में स्थित उस परिसर का दौरा किया, जहां तिरुवल्लुवर की 133 फुट ऊंची प्रतिमा स्थित है और वहां एक विशाल माला चढ़ाई। वह नौका द्वारा प्रतिमा परिसर गये और बाद में वह तट पर पहुंचे।

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) एवं केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''विवेकानंद रॉक मेमोरियल पर अपनी ध्यान साधना पूरी करने के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी लिखते हैं: भारत के सबसे दक्षिणी छोर कन्याकुमारी में 'विवेकानंद रॉक मेमोरियल' में जाकर मुझे एक दिव्य ऊर्जा का एहसास हुआ है।''

मोदी ने कहा, ''इस शिला स्मारक पर मेरी ध्यान साधना, मेरे जीवन के अविस्मरणीय क्षणों में से एक है। मैं, मां भारती के चरणों में बैठकर एक बार फिर अपना संकल्प दोहराता हूं कि मेरे जीवन का हर क्षण, मेरे शरीर का हर कण, सदैव राष्ट्र की सेवा के लिए समर्पित रहेगा।'' उन्होंने कहा, ''राष्ट्र की प्रगति और नागरिकों के कल्याण की कामना के साथ, मैं 'मां भारती' को कोटि-कोटि नमन करता हूं।''

# लोकसभा चुनाव के लिए मतदान समाप्त, आखिरी चरण में 60 प्रतिशत से अधिक मतदान

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** लोकसभा चुनाव के सातवें और अंतिम चरण में शनिवार को 60 प्रतिशत से अधिक मतदान हुआ। पश्चिम बंगाल के संदेशखालि क्षेत्र में तृणमूल कांग्रेस और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) समर्थकों के बीच हिंसा की घटनाएं सामने आईं तथा कुछ मतदान केंद्रों पर इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) में गड़बड़ी और धांधली की शिकायतें दर्ज की गईं।



इस चरण में केंद्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ की एक, पंजाब की सभी 13 और हिमाचल प्रदेश की चार, उत्तर प्रदेश की 13, पश्चिम बंगाल की नौ, बिहार की आठ, ओडिशा की छह और झारखंड की तीन लोकसभा सीट सहित 57 सीट पर मतदान हुआ। ओडिशा की शेष 42 विधानसभा सीट के वास्ते चुनाव और हिमाचल प्रदेश की छह विधानसभा सीट के लिए उपचुनाव भी इसी के साथ हुए।

अब सबका ध्यान चार जून को होने वाली मतगणना पर होगा। हालांकि अरुणाचल प्रदेश और सिक्किम में विधानसभा चुनाव की मतगणना दो जून को होगी।

भीषण गर्मी के बीच इस चरण में वाराणसी संसदीय क्षेत्र में भी मतदान हुआ, जहां से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी लगातार तीसरी बार चुनाव लड़ रहे हैं। शनिवार के अंतिम चरण के मतदान के साथ ही 19 अप्रैल से शुरू हुई मैराथन मतदान प्रक्रिया का समापन हो गया। आंध्र प्रदेश, अरुणाचल प्रदेश और सिक्किम की विधानसभाओं के लिए भी मतदान हुआ।

■ केंद्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ की एक, पंजाब की सभी 13 और हिमाचल प्रदेश की चार, उत्तर प्रदेश की 13, पश्चिम बंगाल की नौ, बिहार की आठ, ओडिशा की छह और झारखंड की तीन लोकसभा सीट सहित 57 सीट पर मतदान हुआ।

## संदेशखालि में व्यापक हिंसा



**कोलकाता/भाषा।** लोकसभा चुनाव के सातवें एवं अंतिम चरण में शनिवार को पश्चिम बंगाल में नौ संसदीय क्षेत्रों में मतदान के दौरान बशीरहाट निर्वाचन क्षेत्र के संदेशखालि में तृणमूल कांग्रेस और भाजपा समर्थकों के बीच व्यापक हिंसा हुई, जिसमें कई लोग घायल हो गए। पुलिस ने स्थिति को नियंत्रित करने के लिए लाठीचार्ज किया और आंसू गैस के गोले छोड़े।

## 'अवसरवादी इंडी गठबंधन' मतदाताओं के दिलों को छूने में विफल रहा : मोदी

**नई दिल्ली/भाषा।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को विश्वास जताया कि लोगों ने राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार को फिर से चुनने के लिए रिकॉर्ड संख्या में मतदान किया है। उन्होंने कहा कि ''अवसरवादी इंडी गठबंधन'' मतदाताओं के दिलों को छूने में विफल रहा। उन्होंने कहा कि मतदाताओं ने विपक्ष की ''प्रतिगामी राजनीति'' को खारिज कर दिया। लोकसभा चुनाव के सातवें और अंतिम चरण के लिए मतदान समाप्त होने के बाद मोदी ने कहा कि लोगों ने उनकी सरकार का 'ट्रैक रिकॉर्ड' देखा है। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार के कामकाज से गरीबों, हाशिए पर पड़े लोगों और दलितों के जीवन में गुणात्मक बदलाव आया है। मोदी ने 'एक्स' पर की गई पोस्ट में कहा, ''भारत ने मतदान किया! अपने मताधिकार का इस्तेमाल करने वाले सभी लोगों का हृदय से आभार। उनकी सक्रिय भागीदारी हमारे लोकतंत्र की आधारशिला है। उनकी प्रतिबद्धता और समर्पण यह सुनिश्चित करता है कि हमारे देश में लोकतांत्रिक भावना पनपती रहे। मैं चुनावों में मजबूत भागीदारी के लिए भारत की नारी शक्ति और युवा शक्ति की विशेष रूप से सराहना करता हूं। मतदान में उनकी मजबूत मौजूदगी एक बहुत ही उत्साहजनक संकेत है।''


## कांग्रेस कर्नाटक में दोहरे अंक में सीट जीतेगी : डी के शिवकुमार

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**बेंगलूरु/भाषा।** कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डी.के. शिवकुमार ने शनिवार को कहा कि 'एग्जिट पोल' में उनका विश्वास नहीं है और अनुमान जताया कि कांग्रेस लोकसभा चुनाव में राज्य में दोहरे अंक में सीट जीतेगी, लेकिन कोई आंकड़ा बताने से परहेज किया। मुख्यमंत्री सिद्दरामैया और शिवकुमार सहित कांग्रेस के नेता दावा करते रहे हैं कि राज्य में पार्टी 28 सीट में से 15 से 20 लोकसभा क्षेत्रों में जीत दर्ज करेगी। शिवकुमार, प्रदेश कांग्रेस प्रमुख भी हैं।



शिवकुमार ने यहां संवाददाताओं से कहा, ''मैंने कहा है कि एग्जिट पोल में मेरा विश्वास नहीं है। आज भी मैं यही कह रहा हूं। अभी किसी ने मुझे फोन किया और कहा कि (टेलीविजन) चैनल दिखा रहे हैं कि कर्नाटक में हमें केवल दो या तीन या चार सीट मिलेगी। हमें दोहरे अंकों में अधिक सीट मिलेगी, इंतजार करें और देखें।'' उन्होंने कहा, ''मुझे एग्जिट पोल और उनके आकलन पर कोई भरोसा नहीं है क्योंकि वे अंदरूनी इलाकों में नहीं जाते। उन्होंने कुछ लोगों से बातचीत के आधार पर ऐसा किया होगा, मुझे इस पर विश्वास नहीं है। इंडिया गठबंधन कमान संभालने के लिए तैयार है।''



## रूस ने यूक्रेन के प्रमुख बुनियादी ढांचे पर किया हमला

**कीव/वार्ता।** रूस ने यूक्रेन के महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचों पर 53 मिसाइलें दागी हैं और 47 ड्रोन हमले किये हैं। यूक्रेनी वायु सेना ने शनिवार को बताया कि रूस की ओर से शुक्रवार देर रात दागे गये 46 ड्रोन और 35 मिसाइलों को रोका गया। देश की सरकारी ऊर्जा कंपनी उक्रेनेर्गो के अनुसार इस हमले से यूक्रेन के पांच क्षेत्रों में ऊर्जा के बुनियादी ढांचे और यहां की सबसे बड़ी निजी ऊर्जा कंपनी डीटीईके के दो थर्मल पावर प्लांट को नुकसान पहुंचा तथा उनके उपकरण क्षतिग्रस्त हो गये।

## सनातन संस्कृति के गौरव के प्रतीक हैं श्री सोमनाथ : अमित शाह

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**अहमदाबाद/भाषा।** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने शनिवार को कहा कि भगवान सोमनाथ सनातन संस्कृति में गौरव के प्रतीक हैं। शाह ने कहा कि उन्होंने शुक्रवार को गुजरात में भगवान शिव के ज्योतिर्लिंग मंदिर में पूजा-अर्चना करते हुए सभी की समृद्धि की कामना की। मंदिर का प्रबंधन करने वाले श्री सोमनाथ ट्रस्ट के न्यासियों में से एक शाह ने शुक्रवार शाम को 'ध्वज पूजा' की। अनुष्ठान के बाद ध्वज मंदिर के शीर्ष पर फहराया गया।

शाह ने शनिवार को सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट किया, जय श्री सोमनाथ। प्रथम ज्योतिर्लिंग श्री सोमनाथ महादेव अविरल, अमिट और अडिग सनातन संस्कृति के गौरव प्रतीक हैं। ये हमें अनेक संघर्षों के बाद भी दृढ़ रहने की प्रेरणा देते हैं। बाबा सोमनाथ के दर्शन व पूजन-अर्चन कर सभी के कल्याण व भारत की निरंतर समृद्धि की कामना की।''



शाह ने सोमनाथ जाने से पहले शुक्रवार शाम को राजकोट अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर अपने संक्षिप्त ठहराव के दौरान, पिछले शनिवार को टीआरपी गेम जोन में लगी भीषण आग के बाद की गई कार्रवाई का जायजा लिया, जिसमें 27 लोगों की जान चली गई थी।

### मतदान



पटना साहिब लोकसभा सीट से भाजपा उम्मीदवार रविशंकर प्रसाद अपने परिवार के सदस्यों के साथ शनिवार को पटना में एक मतदान केंद्र पर संसदीय चुनाव के अंतिम चरण के लिए वोट डालने के बाद अमिट स्याही लगी अपनी उंगली दिखाते हुए।

## दो चक्रवाती प्रणालियों के कारण केरल और असम में आई गंभीर बाढ़

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** केंद्रीय जल आयोग (सीडब्ल्यूसी) ने कहा है कि केरल और असम में गंभीर बाढ़ दो चक्रवाती प्रणालियों के कारण आई है। इसने इस संबंध में निरंतर निगरानी और तैयारी के लिए परामर्श जारी किया है।


आयोग ने अपनी बाढ़ स्थिति रिपोर्ट जारी की है, जिसमें भारत के विभिन्न क्षेत्रों में महत्वपूर्ण वर्षा और इसके परिणामस्वरूप गंभीर बाढ़ की स्थिति का विवरण दिया गया है। इसमें केरल और असम को सबसे अधिक प्रभावित बताया गया है।



अरुणाचल प्रदेश के ऊपर बनी एक चक्रवाती स्थिति और बंगाल की खाड़ी से आने वाली तेज़ हवाएं असम, मेघालय और सिक्किम जैसे पूर्वोत्तर राज्यों में भारी बारिश लेकर आई हैं। दक्षिण केरल के अपतटीय क्षेत्र में एक चक्रवात उत्पन्न होने के कारण केरल में भारी वर्षा हुई है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने और अधिक भारी बारिश का पूर्वानुमान जताया है, जिसकी वजह से दोनों क्षेत्रों में नदियां उफान पर हैं।

परामर्श में कहा गया है कि असम में सुबनसिरी, जियाभराली और कोपिली जैसी प्रमुख नदियों में उफान से तिनसुकिया, दरांग और नलबाड़ी जैसे जिले प्रभावित हो रहे हैं। हालांकि बराक जैसी कुछ नदियों में जलस्तर में कमी देखी जा रही है,

## सहज स्मृति योग



व्यक्ति के मन में जो आध्यात्मिक प्रश्न उठते हैं उनका इस स्तंभ में समाधान प्रस्तुत करने का काम कर रहे हैं गुरुजी श्री नंदकिशोर तिवारी। व्यक्ति की पृष्ठभूमि चाहे किसी भी मत, सम्प्रदाय, मज़हब से हो, सहज स्मृति योग का सरोकार मनुष्य के मात्र आत्मवान होने से है। इसलिए सहज स्मृति योग का ध्यान केवल जिज्ञासु के समाधान पर रहता है। आप भी अपनी जिज्ञासाएं guruji@darpanfoundation.com पर ईमेल या व्हाटस अप (9902912396) द्वारा भेज सकते हैं।

**प्रश्न:** गुरु जी, सामान्य तौर पर कहा जाता है कि प्रत्यक्ष को प्रमाण की क्या आवश्यकता है लेकिन मेरी स्थिति तो बड़ी विचित्र है। अपने गुरु के प्रत्यक्ष दर्शन करता हूँ पर प्रमाण चाहिए कि क्या मुझे यथार्थ दर्शन हो गए हैं?

**उत्तर:** जी, बिलकुल आपका प्रश्न अत्यंत सहज है, इसमें कोई संदेह नहीं। दर्शन तत्क्षण जीवन मुक्त करता है। दर्शन होते ही व्यक्ति तत्क्षण सर्वत्र व्याप्त अव्यक्त श्रुति में रूपांतरित हो जाता है, वह भव पार हो जाता है। तो जिस क्षण ऐसा हो जाए वही क्षण सनातन हो जाता है, वही दर्शन है, वही सतत स्मरण है, वही शिष्यत्व है, वहीं ( वही!) गुरुत्व है। वही पूर्णता है।इसके पहले तक चैतन्य में श्रुति भी स्मृति के रूप में प्रकट रहती है। स्मृति श्रुति स्वरूप नहीं होती। धि पर चिंतन कीजिए। उस सम्बन्ध पर चिंतन कीजिए जो विरोध से परे हो। उस विधि और क्रम पर चिंतन कीजिए जो यथार्थ हो। गुरु और शिष्य में कौन सा अंतर होता है तथा किसे और कहाँ इस अंतर की अनुभूति होती है, इस पर चिंतन कीजिए। सबका स्रोत कौन है, कैसा है, कहाँ है, इस पर चिंतन कीजिए। इन्हीं में से किसी न किसी में उत्तर मिल जाएगा। मिल जाता है। मिलता आया है।



### ‘इंडि’ गठबंधन एग्जिट पोल’ की चर्चा में भाग लेगा

# 295 से ज्यादा सीट जीतने का ‘इंडि’ गठबंधन ने दावा किया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** विपक्षी गठबंधन ‘इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इंक्लूसिव अलायंस’ (इंडि) के घटक दलों के नेताओं ने शनिवार को यहां ‘अनौपचारिक बैठक’ कर लोकसभा चुनाव की मतगणना से जुड़ी तैयारियों एवं रणनीति चर्चा की तथा दावा किया कि इस चुनाव में गठबंधन को 295 से अधिक सीट मिलेंगी।

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के आवास पर हुई इस बैठक में यह फैसला भी किया गया कि विपक्षी गठबंधन के घटक दल ‘एग्जिट पोल’ (चुनाव बाद सर्वेक्षण) से जुड़ी टेलीविजन चैनलों की चर्चाओं में भाग लेंगे ताकि भाजपा और उसके तंत्र को बेनकाब किया जा सके।

विपक्षी गठबंधन ने यह तय भी किया कि अपने स्थानीय नेताओं एवं कार्यकर्ताओं को यह निर्देश देंगे को चार जून को मतगणना से जुड़ी पूरी प्रक्रिया संपन्न होने तक तथा जीत का प्रमाण मिलने तक मतगणना केंद्रों पर मुश्तैद रहें।

इस गठबंधन ने निर्वाचन आयोग से रविवार को मुलाकात का समय मांगा है ताकि मतगणना से जुड़े विषयों एवं शिकायतों को उनके सामने रखने के साथ समाधान की मांग भी कर सकें। बैठक के बाद ‘इंडि’ गठबंधन दलों के नेताओं की मौजूदगी में खरगे ने संवाददाताओं से कहा, ‘‘अपने नेताओं से पूछने के बाद हमारा यह आकलन है कि ‘इंडि’ गठबंधन को कम से कम 295 सीट आएंगी...हम इससे ज्यादा सीट जीतेंगे...यह जनता का सर्वेक्षण है।’’

एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा, ‘‘ हम एक हैं, हम एक रहेंगे, हमें बांटने की कोशिश नहीं करो।’’ खरगे के अनुसार, ‘इंडि’ गठबंधन ने एग्जिट पोल से जुड़ी चर्चाओं में भाग लेने का भी फैसला किया है।

कांग्रेस के मीडिया विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने ‘एक्स’ पर पोस्ट किया, ‘‘इंडि गठबंधन की बैठक में यह निर्णय लिया गया कि एग्जिट पोल से संबंधित भाजपा व उसके तंत्र को बेनक़ाब करना आवश्यक है।एग्जिट पोल की डिबेट में भाग लेने के पक्ष और विरोध के तमाम पहलुओं पर चर्चा के पश्चात सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया है कि इंडि गठबंधन के तमाम सदस्य दल एग्जिट पोल की चर्चाओं में हिस्सा लेंगे।’’ कांग्रेस ने शुक्रवार को कहा था कि वह एक जून को एग्जिट पोल (चुनाव बाद सर्वेक्षण) से संबंधित टेलीविजन चैनलों की चर्चाओं में भाग नहीं लेगी, क्योंकि पार्टी टीआरपी के खेल का हिस्सा नहीं बनना चाहती।

बैठक में तृणमूल कांग्रेस और पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) शामिल नहीं हुईं। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के आवास ‘10 राजाजी मार्ग’ पर आयोजित इस बैठक में खरगे, कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी, राहुल गांधी, महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा और के.सी. वेणुगोपाल, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एससीपी) के प्रमुख शरद पवार, आम आदमी पार्टी के प्रमुख एवं दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल, नेशनल कॉन्फ्रेंस के फारूक अब्दुल्ला और समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव शामिल हुए।

मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के महासचिव सीताराम येचुरी, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के महासचिव डी. राजा, राष्ट्रीय जनता दल के नेता तेजस्वी यादव, द्रमुक के टी.आर. बालू, झारखंड मुक्त मोर्चा के नेता एवं झारखंड के मुख्यमंत्री चंपई सोरेन, शिवसेना (यूबीटी) के अनिल देसाई, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (माले) के नेता दीपांकर भट्टाचार्य और विकासशील इंसान पार्टी (वीआईपी) के प्रमुख मुकेश सहनी ने भी इस बैठक में भाग लिया। बिहार में सक्रिय वीआईपी पहली बार इस गठबंधन का हिस्सा बनी है।

खरगे ने बैठक का वीडियो ‘एक्स’ पर पोस्ट करते हुए कहा, ‘‘मतगणना वाले दिन की तैयारियों का जायजा लेने के लिए ‘इंडि’ के घटक दलों के नेताओं ने आज अनौपचारिक बैठक की। लड़ाई अभी खत्म नहीं हुई है और सभी दलों के नेता और कार्यकर्ता बेहद सतर्क हैं। मैं उनमें से प्रत्येक को उनकी सम्मानजनक उपस्थिति के लिए धन्यवाद देता हूं।’’

उनका कहना था, ‘‘हमने अपनी पूरी ताकत से लोकसभा चुनाव लड़ा है और सकारात्मक परिणाम को लेकर आश्वस्त हैं, क्योंकि भारत के लोगों ने हमारा समर्थन किया है। बदलेगा भारत, जीतेगा इंडि।’’ कांग्रेस ने अपनी राज्य इकाइयों को फॉर्म 17सी को लेकर सतर्क रहने को कहा है। तृणमूल कांग्रेस की प्रमुख ममता बनर्जी ने पहले ही कह दिया था कि वह इस बैठक में शामिल नहीं हो सकेंगी। पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती ने शनिवार को बैठक से पहले ‘पीटीआई-भाषा’ से कहा था, ‘‘मैं संभवत: नहीं जाऊं क्योंकि मेरी मां की आंख की सर्जरी हुई है।’’

यह बैठक उस दिन हुई जब लोकसभा चुनाव के सातवें एवं अंतिम चरण के लिए वोट पड़े। मतगणना चार जून को होगी। विपक्षी गठबंधन दावा कर रहा है कि वह भाजपा के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) को केंद्र में सत्ता में लौटने से रोकने और अपनी सरकार बनाने में सफल रहेगा। दूसरी तरफ, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाले सत्तारूढ़ गठबंधन ने भी यह दावा किया है कि वह इन चुनावों के बाद लगातार तीसरी बार केंद्र में सरकार बनाएगा।

## राहुल ने ‘अग्निपथ’ को लेकर राष्ट्रपति को पत्र लिखा, दखल का आग्रह किया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/भाषा।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने शनिवार को ‘अग्निपथ’ योजना के खिलाफ राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को पत्र लिखा और आरोप लगाया कि इस योजना के चलते वीरगति को प्राप्त होने वाले जवानों के परिवारों को दिए जाने वाले लाभ में भेदभाव हो रहा है।

राष्ट्रपति से हस्तक्षेप करने का आग्रह करते हुए उन्होंने कहा कि ‘‘इस मामले में अपवाद जरूरी है’’ क्योंकि वह भारत के सशस्त्र बलों की सर्वोच्च कमांडर हैं और यह मुद्दा राष्ट्रीय सुरक्षा को प्रभावित करता है।

राष्ट्रपति को लिखे अपने दो पन्नों के पत्र में राहुल गांधी ने कहा कि वह उन्हें देश की सेवा में अपना जीवन न्यौछावर करने वाले अग्निवीरों को ‘न्याय’ प्रदान करने की अपील के साथ लिख रहे हैं। उन्होंने अपना पत्र साझा करते हुए कहा, ‘‘नियमित सैनिकों की तुलना में हमारे मारे गए अग्निवीरों के परिवारों को दिए जाने वाले लाभों की प्रकृति और सीमा में भेदभाव पर आपको तत्काल ध्यान देने की आवश्यकता है।’’ पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा, ‘‘यह अन्याय है। यही कारण है कि कांग्रेस पार्टी और ‘इंडि’ गठबंधन के हमारे सहयोगियों ने ‘अग्निपथ’ योजना का कड़ा विरोध किया है और सरकार बनने पर इसे रद्द करने का वादा किया है।’’ पत्र में राहुल गांधी ने कहा, ‘‘मैं आपसे हस्तक्षेप करने का अनुरोध करता हूं। मैं मानता हूं कि एक राष्ट्रपति आम तौर पर नीति के मामलों में हस्तक्षेप नहीं करता है, जो निर्वाचित सरकार का क्षेत्र है। हालांकि, मेरा मानना है कि इस मामले की गंभीरता को देखते हुए इसमें एक अपवाद हो सकता है। आप भारत के सशस्त्र बलों के सर्वोच्च कमांडर हैं। आपने खुद को भारत के लोगों के कल्याण के लिए समर्पित करने की शपथ ली है।’’ उन्होंने सवाल किया कि क्या अग्निवीर शहीदों के खिलाफ यह भेदभाव राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा नहीं है? क्या यह देश के युवाओं के साथ गंभीर अन्याय नहीं है जो बहादुरी से जान जोखिम में डालकर सेवा करते हैं?

## उच्चतम न्यायालय ने लैंगिक संवेदीकरण पर समिति का पुनर्गठन किया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/भाषा।** उच्चतम न्यायालय ने अपनी लैंगिक संवेदीकरण एवं आंतरिक शिकायत समिति का पुनर्गठन किया है।

एक आधिकारिक आदेश में कहा गया है, ‘‘भारत के उच्चतम न्यायालय में लैंगिक संवेदनशीलता और महिलाओं का यौन उत्पीड़न (रोकथाम, निषेध और निवारण) विनियम, 2013 के खंड 4(2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों और इस संबंध में सभी सक्षम प्रावधानों के तहत, भारत के माननीय प्रधान न्यायाधीश ने उच्चतम न्यायालय लैंगिक संवेदीकरण एवं आंतरिक शिकायत समिति का पुनर्गठन किया है।’’

शीर्ष अदालत की न्यायाधीश हिमा कोहली 12 सदस्यीय समिति की अध्यक्ष हैं। इस समिति में न्यायमूर्ति बी वी नागरत्ना, अतिरिक्त रजिस्ट्रार सुखदा प्रीतम और वरिष्ठ अधिवक्ता मीनाक्षी अरोड़ा एवं महालक्ष्मी पावनी भी शामिल हैं।

खंड 4(2)(सी) के अनुसार, उच्चतम न्यायालय बार एसोसिएशन के प्रतिनिधि और अधिवक्ता सौम्यजीत पाणि, अधिवक्ता अनिंदिता पुजारी, मधु चौहान, प्रोफेसर श्रुति पांडे, वरिष्ठ अधिवक्ता जयदीप गुप्ता एवं मेनका गुरुस्वामी और भारत में शिकागो विश्वविद्यालय केंद्र की कार्यकारी निदेशक लेनी चौधरी समिति के सदस्यों में शामिल हैं।

## मारुति सुजुकी की बिक्री मई में दो प्रतिशत घटकर 1,74,551 इकाई पर

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** मारुति सुजुकी इंडिया (एमएसआई) की वाहन बिक्री मई में सालाना आधार पर दो प्रतिशत घटकर 1,74,551 इकाई रही है। पिछले साल समान माह में कंपनी ने वितरकों को 1,78,083 वाहनों की आपूर्ति की थी।

एमएसआई ने शनिवार को बयान में कहा कि घरेलू बाजार में यात्री वाहन खंड में उसकी बिक्री कुछ बढ़कर 1,44,002 इकाई रही, जो पिछले साल मई में 1,43,708 इकाई थी। कंपनी की ऑल्टो और एस-प्रेसो जैसी छोटी कारों की बिक्री मई में घटकर 9,902 इकाई रही, जो पिछले साल मई में 12,236 इकाई थी।

कॉम्पेक्ट कारों- बलेनो, सेलेरियो, डिजायर, इग्निस, स्विफ्ट, टूर एस और वैगन आर की बिक्री भी मई में घटकर 68,206 इकाई रह गई, जो पिछले साल इसी महीने में 71,419 इकाई थी।

बहुपयोगी वाहनों- ब्रेजा, ग्रैंड विटारा, एर्टिगा, एस-क्रॉस और एक्सएल6 की बिक्री मई में बढ़कर 54,204 इकाई हो गई, जो मई, 2023 में 46,243 इकाई थी। वैन की बिक्री मई में घटकर 10,960 इकाई रह गई, जो पिछले साल इसी महीने में 12,818 इकाई थी। हल्के वाणिज्यिक वाहन सुपर कैरी की बिक्री मई में 2,692 इकाई रही, जो पिछले साल मई में 2,888 इकाई थी। कंपनी का वाहन निर्यात मई में घटकर 17,367 इकाई रहा, जो पिछले साल इसी महीने में 26,477 इकाई था।

## अहमदाबाद में कूरियर पैकेट से 1.12 करोड़ रुपये मूल्य का गांजा जब्त

**अहमदाबाद/भाषा।** गुजरात के अहमदाबाद शहर मे पुलिस और सीमा शुल्क विभाग ने कई कूरियर पैकेट से 1.12 करोड़ रुपये मूल्य का प्रसंस्कृत गांजा जब्त किया है। एक अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि यह जब्ती अहमदाबाद शहर अपराध शाखा और सीमा शुल्क विभाग द्वारा संयुक्त अभियान में की गई। अपराध शाखा द्वारा जारी एक विज्ञप्ति के अनुसार, तस्कर ‘डार्क वेब’ और अन्य सोशल मीडिया मंचों का उपयोग करके कूरियर के माध्यम से तस्करी कर रहे थे। ‘डार्क वेब’ इंटरनेट का एक हिस्सा है जो लोगों को अन्य लोगों और कानून प्रवर्तन से अपनी पहचान छिपाने की सुविधा देता है। विज्ञप्ति में कहा गया है कि विभागों को सूचना मिली थी कि तस्कर लंच बॉक्स, खिलौने, शिशु देखभाल की वस्तुओं, कपड़ों, हेडफोन, एयर प्यूरीफायर आदि में नशीले पदार्थों को छिपाकर सीमा पार पहुंचाने के लिए डार्क वेब और अन्य सोशल मीडिया मंचों का उपयोग कर रहे हैं। इसमें कहा गया है कि एक संयुक्त टीम ने कई कूरियर पार्सल की पड़ताल की, जिनमें 3.75 किलोग्राम उच्च गुणवत्ता वाली प्रसंस्कृत गांजा था, जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत 1.12 करोड़ रुपये है। अपराध शाखा ने शुक्रवार को स्वापक औषधि एवं मन:प्रभावी पदार्थ अधिनियम, 1985 के प्रासंगिक प्रावधानों के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस ने विज्ञप्ति में कहा है कि कूरियर पैकेट पर दिए गए पते और नंबर झूठे थे, जिससे उनका पता लगाना बेहद मुश्किल हो गया है।

## तेलंगाना में भेड़ वितरण योजना घोटाले में दो अधिकारी गिरफ्तार

**हैदराबाद/भाषा।** तेलंगाना के भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने पूर्ववर्ती भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) की सरकार के दौरान भेड़ वितरण योजना में कथित अनियमितताओं के संबंध में तत्कालीन पशुपालन मंत्री के पूर्व विशेष कार्य अधिकारी (ओएसडी) और एक अन्य अधिकारी को गिरफ्तार किया है।

एसीबी ने शुक्रवार को एक विज्ञप्ति में कहा कि तेलंगाना राज्य पशुधन विकास एजेंसी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी सबावत रामचंदर और पूर्व पशुपालन मंत्री के पूर्व ओएसडी गुंडामाराजू कल्याण कुमार को गिरफ्तार कर लिया गया है। इन पर कथित तौर पर निजी व्यक्तियों के साथ मिलकर साजिश रचने और अपने कर्तव्यों के निर्वहन में घोर उल्लंघन करने का आरोप है। ऐसा आरोप है कि उन्होंने भेड़ों की खरीद के लिए जारी सभी निर्देशों का उल्लंघन किया और खरीद प्रक्रिया में जानबूझकर निजी व्यक्तियों को शामिल किया।

दोनों अधिकारियों और निजी व्यक्तियों ने अवैध रूप से अनुचित लाभ प्राप्त किया और सरकारी खजाने को गलत तरीके से नुकसान पहुंचाया और इस तरह 2.10 करोड़ रुपये के सरकारी धन का दुरुपयोग किया। मामले की जांच जारी है।

## भाजपा नेता विजय गोयल ने अरविंद केजरीवाल के लिए एंबुलेंस भेजी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com




**नई दिल्ली/भाषा।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता विजय गोयल ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को चिकित्सा जांच के लिए अस्पताल ले जाने के वास्ते शनिवार को एक एंबुलेंस भेजी।

आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक केजरीवाल ने दावा किया था कि वह गंभीर बीमारियों से ग्रस्त हो सकते हैं। उन्होंने 26 मई को इस आधार पर अपनी अंतरिम जमानत बढ़ाने का अनुरोध करते हुए उच्चतम न्यायालय का रुख किया था कि उन्हें ‘पीईटी-सीटी’ स्कैन समेत कुछ चिकित्सा परीक्षण करवाने हैं। उन्होंने अपनी अर्जी में दावा किया था कि जेल में उनका वजन सात किलोग्राम घट गया और उनका ‘कीटोन’ स्तर भी ‘बहुत अधिक’ है। उनका कहना था कि यह गंभीर बीमार का संकेत हो सकता है। पुलिस ने आज एंबुलेंस और गोयल को यहां सिविल लाइंस क्षेत्र स्थित मुख्यमंत्री निवास पहुंचने से पहले रोक दिया। शीर्ष अदालत ने 10 मई को केजरीवाल को 21 दिनों की अंतरिम जमानत दी थी, ताकि वह लोकसभा चुनाव में प्रचार अभियान में हिस्सा ले पायें। केजरीवाल को कथित आबकारी नीति घोटाले से जुड़े एक धनशोधन मामले में गिरफ्तार किया गया था।

उच्चतम न्यायालय ने निर्देश दिया था कि केजरीवाल आखिरी चरण के चुनाव के एक दिन बाद दो जून को आत्मसमर्पण करेंगे।

गोयल ने आरोप लगाया कि केजरीवाल लोगों की सहानुभूति पाने के लिए अपने स्वास्थ्य मुद्दों का हवाला देकर ‘नौटंकी कर रहे’ हैं। उन्होंने संवाददाताओं से कहा, ‘‘यह एंबुलेंस केजरीवाल को ऐसी किसी भी अस्पताल में ले जाने के लिए थी, जहां दो से चार घंटे के अंदर उसके सारे परीक्षण हो सकें।’’

पूर्व केंद्रीय मंत्री गोयल ने कहा कि अगर मुख्यमंत्री को अपने स्वास्थ्य की चिंता है तो उन्हें ‘नौटंकी’ बंद करना चाहिए तथा जांच कराने के लिए उनके साथ चलना चाहिए।

## ‘इंडिगो’ की उड़ान को बम की धमकी के बाद आपात स्थिति में उतारा गया

**मुंबई/भाषा।** विमानन कंपनी ‘इंडिगो’ की चेन्नई से मुंबई आ रही एक उड़ान को बम की धमकी मिलने के बाद शनिवार को यहां ‘‘पूर्ण आपात’’ स्थिति में उतारा गया। सूत्रों ने यह जानकारी दी। इस उड़ान में 172 लोग सवार थे। एक सूत्र ने बताया कि विमान सुबह करीब 8.45 बजे उतरा और यात्रियों को सीढ़ी का इस्तेमाल करके विमान से उतारा गया।

‘इंडिगो’ के विमान में बम की धमकी मिलने की पिछले एक सप्ताह में यह दूसरी घटना है। इससे पहले 28 मई को दिल्ली से वाराणसी जा रही ‘इंडिगो’ की एक उड़ान में बम होने की धमकी मिली थी। सूत्र ने कहा, ‘‘चेन्नई से मुंबई आ रही ‘इंडिगो’ की उड़ान संख्या 6ई5314 के लिए शनिवार को उस समय पूर्ण आपात स्थिति घोषित की गई, जब विमान चालक ने मुंबई एटीसी को विमान में कथित रूप से बम होने की धमकी की सूचना दी।’’ चेन्नई से मुंबई आ रही उड़ान में कथित रूप से बम की धमकी की पुष्टि करते हुए ‘इंडिगो’ ने एक बयान में कहा, ‘‘मुंबई उतरने के बाद चालक दल ने प्रोटोकॉल का पालन किया और विमान को सुरक्षा एजेंसी के दिशा-निर्देशों का पालन करते हुए दूरस्थ स्थान पर ले जाया गया।’’

## जमानत अवधि समाप्त होने के बाद भी अदालत से राहत नहीं मिलने पर केजरीवाल आज फिर जेल जाएंगे

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/भाषा।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल 21 दिन की रिहाई के बाद आबकारी नीति मामले में दो जून को तिहाड़ जेल में वापस जायेंगे क्योंकि शहर की एक अदालत ने चिकित्सा के आधार पर अंतरिम जमानत के अनुरोध वाली उनकी याचिका पर शनिवार को अपना आदेश सुरक्षित रख लिया।

जेल अधिकारियों के समक्ष आत्मसमर्पण करने से एक दिन पहले केजरीवाल ने आज सुबह अपने आवास पर आम आदमी पार्टी की राजनीतिक मामलों की समिति की बैठक की। इसके बाद उन्होंने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के आवास पर ‘इंडि’ गठबंधन की बैठक में भाग लिया। लोकसभा चुनाव में प्रचार के लिए उच्चतम न्यायालय द्वारा दी गई अंतरिम जमानत पर केजरीवाल को 10 मई को जेल से रिहा किया गया था। केजरीवाल ने शुक्रवार को कहा था कि वह रविवार को जेल अधिकारियों के समक्ष आत्मसमर्पण करने के लिए दोपहर करीब तीन बजे रवाना होंगे। राष्ट्रीय राजधानी स्थित एक अदालत ने कथित आबकारी नीति घोटाले से जुड़े धनशोधन मामले में अंतरिम जमानत की मांग करने वाली मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की याचिका पर शनिवार को अपना फैसला पांच जून तक के लिए सुरक्षित रख लिया।

## पुणे कार दुर्घटना : पुलिस ने नाबालिग से की पूछताछ, उसकी मां को किया गिरफ्तार

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**पुणे/भाषा।** पुणे पुलिस ने ‘पोर्श’ कार दुर्घटना मामले में नाबालिग आरोपी की मां को गिरफ्तार कर लिया है। उसे आज अदालत में पेश किया जा सकता है। शहर के पुलिस आयुक्त अमितेश कुमार ने शनिवार को यह जानकारी दी। नाबालिग की मां को इस बात की पुष्टि होने के बाद गिरफ्तार किया गया कि किशोर के रक्त नमूने उसके रक्त नमूने से बदले गए थे।

पुलिस ने अपनी जांच के तौर पर नाबालिग से उसकी मां की मौजूदगी में उस सुधार गृह में एक घंटे तक पूछताछ की जहां उसे पांच जून तक रखा गया है।

पुलिस आयुक्त अमितेश कुमार ने दुर्घटना की जांच का हवाला देते हुए बताया कि किशोर के रक्त नमूने उसकी मां के रक्त नमूने से बदले गए थे। पुलिस ने दो दिन पहले एक स्थानीय अदालत में कहा था कि किशोर के रक्त के नमूने एक महिला के रक्त के नमूने से बदले गए थे।

अतिरिक्त पुलिस आयुक्त (अपराध) शैलेश बलकवडे ने पुलिस के नाबालिग से पूछताछ करने से पहले कहा, ‘‘हम नाबालिग से उसकी मां की मौजूदगी में सुधार गृह के भीतर पूछताछ करेंगे।’’

किशोर न्याय बोर्ड (जेजेबी) ने नाबालिग से पूछताछ करने के लिए शुक्रवार को पुलिस को अनुमति दी थी। किशोर न्याय अधिनियम के तहत किसी नाबालिग से पूछताछ उसके माता-पिता की उपस्थिति में ही की जा सकती है। पुणे के कल्याणी नगर में 19 मई को ‘पोर्श’ कार के 17 वर्षीय चालक ने मोटरसाइकिल सवार दो सॉफ्टवेयर इंजीनियर को कथित रूप से टक्कर मार दी थी जिससे दोनों की मौत हो गयी थी।



पुलिस ने दावा किया कि आरोपी नशे की हालत में कार चला रहा था। मामले में नाबालिग के पिता एवं रियल एस्टेट कारोबारी विशाल अग्रवाल और दादा सुरेंद्र अग्रवाल को परिवार के वाहन चालक का कथित तौर पर अपहरण करने और उस पर हादसे की जिम्मेदारी लेने का दबाव बनाने के लिए गिरफ्तार किया गया है। शुक्रवार को एक अदालत ने नाबालिग के पिता और दादा को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया। उनकी पुलिस हिरासत की अवधि समाप्त हो गयी थी। पुलिस ने नाबालिग के रक्त नमूने बदलने के आरोप में ससून जनरल हॉस्पिटल के फॉरेंसिक चिकित्सा विभाग के प्रमुख डॉ. अजय तावड़े, चिकित्सा अधिकारी डॉ. श्रीहरि हलनोर और कर्मचारी अतुल घाटकाम्बले को गिरफ्तार किया था। पुलिस का आरोप है कि उन्होंने यह दिखाने के लिए रक्त के नमूने बदले कि आरोपी दुर्घटना के वक्त नशे की हालत में नहीं था। पुलिस के अनुसार, शराब की जांच के लिए नमूने एकत्रित किए जाने के दौरान विशाल अग्रवाल और गिरफ्तार चिकित्सकों में से एक डॉ. अजय तावड़े के बीच फोन पर कई बार बातचीत हुई थी।

पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने पहले बताया था कि डॉ. हलनोर और घाटकाम्बले को रक्त नमूने बदलने के लिए डॉ. तावड़े से कुल तीन लाख रुपये मिले थे। पुलिस ने रक्त नमूनों की कथित तौर पर अदला-बदली के संबंध में विशाल अग्रवाल की हिरासत के लिए शुक्रवार को एक अर्जी दायर की। जेजेबी ने 19 मई को दुर्घटना के कुछ घंटों बाद रियल एस्टेट कारोबारी विशाल अग्रवाल के नाबालिग बेटे को जमानत दे दी थी। उसने नाबालिग से सड़क दुर्घटनाओं पर 300 शब्दों का एक निबंध लिखने को कहा था जिसकी काफी आलोचना हुई।

देशभर में आलोचना के बीच पुलिस ने फिर जेजेबी का रुख किया जिसने आदेश में बदलाव किया और नाबालिग को पांच जून तक सुधार गृह में भेज दिया। जेजेबी के एक सदस्य द्वारा नाबालिग को जमानत दिए जाने के बाद महाराष्ट्र सरकार ने जेजेबी के उन सदस्यों के आचरण की जांच के लिए एक समिति गठित की, जिनकी नियुक्ति राज्य सरकार द्वारा की गई थी। समिति यह भी देखेगी कि पुणे कार दुर्घटना मामले में आदेश देते वक्त क्या नियमों का पालन किया गया। महिला एवं बाल विभाग के आयुक्त प्रशांत नारनवरे ने पहले बताया था कि एक उपायुक्त की अध्यक्षता वाली यह समिति अगले सप्ताह तक अपनी रिपोर्ट सौंपेगी।





# अदालत ने राहुल को 7 जून को पेश होने को कहा, सिद्दरामैया व शिवकुमार को जमानत

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। भाजपा द्वारा दायर मानहानि के एक मामले में यहां की एक अदालत ने शनिवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी को पेश होने का निर्देश दिया और इस मामले में कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्दरामैया तथा उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार को जमानत दे दी। इस मामले के संबंध में राहुल गांधी को सात जून को अदालत में पेश होने को कहा गया है। कथित झूठे विज्ञापनों पर मानहानि का मुकदमा भाजपा महासचिव केशव प्रसाद ने दायर किया था।

सिद्दरामैया और शिवकुमार बेंगलूरु में जनप्रतिनिधियों के लिए विशेष अदालत के समक्ष व्यक्तिगत रूप से पेश हुए, जबकि गांधी, जिन्हें उपस्थित होना था, पेश नहीं हुए। भाजपा के अधिवक्ताओं ने आपत्ति जताई और कहा कि गांधी को दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 205 के तहत छूट नहीं दी जानी चाहिए क्योंकि वह दूसरी बार उपस्थित नहीं हुए हैं। कांग्रेस के अधिवक्ताओं ने तर्क दिया कि गांधी नई दिल्ली में विपक्षी गठबंधन 'इंडि' की बैठक में भाग ले रहे थे और वह लोकसभा चुनाव में भी उम्मीदवार हैं। उन्होंने अदालत से शनिवार की सुनवाई से छूट मांगी और वादा किया कि कांग्रेस नेता अगली तारीख पर मौजूद रहेंगे। अदालत ने गांधी को छूट देते हुए उन्हें सात जून को अदालत के समक्ष उपस्थित होने का निर्देश दिया।

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने यह आरोप लगाते हुए मानहानि का मामला दर्ज कराया था कि इन कांग्रेस नेताओं ने तत्कालीन मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई समेत भाजपा नेताओं के खिलाफ झूठे विज्ञापन दिये। सभी लोक निर्माण कार्यों में 40 प्रतिशत कमीशन लेने का आरोप लगाते हुए कांग्रेस ने पिछली सरकार के खिलाफ भ्रष्टाचार 'रेट कार्ड' भी प्रकाशित किया था। शिकायतकर्ता ने कांग्रेस पार्टी पर पूर्ववर्ती भाजपा सरकार के खिलाफ बदनाम करने वाला अभियान चलाने का आरोप लगाया।

पत्रकारों से बात करते हुए सिद्दरामैया ने कहा कि वे एक निजी शिकायत के सिलसिले में अदालत में पेश हुए थे। उन्होंने मामले को दीवानी मामला बताया और कानून के प्रति अपनी प्रतिबद्धता पर बल दिया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि केपीसीसी अध्यक्ष शिवकुमार और राहुल गांधी भी इस मामले में शामिल हैं। तीनों नेताओं ने इस मामले से संबंधित अदालती पेशी से बचने के लिए स्थायी रोक का अनुरोध किया है। इस बीच, मीडियाकर्मियों को संबोधित करते हुए शिवकुमार ने कहा कि कांग्रेस पार्टी के विज्ञापन भाजपा नेताओं द्वारा दिए गए बयानों पर आधारित हैं, जिनकी मीडिया में रिपोर्ट आई है। उन्होंने कहा कि पार्टी कानूनी चुनौती से निपटने के लिए तैयार है तथा उन्होंने भाजपा नेताओं के उन दावों का भी उल्लेख किया कि उन्हें मुख्यमंत्री पद तथा अन्य पदों के लिए भारी भरकम भुगतान किया गया है।

महिला अपहरण मामला

## भवानी रेवन्ना से पूछताछ नहीं कर सकी एसआईटी



दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

हासन। कर्नाटक पुलिस के विशेष जांच दल (एसआईटी) ने शनिवार को कहा कि वह जनता दल (सेक्युलर) के निलंबित नेता प्रज्ज्वल रेवन्ना की मां भवानी रेवन्ना से महिला के अपहरण मामले में पूछताछ नहीं कर सका क्योंकि वह जिले के होलेनरसीपुरा स्थित अपने आवास पर मौजूद नहीं थीं। एसआईटी ने बृहस्पतिवार को भवानी को नोटिस जारी कर उन्हें एक जून को सुबह 10 बजे से शाम पांच बजे तक अपने घर पर मौजूद रहने को कहा था क्योंकि हासन के सांसद प्रज्ज्वल रेवन्ना के खिलाफ यौन शोषण के आरोपों से जुड़े मामले में उनसे पूछताछ की जानी है।

आज जब एसआईटी की टीम भवानी के आवास 'चेन्नम्बिका निलय' पहुंची तो वह वहां मौजूद नहीं थीं। सूत्रों के अनुसार, एसआईटी अब उनकी तलाश करने के लिए टीम गठित करने पर विचार कर रही है। इस बीच, सूत्र ने बताया कि कई महिलाओं के यौन शोषण के आरोपों के सिलसिले में गिरफ्तारी के बाद एसआईटी की हिरासत में भेजे गए प्रज्ज्वल ने उनके खिलाफ लगे आरोपों से इनकार किया है। प्रज्ज्वल के पिता एवं होलेनरसीपुरा के विधायक एच.डी. रेवन्ना अपहरण के इस मामले में जमानत पर बाहर हैं।

## बिल का भुगतान नहीं किए जाने से परेशान ठेकेदार ने की आत्महत्या

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

दावणगेरे। कर्नाटक में राज्य सरकार के एक निकाय के लिए किए गए काम के बिलों का भुगतान न होने के कारण एक ठेकेदार ने कथित तौर पर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी।

पुलिस के मुताबिक, पी.एस. गौदर (48) नामक ठेकेदार ने 27 मई को आत्महत्या की और एक सुसाइड नोट छोड़ा, जिसमें उन्होंने अपने भाइयों सहित अपने परिवार के सदस्यों और कर्नाटक ग्रामीण अवसंरचना विकास लिमिटेड (केआरआईडीएल) को अपनी मौत के लिए जिम्मेदार ठहराया। गौदर ने सुसाइड नोट में आरोप लगाया कि उसके परिवार के सदस्यों ने पैतृक संपत्ति के मामले को लेकर उसे मानसिक तनाव दिया।

इसके अलावा, गौदर को चन्नागिरी तालुक के संतेबेन्नूर में कृषि विभाग के परिसर में उनके द्वारा पूरे किए गए कार्यों के बिलों का भुगतान न किए जाने के कारण भी वित्तीय नुकसान उठाना पड़ा था। यह कार्य पिछले वर्ष केआरआईडीएल द्वारा उन्हें सौंपा गया था। ठेकेदार ने सुसाइड नोट में कहा कि दोनों ही मुद्दों ने कथित तौर पर उन्हें यह कदम उठाने के लिए मजबूर किया। हालांकि, पुलिस सत्यापन से पता चला है कि गौदर लाइसेंसधारी ठेकेदार नहीं थे।

गौदर के सुसाइड नोट और उनकी पत्नी की शिकायत के आधार पर उनके परिवार के सदस्यों और केआरआईडीएल के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 306 (आत्महत्या के लिए उकसाना) के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस के एक अधिकारी ने कहा, हम उनके द्वारा लगाए गए आरोपों की जांच कर रहे हैं और तथ्यों की पुष्टि कर रहे हैं। हमारी जांच जारी है।

इस बीच, ग्रामीण विकास एवं पंचायत राज मंत्री प्रियांक खरगे ने कहा कि उन्होंने निगम के खिलाफ इन आरोपों की जांच करने और रिपोर्ट सौंपने के लिए वरिष्ठ अधिकारियों की एक समिति गठित करने का आदेश दिया है। प्रियांक खरगे ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, मैंने एसीएस (अतिरिक्त मुख्य सचिव), आरडीपीआर (ग्रामीण विकास और पंचायत राज विभाग) को केआरआईडीएल पर लगे इन आरोपों की जांच करने और रिपोर्ट प्रस्तुत करने के लिए वरिष्ठ अधिकारियों की एक समिति बनाने का निर्देश दिया है।

## प्रज्ज्वल रेवन्ना को कठोर सजा मिले, वो माफी के लायक नहीं : प्रह्लाद जोशी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



हुब्बल्ली। केंद्रीय मंत्री प्रल्हाद जोशी का कहना है कि जेडी-एस सांसद और कथित सेक्स वीडियो कांड का मुख्य आरोपी प्रज्ज्वल रेवन्ना माफी के लायक नहीं हैं। केंद्रीय मंत्री ने हुब्बल्ली में पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि अधिकारियों को सख्त जांच सुनिश्चित करनी चाहिए और प्रज्ज्वल रेवन्ना को कठोर से कठोर सजा मिलनी चाहिए। उन्होंने कहा कि उन्हें नहीं पता कि प्रज्ज्वल रेवन्ना ने राज्य के लोगों से माफी क्यों मांगी है। हालांकि, प्रज्ज्वल रेवन्ना माफी के लायक नहीं हैं। प्रज्ज्वल रेवन्ना ने गिरफ्तारी से पहले जारी एक वीडियो में अपने परिवार और राज्य के लोगों से माफी मांगी थी। उन्होंने कहा कि प्रज्ज्वल का पेन ड्राइव मामला बहुत घिनौना है। उन्होंने अब तक जो व्यवहार किया है, वह माफी के योग्य नहीं है। यह एक गंभीर और भयानक अपराध है। इसलिए कानून के अनुसार, उन्हें सजा मिलनी चाहिए। यह भाजपा का स्पष्ट रुख है। भारतीय न्याय व्यवस्था शक्तिशाली है। जांच तेजी से होनी चाहिए और प्रज्ज्वल को कठोर से कठोर सजा मिलनी चाहिए। बताया गया है कि प्रज्ज्वल रेवन्ना जांच में अधिकारियों के साथ सहयोग नहीं कर रहे हैं। एसआईटी अब उस 'लापता' मोबाइल फोन की तलाश कर रही है जिसका इस्तेमाल आरोपी ने कथित तौर पर पीड़ितों के साथ यौन कृत्यों और मारपीट को रिकॉर्ड करने के लिए किया था। सूत्रों ने बताया है कि मोबाइल फोन की बरामदगी अधिकारियों के लिए जांच का केंद्र बन गई है। पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवेगौड़ा के पोते प्रज्ज्वल रेवन्ना अधिकारियों के सवालों के जवाब देने से बच रहे हैं।

चुनाव के नतीजों के बारे में बात करते हुए प्रल्हाद जोशी ने कहा कि वे पिछले चुनाव से ज्यादा वोटों के अंतर से जीतेंगे। प्रल्हाद जोशी धारवाड़ से बीजेपी के उम्मीदवार हैं।

## भाजपा ने कर्नाटक के अवैध धनराशि अंतरण मामले की एसआईटी जांच खारिज की, सीबीआई जांच की मांग की

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने कर्नाटक महर्षि वाल्मीकि अनुसूचित जनजाति विकास निगम लिमिटेड से जुड़े अवैध धनराशि अंतरण मामले की विशेष जांच दल (एसआईटी) द्वारा जांच को खारिज कर दिया है तथा मांग की है कि यह हमला केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) को सौंपा जाए। पार्टी ने इस मामले में अनुसूचित जनजाति मंत्री बी नागेंद्र के खिलाफ लगे आरोपों को लेकर उनकी तत्काल बर्खास्तगी की भी मांग की। राज्य सरकार ने इस मामले की जांच कराने के लिए शुक्रवार को अपराध जांच विभाग के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (आर्थिक अपराध) मनीष खारबिकर के नेतृत्व में चार सदस्यीय एक एसआईटी टीम बनायी थी। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष विजयेंद्र येडीयुरप्पा ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, मैं पारदर्शिता की खातिर तथा असली अपराधियों के वास्ते कानून मुताबिक दंड सुनिश्चित कराने के लिए सीबीआई जांच की जोरदार मांग करता हूं और एसआईटी जांच को खारिज करता हूं। हम आरोपी मंत्री बी नागेंद्र को मंत्रिमंडल से तत्काल बर्खास्त करने की भी मांग करते हैं।''

अवैध धनराशि अंतरण मामला निगम के लेखा अधीक्षक चंद्रशेखर पी द्वारा 26 मई को आत्महत्या कर लिये जाने के बाद सामने आया। चंद्रशेखर ने मरने से पहले एक नोट लिखा था। नोट में खुलासा किया गया है कि निगम के बैंक खाते से 187 करोड़ रुपये का अनधिकृत अंतरण किया गया तथा उसमें से 88.62 करोड़ रुपये 'जानी-पहचानी' आईटी कंपनियों एवं हैदराबाद के एक सहकारी बैंक के खातों में अवैध तरीके से डाले गये।

चंद्रशेखर ने नोट में निगम के अब निलंबित प्रबंध निदेशक जे एच पद्मनाभ, लेखा अधिकारी परशुराम जी दुरूगन्नवार, यूनियन बैंक ऑफ इंडिया की मुख्य प्रबंधक सुचिस्मिता रावल के नामों का उल्लेख किया है। उन्होंने नोट में कहा है कि मंत्री ने धनराशि अंतरण का मौखिक आदेश दिया था। कर्नाटक की कांग्रेस सरकार पर निशाना साधते हुए विजयेंद्र ने सवाल किया, क्या सिद्दरामैया सरकार इस सरकार में होने वाले भ्रष्टाचार के प्रतिशत के आकलन एवं उसपर स्पष्टीकरण की परवाह करती है? मंजूर धनराशि 187 करोड़ रुपये में से 87 करोड़ रुपये - बिल्कुल आधा? महर्षि वाल्मीकि अनुसूचित जनजाति विकास निगम के मृत कर्मी द्वारा उजागर किया गया व्यापक भ्रष्टाचार इस भयंकर समस्या का एक महज छोटा सा 'अंश' है।

## पेंट फैक्टरी में आग लगने की घटना में मृतक संख्या बढ़कर चार हुई

चेन्नई। तमिलनाडु के तिरुवल्लूर जिले की एक पेंट फैक्टरी में आग लगने की घटना में मृतक संख्या बढ़कर चार हो गई है। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन ने शनिवार को लोगों की मौत पर दुख जताया।

स्टालिन ने कहा कि दुर्घटना में चार लोगों की मौत पर उन्हें गहरा दुख है। उन्होंने कहा कि जिन परिवारों ने अपने परिजनों को खो दिया है, उन्हें सरकारी सहायता प्रदान की जाएगी। मुख्यमंत्री ने शोक संतप्त परिवारों के प्रति हार्दिक संवेदना व्यक्त की। तिरुवल्लूर जिले के कक्कलुर औद्योगिक क्षेत्र में स्थित पेंट फैक्टरी में शुक्रवार शाम को आग लगने की घटना के समय चार श्रमिक मौजूद थे। पुलिस ने बताया कि शोभना को मामूली चोटें आईं, जबकि तीन अन्य की मौके पर ही मौत हो गई।

पुलिस ने बताया कि मृतकों की पहचान चेन्नई निवासी बी सुगांथी (55), कदंबथुर निवासी बी. पार्थसारथी (51) और अंबत्तूर निवासी जी. पुष्कर (37) के रूप में हुई है।

## अवैध धन हस्तांतरण मामले में सरकार किसी का बचाव नहीं करेगी : सिद्दरामैया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



बेंगलूरु। मुख्यमंत्री सिद्दरामैया और उपमुख्यमंत्री डी. के. शिवकुमार ने शनिवार को कहा कि राज्य सरकार अवैध धन हस्तांतरण मामले में किसी का बचाव नहीं करेगी तथा कर्नाटक महर्षि वाल्मीकि अनुसूचित जनजाति विकास निगम लिमिटेड से जुड़े इस मामले में कानून के अनुसार कार्रवाई की जाएगी। राज्य में विपक्षी भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने अवैध धन हस्तांतरण मामले की केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) से जांच कराने की मांग की है। साथ ही, पार्टी ने अनुसूचित जनजाति कल्याण मंत्री बी नागेंद्र को बर्खास्त करने की भी मांग की है।

सिद्दरामैया ने मंत्री नागेंद्र से जुड़े मामले और उन्हें पद से हटाने की मांग से संबंधित एक सवाल के जवाब में संवाददाताओं से कहा, ''हम किसी को भी नहीं बचाएंगे...चाहे (मामले में शामिल) कोई भी क्यों न हो, हम कानून के अनुसार कार्रवाई करेंगे।''

धन के अवैध हस्तांतरण का यह मामला उस वक्त सामने आया था, जब निगम के लेखा अधीक्षक चंद्रशेखर पी ने 26 मई को आत्महत्या कर ली थी। उनका एक सुसाइड नोट' भी मिला था। इससे यह खुलासा हुआ था कि निगम के बैंक खाते से 187 करोड़ रुपये के अनधिकृत हस्तांतरण किया गया, और उसमें से 88.62 करोड़ रुपये अवैध रूप से विभिन्न खातों में स्थानांतरित किए गए, जो कथित तौर पर 'जानी-मानी' सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) कंपनियों और हैदराबाद स्थित एक सहकारी बैंक से संबंधित थे। चंद्रशेखर ने सुसाइड नोट में, निगम के अब निलंबित किये जा चुके प्रबंध निदेशक जे जी पद्मनाभ, लेखा अधिकारी परशुराम जी दुरुगनवर और यूनियन बैंक ऑफ इंडिया की मुख्य प्रबंधक सुचिस्मिता रावल का नाम लिया है। नोट में यह कहा गया कि मंत्री ने धनराशि हस्तांतरित करने के लिए मौखिक आदेश जारी किए थे। राज्य सरकार ने इस मामले की जांच के लिए बेंगलूरु स्थित आपराधिक जांच विभाग (सीआईडी) में आर्थिक अपराध के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक मनीष खरबीकर की अध्यक्षता में चार सदस्यीय विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन किया है।

उपमुख्यमंत्री डी.के. शिवकुमार ने कहा कि सरकार किसी को नहीं बचाएगी और मामले में शामिल किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा। शिवकुमार ने यहां संवाददाताओं से कहा, ''भाजपा राजनीति कर रही है, मैं उनसे सवाल नहीं करूंगा। भाजपा के शासनकाल में भी ऐसी चीजें हुई हैं। बसवराज बोम्मई (पूर्व मुख्यमंत्री) को इसकी जानकारी है, बाकी सभी को भी इसकी जानकारी है...हम मामले की जांच कर रहे हैं, हम किसी को नहीं बख्शेंगे।''

### अंतरराष्ट्रीय अंग तस्करी गिरोह का सरगना हैदराबाद से गिरफ्तार

कोच्चि। केरल पुलिस ने शनिवार को कहा कि उसने अंतरराष्ट्रीय अंग तस्करी गिरोह के सरगना को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस अधीक्षक (एर्णाकुलम ग्रामीण) वैभव सक्सेना ने बताया कि 41 वर्षीय बल्लमकोंडा राम प्रसाद उर्फ प्रतापन को हैदराबाद से गिरफ्तार किया गया जहां वह एक होटल में छिपा हुआ था।

पुलिस ने कहा कि आंध्र प्रदेश के विजयवाड़ा के मूल निवासी प्रतापन को केरल पुलिस की एक विशेष जांच टीम ने गिरफ्तार किया। इसने कहा कि प्रारंभिक जानकारी के अनुसार कई लोगों ने प्रतापन के माध्यम से किडनी प्रतिरोपण से संबंधित लेनदेन किया। पुलिस ने एक बयान में कहा कि अंग तस्करी के पीड़ित ग्रामीण इलाकों से थे और अंग कथित तौर पर ईरान में निकाले गए थे।

## विवेकानंद रॉक मेमोरियल से रवाना हुए प्रधानमंत्री मोदी

चेन्नई/दक्षिण भारत। तमिलनाडु के कन्याकुमारी में ध्यान मंडपम में 45 घंटे तक ध्यान लगाने के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी विवेकानंद रॉक मेमोरियल से रवाना हो गए। रवाना होने से पहले प्रधानमंत्री मोदी ने विवेकानंद रॉक मेमोरियल के पास स्थित संत और तमिल सांस्कृतिक प्रतीक तिरुवल्लुवर की प्रतिमा पर पुष्पांजलि भी अर्पित की। प्रधानमंत्री मोदी के लिए कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई थी। स्पेशल प्रोटेक्शन ग्रुप (एसपीजी) के साथ-साथ कोस्ट गार्ड भी प्रधानमंत्री की सुरक्षा में लगा था। प्रधानमंत्री मोदी हेलीपैड से एक हेलीकॉप्टर द्वारा तिरुवनंतपुरम अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे गए, जबकि दो अन्य हेलिकॉप्टर प्रधानमंत्री के साथ तिरुवनंतपुरम जाएंगे। इसके बाद तिरुवनंतपुरम से प्रधानमंत्री मोदी शाम एक विशेष विमान से नई दिल्ली के लिए उड़ान भरेंगे और शाम 7.30 बजे तक नई दिल्ली पहुंचेंगे। शनिवार को सामने आए एक नए वीडियो में प्रधानमंत्री सुबह-सुबह सूर्य को जल अर्पण और मंत्रोच्चार करते दिखे। वह हाथ में रुद्राक्ष की माला लिए विशाल शांत समुद्र को निहारते हुए मंदिर परिसर में खाली पांव घूमते नजर आए। इसके बाद वो मेमोरियल के एक हॉल में स्वामी विवेकानंद की तस्वीर के सामने ध्यान के लिए बैठ गए।

## पशु बलि वाला अनुष्ठान केरल के मंदिर में नहीं बल्कि पास में किया गया : शिवकुमार का दावा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**मैं खुलासा नहीं करना चाहता। उस (अनुष्ठान) में शामिल एक पुजारी ने मुझे कुछ जानकारी दी है। मैं राजराजेश्वर मंदिर गया हूं...मुझे पता है कि पहले मंदिर में कुछ प्रथाएं थीं, लेकिन अब वे मंदिर में नहीं हो रही हैं।**

बेंगलूरु। कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डी के शिवकुमार ने शनिवार को स्पष्ट किया कि पशुओं की बलि देने वाला 'शत्रु भैरवी यज्ञ' नामक अनुष्ठान केरल के राजराजेश्वर मंदिर में नहीं, बल्कि पास के एक निजी स्थान पर किया गया।

इस बीच, केरल सरकार ने दोहराया कि राज्य के उत्तरी हिस्से में किसी मंदिर के पास कोई पशु बलि नहीं दी गई, जैसा कि शिवकुमार ने दावा किया था। शिवकुमार ने बृहस्पतिवार को दावा किया कि उन्हें, कर्नाटक मुख्यमंत्री सिद्दरामैया और राज्य की कांग्रेस सरकार को निशाना बनाकर शत्रु भैरवी यज्ञ केरल के राजराजेश्वर मंदिर के पास किया जा रहा है।

कर्नाटक प्रदेश कांग्रेस प्रमुख शिवकुमार ने किसी का नाम लिए बिना आरोप लगाया कि राज्य में कुछ राजनीतिक लोग इसे करवा रहे हैं और इसके लिए अघोरियों से सलाह ली जा रही है। केरल सरकार द्वारा उनके (शिवकुमार के) दावों की जांच किए जाने के बारे में पूछे गए सवाल के जवाब में शिवकुमार ने शनिवार को संवाददाताओं से कहा, मैं आपको बता रहा हूं, मंदिर के प्रति मेरे मन में बहुत सम्मान है...मैंने यह नहीं कहा कि मंदिर में कोई अनुष्ठान हुआ था। मंदिर में कुछ भी नहीं हुआ है, मैं जानता हूं। यह मंदिर के पास ही एक निजी स्थान है, जहां कुछ हुआ है। मुझे यही जानकारी मिली है।

सटीक स्थान के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा, मैं खुलासा नहीं करना चाहता। उस (अनुष्ठान) में शामिल एक पुजारी ने मुझे कुछ जानकारी दी है। मैं राजराजेश्वर मंदिर गया हूं...मुझे पता है कि पहले मंदिर में कुछ प्रथाएं थीं, लेकिन अब वे मंदिर में नहीं हो रही हैं। लेकिन उनमें से कुछ लोग इसे (बाहर) करने की कोशिश कर रहे हैं। उन्हें (सरकार को) जांच करने दें। मुझे बहुत सी चीजें पता हैं, लेकिन मैं चीजों का खुलासा नहीं करना चाहता। उन्होंने कहा, मैं केरल के सभी मंदिरों का सम्मान करता हूं, यह भगवान की अपनी भूमि है। हम उनका सम्मान करते हैं। कुछ लोगों ने गलत समझा है। मैं केरल या देश में कहीं भी किसी की भावनाओं को ठेस नहीं पहुंचाना चाहता। केरल के देवस्वओम मंत्री के. राधाकृष्णन ने शनिवार को कहा, हमने दावे की जांच की और मालाबार देवस्वओम बोर्ड से भी संपर्क किया। हमें जो प्रारंभिक रिपोर्ट मिली है, उसमें कहा गया है कि मंदिर में या उसके आसपास ऐसा कुछ नहीं हुआ है। देवस्वओम बोर्ड ने भी इसकी पुष्टि की है।

शिवकुमार के बयान के अनुसार, उन्हें बताया गया कि शत्रु संहार के लिए शत्रु भैरवी यज्ञ किया जा रहा है। उनके अनुसार, इस यज्ञ के लिए 'पंच बलि' (पांच प्रकार की बलि) दी जा रही है...21 बकरियां, तीन भैंसें, 21 काली भेड़ें, पांच सूअर...अघोरियों से संपर्क किया जा रहा है। यह चल रहा है।



# मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने गिर्राज महाराज के किए दर्शन

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

भरतपुर। राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा गिर्राज महाराज के दर्शन करने शुक्रवार देर रात्रि को डीग जिले के गांव पूछरी पहुंचे। जहां उन्होंने पूछरी का लौठा मंदिर और मुखारबिंद मंदिर पहुंच दर्शन किए। रात्रि विश्राम कर सुबह श्री नाथ जी मन्दिर पहुंच मंगला आरती में शामिल हुए। गिर्राज तलहटी में मौजूद दाऊजी मन्दिर पहुंच दर्शन करने के बाद बंदरो को चना, केला और पक्षियों को अनाज डाला। उसके बाद सीएम ने श्री नाथ जी मंदिर और मुखारविंद मंदिर में पहुंच दुग्धाभिषेक किया। दोनों मंदिरों में पंडितों के द्वारा मंत्रोचारण और पंचामृत से दुग्धाभिषेक कराया। सीएम भजनलाल शर्मा ने गिर्राज महाराज के दर्शन कर देश प्रदेश की खुशहाली की कामना की। गिर्राज महाराज के दर्शन के बाद उनको भरतपुर स्थित लुधाबई हनुमान जी के दर्शन भी करने थे लेकिन जयपुर में मीटिंग होने के चलते वह सीधे गिर्राज महाराज के दर्शन कर जयपुर निकल गए। सीएम भजनलाल शर्मा का कहना है कि मै गिर्राज जी आता रहता हूं और गिर्राज जी से देश और प्रदेश में सुख शांति बनी रहे और हमार देश प्रदेश आगे बढ़े देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश ऊंचाईयो को छुए। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में बीजेपी की केंद्र में तीसरी बार बड़े बहुमत के साथ सरकार आ रही है। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तीसरी बार प्रधानमंत्री की शपथ लेंगे और जनता ने जिस तरह का विश्वास और समर्थन पूरे देश के अंदर प्रकट किया है कह सकता हूं की आने वाले समय में अपना प्रदेश और देश प्रधानमंत्री ने विकसित भारत और विकसित राजस्थान की कल्पना की है आगे बढ़ेगी।

उन्होंने हीट वेब को लेकर कहा कि गिर्राज जी और इंद्रदेव भगवान से प्रार्थना है की आने वाले समय में प्रदेश के अंदर अच्छी बारिश हो किसान और आमजन खुशहाल हो। उनके द्वारा ली जा रही मीटिंगों को लेकर कहा कि मीटिंग सतत प्रक्रिया है। हमने सभी अधिकारीयो 28 और 29 को उनके प्रभार वाले जिले में भेजा था। वह सभी जगह गए है और उन्होंने वहां जाकर के बिजली ,पानी, स्वास्थ्य अन्य कही आगामी कार्य है उनके बारे में बैठक लेने के साथ औचक निरीक्षण किए है। आज पुलिस विभाग की मीटिंग है।

उन्होंने पीएम नरेंद्र मोदी को लेकर कहा कि देश के अंदर मोदी जी का विश्वास है। विश्वास इसलिए है क्योंकि देश के पीएम द्वारा 2014 के बाद गरीब कल्याण की योजनाएं, विकास और सीमाओं की सुरक्षा, आतंकवाद और नक्सलवाद का खात्मा और दुनिया में भारत का बढ़ता हुआ गौरव देश की जनता को विश्वास है कि पीएम जो कहते है वह करते है। उन्हें विश्वास कि 2024 लोकसभा चुनाव के परिणाम उनके पक्ष में आएंगे।

## शहनाज़ ने गरीब नवाज की दरगाह में पेश की चादर

अजमेर। आम आदमी पार्टी (आप) के नेता एवं दिल्ली स्टेट उर्स कमेटी सदस्य तथा राष्ट्रीय कवि शहनाज हिन्दुस्तानी ने कहा है कि दिल्ली के तख्त पर इण्डिया गठबंधन की धर्मनिरपेक्ष सरकार काबिज हो तथा देश में फिर से लोकतंत्र की बहाली हो, यही कामना है। राजस्थान के अजमेर में ख्वाजा गरीब नवाज की चौखट पहुंचे 'आप' नेता शहनाज़ हिन्दुस्तानी ने दरगाह में आस्ताने पहुंच कर मखमली चादर एवं अकीदत के फूल पेश कर दुआ की। उनके साथ दिल्ली से कंझावला वार्ड 32 के निगम पार्षद संदीप डबास, दिल्ली से अन्य पदाधिकारी जिसमें मोनू छिल्लर, टेकराम , नोशीन हिन्दुस्तानी, नसरीन हिन्दुस्तानी, आयशा नूर भी पहुंचे।

# 'अस्पताल भवन के निर्माण में उच्चतम मानक सुनिश्चित करें'

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के निदेशक जितेन्द्र सोनी ने शनिवार को कहा कि राजस्थान में जिला एवं उप-जिला अस्पताल भवनों के निर्माण में उच्चतम गुणवत्ता एवं सुरक्षा मानकों को सुनिश्चित किया जाना चाहिए। उन्होंने स्वास्थ्य मिशन के तहत कार्यान्वित की जा रही परियोजनाओं की गुणवत्ता और सुरक्षा मानकों पर चर्चा के लिए आयोजित एक कार्यशाला के दौरान यह बात कही। कार्यशाला में राज्य भर से एनएचएम इंजीनियरों के साथ-साथ ठेकेदारों के रेजिडेंट इंजीनियरों और एनएचएम के प्रबंधन सलाहकार पीडीकोर लिमिटेड ने भाग लिया।

कार्यशाला का उद्घाटन करते हुए सोनी ने परियोजनाओं की गुणवत्ता और समय पर पूरा करने पर जोर दिया। उन्होंने उद्घाटन सत्र में कहा, गुणवत्ता आश्वासन और सुरक्षा मानकों के उच्चतम मानक परियोजनाओं के लिए सर्वोपरि मानदंड हैं।

उन्होंने कहा कि कार्यशाला का उद्देश्य सभी प्रमुख हितधारकों को परियोजना गतिविधियों को समय पर पूरा करने में मदद करने के लिए परियोजना प्रबंधन प्रोटोकॉल अपनाने के साथ-साथ गुणवत्ता आश्वासन और सुरक्षा मानकों के उच्चतम मानकों को अपनाने में मदद करना है। कार्यशाला में दस्तावेजीकरण और निर्माण स्थल पर सुरक्षा के लिए प्रोटोकॉल, संरचनाओं के भूकंप प्रतिरोधी डिजाइन, निवारक जांच के लिए प्रोटोकॉल और गुणवत्ता आश्वासन के लिए प्रोटोकॉल पर चर्चा की गई।

कार्यशाला में पीडीकोर के मुख्य कार्यकारी अधिकारी दिलीप कुमार चिंगापुरथ, मालवीय राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान में राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन केंद्र के प्रमुख एसडी भारती, सार्वजनिक निर्माण विभाग के पूर्व मुख्य अभियंता अनिल नेपालिया, लोक निर्माण विभाग के पूर्व अधीक्षण अभियंता बीएल रावत भी मौजूद थे।

## सेवा



सेवा ही संगठन अभियान के तहत भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी ने शनिवार को जयपुरिया हॉस्पिटल के सामने प्रदेश मीडिया विभाग द्वारा आयोजित आमजन के सेवार्थ शीतल पेय का वितरण किया।

## राजस्थान सरकार का लापरवाही बरतने पर स्वास्थ्य विभाग के चार अधिकारियों को हटाने का आदेश

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। राजस्थान सरकार ने बीकानेर, कोटपुतली और भरतपुर के स्वास्थ्य विभाग के चार अधिकारियों को उनके पदों से हटा दिया और उन्हें पदस्थापना आदेश की प्रतीक्षा में रखा गया है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

यह कार्रवाई मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के निर्देश पर की गई, जिन्हें आज आयोजित समीक्षा बैठक में अधिकारियों के बारे में नकारात्मक प्रतिक्रिया मिली थी। अधिकारियों ने बताया कि बीकानेर के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी (सीएमओ) और बीकानेर के श्रीडूंगरगढ़ के ब्लॉक मुख्य चिकित्सा अधिकारी को ड्यूटी में लापरवाही बरतने के आरोप में हटा दिया गया है। अधिकारियों ने बताया कि उन्हें तत्काल प्रभाव से पदस्थापना आदेश की प्रतीक्षा में (एपीओ) रखा गया है। साथ ही, कोटपुतली के प्रमुख चिकित्सा अधिकारी (पीएमओ) और नदबई (भरतपुर) के पीएमओ को भी हटा दिया गया है।

चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव शुभ्रा सिंह ने बताया कि जिला प्रभारी सचिव के दौरे पर बीकानेर के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मोहित सिंह तंवर अपने कार्यालय से अनुपस्थित थे। इसी तरह श्रीडूंगरगढ़ के बीसीएमओ डॉ. जसवंत सिंह की भी ड्यूटी में लापरवाही सामने आई। अधिकारियों ने बताया कि मुख्यमंत्री ने उन्हें तत्काल प्रभाव से पद से हटाने तथा दोनों अधिकारियों को एपीओ करने के निर्देश दिए।

# झोलाछाप डॉक्टर ने ले ली प्रसूता की जान, अस्पताल को किया सीज

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



डीडवाना। जिले के नजदीकी ग्राम छोटी खाटू में एक प्रसूता की जान जाने का मामला सामने आया है। झोलाछाप डॉक्टर के इलाज करने की वजह से प्रसूता की मौत हुई है। मौत के मामले को लेकर परिजनों ने हंगामा किया, जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची और एक मामला झोलाछाप डॉक्टर के खिलाफ दर्ज कराया। मामला दर्ज होने के बाद में पुलिस झोला छाप डॉक्टर के क्लीनिक पहुंची जहां पर झोला छाप डॉक्टर मौके से फरार हो गई। वहीं पुलिस को अस्पताल के बाहर दवाइयां पर्ची कागजात जले हुए मिले। घटना के बाद चिकित्सा विभाग ने भी तुरंत कार्रवाई करते हुए झोलाछाप डॉक्टर के अस्पताल को सीज दिया।

मामले की जांच कर रहे डीएसपी धरम पूनिया ने बताया कि रुवा गांव की रहने वाली एक अनुसूचित जाति की महिला जो पेट से थी, जिसको छोटी खाटू में स्थित एक आशीर्वाद हॉस्पिटल है, उसमें जाकर एडमिट करवाया। और जो अस्पताल में डॉक्टर थी, वह डॉक्टर नहीं थी झोलाछाप थी। इसके बावजूद उसने महिला को भर्ती किया। इसके बाद महिला का इलाज शुरू किया, जिसमें महिला की तबीयत ज्यादा खराब हो गई। इसके बाद झोलाछाप डॉक्टर ने महिला को जायल के कृष्णा हॉस्पिटल के लिए रेफर कर दिया।

इसके बाद वापस जायल के अस्पताल वालों ने उसे डीडवाना रेफर कर दिया, जहां पर डॉक्टरों ने प्रसूता को मृत घोषित कर दिया। मामले को लेकर झोलाछाप डॉक्टर के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। अस्पताल में एक अन्य डॉक्टर का नाम भी बोर्ड पर अंकित था। घटना के बाद सीएमएचओ की टीम के साथ में घटनास्थल पर पहुंचे। और वह डॉक्टर नहीं थी झोलाछाप निकली। विभिन्न धाराओं में झोलाछाप के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया। झोलाछाप डॉक्टर की तलाश जारी है। अस्पताल को सीएमएचओ के मार्फत सील करवा दिया गया।

डीएसपी ने बताया कि घटनास्थल पर जब पहुंचे तो बाहर खाली स्थान पर दवाइयां व कागजात जले हुए पाए गए। अस्पताल में जब पहुंचे तो उसमें एक डॉक्टर का रूम और दो अन्य रूम बने हुए थे और जो अस्पताल में पलंग लगे होते हैं वह पलंग लगे हुए थे। एक रूम में डॉक्टर बनकर चेक करती थी और दो रूम में मरीजों को भरती करती थी। अन्य बातों से पता चला कि चला छाप डॉक्टर के खिलाफ पूर्व बच्चे कई ऐसे मामले सामने और अन्य बातों से पता चला कि इसके खिलाफ पहले भी कई गंभीर आरोप लगे हैं। यह कोई चिकित्सक वगैरा नहीं थी एमबीबीएस डॉक्टर नहीं थी। झोलाछाप डॉक्टर के रूप में अपना फर्जी क्लीनिक चला रही थी।

## जनसुनवाई के दौरान बिगड़ी मंत्री जवाहर सिंह बेढम की तबीयत

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। राजस्थान में भीषण गर्मी का दौरा जारी है। जनसुनवाई के दौरान गृहराज्यमंत्री जवाहर सिंह बेढ़म की तबीयत बिगड़ गई। शहर के एक निजी होटल में जनसुनवाई के दौरान अचानक गृह राज्यमंत्री जवाहर सिंह बेढम की तबीयत खराब हो गई। तुरंत मौके पर ही चिकित्सक को बुलाया गया। चिकित्सक ने स्वास्थ्य जांच की तो पता चला कि गृह राज्यमंत्री जवाहर सिंह का तेज गर्मी और लगातार व्यस्तता के चलते ब्लड प्रेशर बढ़ गया है। ऐसे में चिकित्सक ने मंत्री को आराम करने की सलाह दी है।

दरअसल में शुक्रवार दोपहर को शहर के सारस चौराहा स्थित एक निजी होटल में गृह राज्यमंत्री जवाहर सिंह बेढम जनसुनवाई कर रहे थे। इस दौरान अचानक उनकी तबीयत बिगड़ गई। तुरंत डॉक्टर को मौके पर बुलाया गया, जिसके बाद उन्होंने मंत्री जवाहर सिंह बेढम का ब्लड प्रेशर चेक किया, जिससे पता चला कि मंत्री का बल्ड प्रेशर बढ़ गया है। ऐसे में तुरंत उन्हें दवाई दी गई, जिसके बाद उनकी तबीयत सामान्य हुई।

डॉ. गजेंद्र ने बताया कि लगातार दौरे, जनसुनवाई, गर्मी और थकान की वजह से बीपी बढ़ गया था. मंत्री को पहले से ही ब्लड प्रेशर की समस्या थी। फिलहाल उनकी हालत ठीक है। डॉक्टर ने उन्हें ज्यादा भागा-दौड़ी नहीं करने और आराम करने की सलाह दी है। स्वास्थ्य खराब होने से पहले गृह राज्यमंत्री जवाहर सिंह ने क्षेत्रवासियों की समस्याएं सुनी। अधिकतर लोग बिजली, पानी, सिंचाई और सड़क से संबंधित समस्याओं को लेकर पहुंचे थे। मंत्री ने संबंधित अधिकारियों को फोन पर समस्याओं के निराकरण के निर्देश दिए।



# अधिकारी क्षेत्र में औचक निरीक्षण करके शिकायतों का समाधान करें : भजनलाल शर्मा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने जिला प्रभारी सचिवों को निर्देश दिए कि वे क्षेत्र में औचक निरीक्षण करके लोगों की शिकायतों का वास्तविक समाधान सुनिश्चित करें। उन्होंने निर्देश दिए कि क्षेत्र में दौरे के दौरान बिजली- पानी की समस्या समेत सभी नए और पुराने कार्यों और योजनाओं की विस्तृत समीक्षा कर आवश्यक कदम उठाए जाएं। विभिन्न जिलों के प्रभारी सचिव स्तर के अधिकारी अपने-अपने जिलों में बिजली-पानी की आपूर्ति की व्यवस्था और गर्मी से निपटने के प्रबंधन की समीक्षा करने के लिए दौरे पर हैं। शर्मा ने शुक्रवार को वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए वरिष्ठ विभागीय अधिकारियों, जिला प्रभारी सचिवों, संभागीय आयुक्तों और कलेक्टरों की बैठक की अध्यक्षता की और उनकी प्रतिक्रिया प्राप्त की।

उन्होंने कहा कि भीषण गर्मी के दौरान आम जनता को पर्याप्त मात्रा में बिजली और पानी की आपूर्ति सुनिश्चित करना सरकार की प्राथमिकता है। मुख्यमंत्री के हवाले से जारी बयान में बताया गया है कि राज्य सरकार बिजली खरीदकर उसे उपलब्ध करा रही है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि खराब ट्रांसफार्मर की मरम्मत या उसे बदलकर ट्रिपिंग की समस्या का तत्काल समाधान किया जाए और कमी होने पर जिलों को अतिरिक्त ट्रांसफार्मर उपलब्ध कराए जाएं।

शर्मा ने कहा कि राज्य की जनता को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने के लिए प्रभारी जिला सचिव को जलापूर्ति से संबंधित परियोजनाओं और कार्यों की गहन निगरानी करने के लिये निर्देशित किया गया है। उन्होंने प्रत्येक जिले के नलकूपों की समीक्षा की और अधिकारियों को नलकूपों के सूखने के कारणों पर केंद्रित विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि उनके संज्ञान में ऐसे कई मामले आए हैं, जहां पानी नहीं है, लेकिन लाइन बिछा दी गई है और टंकी भी बना दी गई है। उन्होंने कहा कि ऐसे मामलों में संलिप्त कर्मियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए।

शर्मा ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि अवैध बिजली और पानी के कनेक्शन काटे जाएं, ताकि उपभोक्ताओं को किसी तरह की परेशानी न हो। मुख्यमंत्री ने कहा कि गर्मी के मौसम में बिजली की मांग 3777 लाख यूनिट के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंचने के बावजूद सरकार ने आम जनता को पर्याप्त बिजली उपलब्ध कराई है। उन्होंने कहा, पिछली सरकार ने राज्य को ऐसी स्थिति में डाल दिया था कि हमें 147 लाख यूनिट बिजली दूसरे राज्यों को देनी पड़ती थी। उन्होंने कहा कि बिजली को लेकर जो भी समस्याएं अभी आ रही हैं, वे ज्यादातर स्थानीय 'फाल्ट' और गड़बड़ी के कारण हैं। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को ऊर्जा संरक्षण के लिए अभियान चलाने के निर्देश दिए।



## ऑनलाइन गेमिंग व सट्टे की अवैध रकम का लेनदेन के गिरोह का खुलासा, 733 फर्जी बैंक खातों से की करोड़ों की हेरा फेरी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। पुलिस मुख्यालय क्राइम ब्रांच की सूचना पर रामनगरिया थाना पुलिस ने बैंकों में फर्जी खाते खुलवा कर साइबर ठगी, ऑनलाइन गेमिंग एवं सट्टे की अवैध रकम का लेनदेन करने वाले गिरोह का खुलासा किया है। गिरोह के दो मुख्य आरोपियों सहित पांच व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया है। प्रारंभिक जानकारी में इनके द्वारा 733 फर्जी बैंक अकाउंट खुलवाए गए। जिनमें करोड़ों रुपये की अवैध रकम ट्रांसफर की गई। अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस अपराध दिनेश एमएन ने बताया कि पुलिस ने फर्जी बैंक खातों के डेबिट व क्रेडिट कार्ड एवं चैक बुक व पासबुक का संचालन करने वाले गैंग के मुखिया योगी कृष्ण सोनी पुत्र मुकुट बिहारी (34) निवासी रॉयल सिटी कालवाड़ रोड, हाथोज एवं संदीप बागड़ा उर्फ सैंडी पुत्र सागरमल (30) निवासी व्हाइट हाउस न्यू सांगानेर रोड सोडाला, फर्जी बैंक खाता खोलने वाले आरोपी भाई राजेंद्र कुमार मीणा पुत्र गोपाल लाल (34) व सुरेश कुमार मीणा (32) निवासी गांव जौल थाना टोडाभीम हाल रॉयल प्लेटेनियम अपार्टमेंट जगतपुरा एवं इनके अकाउंटस संभालने वाले आरोपी लक्ष्य जैन पुत्र चंद्रेश कुमार (22) निवासी एसडीसी कोटियार्ड एसकेआईटी कॉलेज के पास जगतपुरा जयपुर को गिरफ्तार किया है।

उपलब्ध कराए गए बैंक खातों तथा उन बैंक खातों में लेनदेन का रिकॉर्ड लक्ष्य जैन किया करता है। सूचना पर पुलिस ने आरोपी लक्ष्य जैन को उसके घर पर दबिश देकर गिरफ्तार कर लिया। लक्ष्य के घर मिले लैपटॉप में 733 फर्जी बैंक खातों की डिटेल प्राप्त हुई है। बाद में मुख्य दोनों आरोपी योगी कृष्ण सोनी एवं संदीप बागड़ा उर्फ सैंडी को भी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। इन दोनों मुख्य आरोपी अन्य शहरों में भी कमीशन के बदले बैंक खाता उपलब्ध करवाने वाले के कांटेक्ट में है, जिसकी जांच की जा रही है। एडीजी एमएन ने बताया कि अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विद्या प्रकाश के सुपरविजन एवं इंस्पेक्टर राम सिंह नाथावत के नेतृत्व में की गई इस कार्रवाई में स्टेट क्राइम ब्रांच के कांस्टेबल गंगाराम की विशेष भूमिका व हैड कांस्टेबल कमल सिंह, शंकर दयाल, रामनिवास एवं कांस्टेबल भूपेंद्र शर्मा की तकनीकी भूमिका रही। गिरफ्तारी की कार्रवाई रामनगरिया थाना पुलिस द्वारा की गई है।



# असम में बाढ़ की स्थिति गंभीर, 11 जिलों में 3.5 लाख लोग प्रभावित

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**गुवाहाटी/भाषा।** असम में बाढ़ की स्थिति गंभीर बनी हुई है और 11 जिलों में 3.5 लाख से अधिक लोग प्रभावित हुए हैं। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि चक्रवात 'रेमल' के परिणामस्वरूप हुई भारी बारिश के कारण राज्य के कई हिस्सों में सड़क एवं रेल संपर्क कट गया है।

एक आधिकारिक विज्ञप्ति में कहा गया है कि सर्वाधिक प्रभावित कछार जिले में, मौसम की मौजूदा स्थिति के मद्देनजर सभी शैक्षणिक संस्थान बंद हैं। इसमें कहा गया है कि निर्धारित सेमेस्टर और पूरक परीक्षाएं कार्यक्रम के मुताबिक आयोजित की जाएंगी।

असम राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने एक विज्ञप्ति में कहा कि कार्बी आंगलोंग, धीमाजी, होजई, कछार, करीमगंज, डिब्रूगढ़, नगांव, हैलाकांडी, गोलाघाट, पश्चिम कार्बी आंगलोंग और दीमा हसाओ जिलों में करीब 3.5 लाख लोग प्रभावित हुए हैं। करीब 3,000 लोगों ने राहत शिविरों में शरण ली है, वहीं जोखिम वाले इलाकों में फंसे लोगों को निकालने में कई बचाव एजेंसियां जुटी हुई हैं। कछार जिले में 1,19,997 लोग प्रभावित हुए हैं। इसके बाद नगांव (78,756), होजई (77,030) और करीमगंज (52,684) का स्थान है। राज्य में 28 मई से बाढ़, बारिश और तूफान के कारण जान गंवाने वाले लोगों की संख्या 12 पहुंच गई है। लगातार बारिश होने के कारण बराक घाटी और दीमा हसाओ में रेल और सड़क संपर्क बाधित हो गया है। मेघालय में राष्ट्रीय राजमार्ग का एक हिस्सा बह जाने के कारण कई वाहन फंसे हुए हैं तथा बराक घाटी का राज्य और क्षेत्र के बाकी हिस्सों से सड़क संपर्क टूट गया है। पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे के प्रवक्ता के अनुसार, कई ट्रेनें रद्द कर दी गई हैं या उन्हें बीच में ही रोक दिया गया है।

# एक बार फिर बहुमत के साथ मोदी सरकार बनना तय : योगी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**गोरखपुर/भाषा।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को विश्वास जताया कि मोदी सरकार 2024 के लोकसभा चुनाव में भारी बहुमत के साथ फिर से जीत हासिल करने जा रही है। उन्होंने कहा कि जनता ने 'विकसित भारत और आत्मनिर्भर भारत' के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रति विश्वास व्यक्त करते हुए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को पूरा आशीर्वाद दिया है।

लोकसभा चुनाव के अंतिम चरण में शनिवार सुबह मतदान करने के बाद संवाददाताओं से मुख्यमंत्री ने कहा, ''अंतिम चरण में आज देश के आठ राज्यों की 57 सीट पर चुनाव हो रहा है। इसके पूर्वी उत्तर प्रदेश की महाराजगंज, गोरखपुर, देवरिया, कुशीनगर, बांसगांव, सलेमपुर, बलिया, घोसी, रॉबर्ट्सगंज, गाजीपुर, वाराणसी, चंदौली व मिर्जापुर पर भी वोट डाले जा रहे हैं।'' उन्होंने कहा कि पिछले ढाई माह में विभिन्न राजनीतिक दलों ने आम जनता की आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए जनता जनार्दन के सामने अपने-अपने मुद्दे रखे हैं। अपनी सरकारों के समय के कार्य और उपलब्धियों को जनता के सामने रखा है।

योगी ने कहा, ''देश के अंदर नई सरकार चुनने के लिए लोगों ने पिछली सरकारों और मोदी सरकार के पिछले 10 वर्षों के कार्यों और उपलब्धियों का मूल्यांकन किया है। देश के अंदर जो समर्थन मिला है उसे देखकर कहा जा सकता है कि चार जून को जब परिणाम आएगा तो जिन दलों, सरकारों ने आत्मनिर्भर और विकसित भारत के लिए काम किया, विरासत भी-विकास भी के तहत काम किया, गरीबों के प्रति दिखाई और युवा पीढ़ी के उज्ज्वल भविष्य के लिए काम किया, उन्हें ही जनता का पूर्ण समर्थन मिलेगा।'' मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी ने 10 वर्षों में बदलते हुए



भारत को तथा पिछले सात वर्षों में डबल इंजन की सरकार में नये उत्तर प्रदेश को देखा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में युवाओं, किसानों, व्यापारियों, महिलाओं और समाज के हर वर्ग के लिए सुरक्षा, सम्मान और विकास की भावना के साथ काम किया गया।

योगी ने प्रतिकूल मौसम के बावजूद मतदान के खातिर मतदाताओं के उत्साह के लिए उनका आभार व्यक्त किया। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री ने लोगों से जाति और धर्म से ऊपर उठकर विकसित और आत्मनिर्भर भारत के सपने को साकार करने के लिए मतदान करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा, ''अगले तीन वर्षों में देश को दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने और सभी नागरिकों के जीवन में खुशहाली लाने के लिए जनता का आशीर्वाद प्रधानमंत्री मोदी और भाजपा के साथ है।'' उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में सरकार ने महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन के लिए अभूतपूर्व कार्य किया है। उन्होंने युवा मतदाताओं को उन दलों (राजनीतिक) और व्यक्तियों के प्रति भी आगाह किया जो उन्हें गुमराह करने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने कहा, ''आत्मनिर्भर और विकसित भारत के लक्ष्य के साथ हमारा भविष्य उज्ज्वल है और युवाओं को इसी लक्ष्य को ध्यान में रखकर वोट देना चाहिए।'' योगी ने प्रधानमंत्री मोदी की आध्यात्मिक-राष्ट्र साधना पर विपक्षी दलों के नेताओं की तरफ से दिए जा रहे बयानों पर भी तीखी प्रतिक्रिया दी। इस संबंध में पूछे सवाल के जवाब में उन्होंने कहा, ''बिना थके, बिना डिगे, बिना रुके भारत माता की सेवा करने वाले प्रधानमंत्री मोदी की आध्यात्मिक आराधना पूरी तरह राष्ट्र आराधना है लेकिन जो लोग भोग में लिप्त हैं, भ्रष्टाचार में लिप्त हैं, अनाचार और दुराचार में लिप्त हैं, वे लोग आध्यात्मिक आराधना के महत्व को नहीं समझ सकते।''

## भाजपा 370 से अधिक, राजग 400 से अधिक सीट जीतेगा : नड्डा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/भाषा।** भाजपा अध्यक्ष जे.पी. नड्डा ने शनिवार को कहा कि लोगों ने एक समर्थ, शक्तिशाली, विकसित और आत्मनिर्भर भारत के लिए तथा तुष्टीकरण, भाई-भतीजावाद और भ्रष्टाचार को दूर करने के लिए मतदान किया है। साथ ही, उन्होंने विश्वास जताया कि उनकी पार्टी 370 से ज्यादा और राजग 400 से अधिक लोकसभा सीट पर जीत दर्ज करेगा।

उनकी यह टिप्पणी आम चुनाव के सातवें एवं आखिरी चरण के दिन आई है। मतगणना चार जून को होगी। नड्डा ने एक बयान में भाजपा के लिए इस लोकतंत्र के त्योहार को सफल बनाने पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को धन्यवाद दिया। भाजपा अध्यक्ष ने कहा, ''उनके प्रयास निश्चित रूप से परिणाम दे रहे हैं।'' उन्होंने चुनाव के दौरान योगदान देने के लिए केंद्रीय मंत्री अमित शाह, राजनाथ सिंह और नितिन गडकरी सहित भाजपा नेताओं और करोड़ों पार्टी कार्यकर्ताओं को भी धन्यवाद दिया। उन्होंने चुनाव में उत्साहपूर्वक भाग लेने के लिए राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के घटक दलों को भी धन्यवाद दिया और कहा कि वे अपनी कड़ी मेहनत से लोगों तक अपने विचार पहुंचाने में सफल रहे। नड्डा ने कहा, इस चुनाव में देश के मतदाताओं ने समर्थ भारत, सशक्त भारत, विकसित भारत, आत्मनिर्भर भारत और अर्थव्यवस्था में आगे बढ़ने के लिए तथा तुष्टीकरण, भाई-भतीजावाद और भ्रष्टाचार को किनारे रखकर वोट दिया है। उन्होंने कहा, मुझे पूरा विश्वास है कि भारत के मतदाता, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व के तहत भाजपा को 370 से अधिक सीट और राजग को 400 से अधिक सीट देकर जिताएंगे। नड्डा ने चुनाव में भाग लेने के लिए लोगों को धन्यवाद दिया।



## मोदी का 'ध्यान' करदाताओं के पैसे से किया जा रहा 'मीडिया का तमाशा' : अभिषेक

**कोलकाता/भाषा।** तृणमूल कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी ने शनिवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर कन्याकुमारी में अपने 'ध्यान' सत्र को करदाताओं के पैसे से वित्त-पोषित 'मीडिया तमाशा' में बदलने का आरोप लगाया।

बनर्जी ने कहा कि ध्यान एक व्यक्तिगत अभ्यास है जो शरीर, मन और आत्मा के लिए लाभदायक है। उन्होंने हालांकि इसके सार्वजनिक प्रदर्शन को लेकर आगाह किया।

बनर्जी ने मत डालने के बाद संवाददाताओं से कहा, आप (पत्रकार), मैं और हर कोई ध्यान कर सकता है। कोई समस्या नहीं है। यह शरीर, मन और आत्मा के लिए अच्छा है। लेकिन कृपया इसे मीडिया का तमाशा न बनाएं, कैमरों की चकाचौंध के सामने ध्यान के लिए न बैठें।

मोदी के वाराणसी से चुनाव लड़ने के फैसले पर उन्होंने कहा, वह कहीं से भी चुनाव लड़ सकते हैं। लेकिन निर्वाचन आयोग द्वारा कई अन्य उम्मीदवारों के नामांकन खारिज किए जाने के आरोप हैं। अगर वह जीत को लेकर इतने आश्वस्त हैं तो ऐसा कदम क्यों उठाया? उन्होंने कहा, डायमंड हार्बर निर्वाचन क्षेत्र में जहां मैं चुनाव लड़ रहा हूं, वहां भाजपा, माकपा, एसयूसीआई सभी तृणमूल कांग्रेस के साथ-साथ दावेदार हैं। अगर आपके पास लोगों का समर्थन है, तो आपको विरोधियों से डरना नहीं चाहिए।

उन्होंने तृणमूल की चुनावी संभावनाओं पर विश्वास व्यक्त करते हुए कहा कि पार्टी को सीट और मत प्रतिशत दोनों के मामले में 2019 के चुनावों की तुलना में अपने प्रदर्शन में सुधार की उम्मीद है।

## ओडिशा में 115 विस सीट और 15 लोकसभा सीट पर जीत दर्ज करेगा बीजद : पांडियन

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**भुवनेश्वर/भाषा।** बीजू जनता दल (बीजद) के वरिष्ठ नेता वी. के. पांडियन ने शनिवार को दावा किया कि ओडिशा में सत्तारूढ़ पार्टी 147 विधानसभा सीट में से 115 से अधिक पर और राज्य के 21 लोकसभा क्षेत्र में से 15 पर जीत दर्ज करेगी। पांडियन ने यह दावा ऐसे दिन किया है जब राज्य में चौथे और अंतिम चरण का मतदान हुआ है।

पांडियन ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, बीजद तीसरे चरण के मतदान के बाद 85 विधानसभा सीट जीत रहा है और आज चौथे चरण के मतदान के साथ, यह कुल 147 में से 115 से अधिक सीट और 21 में से 15 लोकसभा सीट जीत लेगा। नौकरशाह से बीजद नेता बने पांडियन ने कहा कि पार्टी राज्य में तीन-चौथाई से अधिक बहुमत के साथ सरकार बनाएगी। बीजद ने 2019 में राज्य में 113 विधानसभा सीट और 12 लोकसभा सीट जीती थी। बीजद प्रवक्ता सस्मित पात्रा ने कहा, हमें आशीर्वाद देने के लिए हम ओडिशा के लोगों के आभारी हैं और हम ओडिशा को मजबूत और परिवर्तनकारी शासन प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। इससे पहले, विपक्षी भाजपा ने दावा किया था कि वह ओडिशा में 75 से अधिक विस सीट जीतने के साथ राज्य में सरकार बनाएगी और 16 से अधिक लोकसभा सीट भी जीतेगी। चुनाव प्रचार के दौरान, प्रधानमंत्री ने ओडिशा के लोगों से 10 जून को राज्य में भाजपा सरकार के शपथग्रहण समारोह में शामिल होने का आग्रह किया था। वहीं, बीजद ने दावा किया था कि वह लगातार छठी बार सरकार बनाएगी।

## बंगाल के राज्यपाल ने मुख्यमंत्री को घोटालों पर व्यापक रिपोर्ट सौंपने का निर्देश दिया



**कोलकाता/भाषा।** पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सी वी आनंद बोस ने शनिवार को मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को पत्र लिखकर जांच के विभिन्न चरणों वाले घोटालों पर तुरंत एक व्यापक रिपोर्ट सौंपने को कहा। राजभवन के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। संविधान के एक प्रावधान का उल्लेख करते हुए बोस ने कहा कि प्रत्येक राज्य के मुख्यमंत्री को प्रदेश के मामलों के प्रशासन और कानून के प्रस्तावों से संबंधित मंत्रिपरिषद के सभी निर्णयों के बारे में अपने संबंधित राज्यपालों को बताना होता है। राजभवन ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सीवी आनंद बोस ने मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को जांच के विभिन्न चरणों वाले घोटालों और भ्रष्टाचार के मामलों पर तत्काल प्रभाव से एक व्यापक रिपोर्ट सौंपने का निर्देश दिया है। इसने कहा कि इन मामलों में स्कूल सेवा भर्ती नौकरियां, राशन वितरण घोटाले तथा पशु तस्करी और कोयला चोरी के मामले शामिल हैं।



## दिनेश कार्तिक ने अपने 39वें जन्मदिन पर प्रतिस्पर्धी क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास लिया

**चेन्नई/भाषा।** भारत के पूर्व विकेटकीपर बल्लेबाज दिनेश कार्तिक ने दो दशक तक देश के लिए खेलने के बाद शनिवार को प्रतिस्पर्धी क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास की घोषणा की। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के इंडियन प्रीमियर लीग एलिमिनेटर से बाहर होने के बाद उनका संन्यास लेना तय था। लेकिन कार्तिक ने अपने 39वें जन्मदिन पर आधिकारिक रूप से फैसला लिया।

कार्तिक ने 'एक्स' पर लिखा, ''काफी सोच विचार के बाद मैंने प्रतिस्पर्धी क्रिकेट से संन्यास लेने का फैसला किया है। मैं आधिकारिक तौर पर अपने संन्यास की घोषणा करता हूं और आगे आने वाली नई चुनौतियों के लिए तैयार हूं।''

तीनों प्रारूपों में भारत के लिए 180 मैच में प्रतिनिधित्व करते हुए कार्तिक ने एक शतक और 17 अर्धशतक से 3463 रन बनाये हैं। बतौर विकेटकीपर उन्होंने 172 खिलाड़ियों को आउट किया है। वह अंतिम बार भारत के लिए 2022 टी20 विश्व कप में रोहित शर्मा की कप्तानी में खेले थे।

वह देश के लिए राहुल द्रविड़, अनिल कुंबले, महेंद्र सिंह धोनी और विराट कोहली के नेतृत्व में भी खेल चुके हैं। उन्होंने लिखा, ''मैं अपने सभी कोच, कप्तानों, चयनकर्ताओं और सहयोगी स्टाफ के सदस्यों को धन्यवाद करना चाहूंगा जिन्होंने मेरी लंबी यात्रा का खुशगवार और आनंददायक बनाया।''

## डीपी मनु ने ताइवान ओपन में भाला फेंक का स्वर्ण पदक जीता

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** भारत के डीपी मनु ने शनिवार को ताइपे में 81.58 मीटर थ्रो के साथ ताइवान ओपन 2024 में पुरुषों की भाला फेंक स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता।

एशियाई एथलेटिक्स चैंपियनशिप के रजत पदक विजेता ने अपने आखिरी प्रयास में अपना सर्वश्रेष्ठ थ्रो दर्ज किया। ताइवान ओपन विश्व एथलेटिक्स कॉन्टिनेंटल टूर कांस्य स्तर की प्रतियोगिता है। इसमें खिलाड़ियों को महत्वपूर्ण रैंकिंग अंक भी मिलते हैं।

मनु ने 78.32 मीटर थ्रो के साथ शुरुआत की, जबकि उनका दूसरा प्रयास 76.80 मीटर का रहा। इस 24 वर्षीय खिलाड़ी ने तीसरे और पांचवें प्रयास में भाले को 80.59 मीटर और 81.52 मीटर दूर फेंककर अपने खेल के स्तर को ऊंचा किया। वह अपने चौथे प्रयास में वैध थ्रो नहीं कर सके। यह प्रदर्शन हालांकि मनु के व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 84.35 मीटर से बहुत दूर था। यह मौजूदा सत्र में उनके सर्वश्रेष्ठ प्रयास 82.06 से भी कम है, जो पिछले महीने भुवनेश्वर में फेडरेशन कप में आया था। वह फेडरेशन कप में ओलंपिक चैंपियन नीरज चोपड़ा के बाद दूसरे स्थान पर रहे थे।

पिछले साल विश्व चैंपियनशिप में छठे स्थान पर रहने वाले मनु को अभी पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करना बाकी है, जिसके लिए क्वालीफिकेशन मार्क 85.50 मीटर है। चोपड़ा और किशोर जेना पहले ही ओलंपिक के लिए क्वालीफाई कर चुके हैं। भारत के अन्य खिलाड़ियों में नित्या रामराज महिलाओं की 100 मीटर बाधा दौड़ में 13.23 सेकंड के साथ दूसरे स्थान पर रही। इससे पहले दिन की शुरुआत में हीट रेस के दौरान उन्होंने 13.12 सेकंड के साथ व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया था। महिलाओं की 400 मीटर फाइनल में वीके विस्मया ने 53.49 सेकंड का समय लेकर तीसरा स्थान हासिल किया। फेडरेशन कप विजेता रोजी मीना ने महिलाओं की पोल वॉल्ट स्पर्धा में 3.75 मीटर के प्रयास के साथ छठा स्थान हासिल किया।




## आईपीएल में इम्पैक्ट खिलाड़ी का खुलासा टॉस के समय हो जाना चाहिए: गांगुली



**मुंबई/भाषा।** पूर्व भारतीय कप्तान और दिल्ली कैपिटल्स के क्रिकेट निदेशक सौरव गांगुली इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में 'इम्पैक्ट' खिलाड़ी नियम को जारी रखने के पक्ष में हैं लेकिन चाहते हैं कि टीम अपने 'इम्पैक्ट' खिलाड़ी का फैसला टॉस के समय ही करें।

हाल में खत्म हुए आईपीएल सत्र के बाद 'इम्पैक्ट' खिलाड़ी नियम काफी चर्चा में रहा क्योंकि इस चरण में आठ दफा 250 रन से ज्यादा का स्कोर बना। गांगुली ने कहा कि वह चाहते हैं कि आईपीएल के आगामी सत्र में मैदान की बाउंड्री और बढ़ा देनी चाहिए। पूर्व भारतीय कप्तान ने कहा, ''मुझे इम्पैक्ट खिलाड़ी नियम पसंद है। आईपीएल में सिर्फ मैं एक चीज चाहता हूं कि इसके लिए मैदान थोड़े बड़े कर देने चाहिए। सीमारेखा को थोड़ा बढ़ा देना चाहिए।''

सौरव गांगुली ने यहां एक कार्यक्रम के इतर कहा, ''यह शानदार टूर्नामेंट है। इम्पैक्ट खिलाड़ी नियम के साथ आप सिर्फ एक चीज कर सकते हो कि इसका फैसला टॉस से पहले हो जाये। टॉस से पहले खुलासा करने के लिए आपको कौशल और रणनीति की जरूरत होगी। लेकिन मैं इम्पैक्ट खिलाड़ी नियम के पक्ष में हूं।''



## गंभीर ने अगर आवेदन किया है तो वह अच्छे कोच साबित होंगे : गांगुली

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**मुंबई/भाषा।** पूर्व कप्तान सौरव गांगुली ने राष्ट्रीय टीम के मुख्य कोच के पद पर किसी भारतीय को नियुक्त करने का समर्थन करते हुए शनिवार को कहा कि अगर गौतम गंभीर ने इसके लिए आवेदन किया है तो वह अच्छे कोच साबित होंगे, क्योंकि हाल में समाप्त हुए आईपीएल में जीत की उनकी भूख और जुनून स्पष्ट नजर आया।

बीसीसीआई के पूर्व अध्यक्ष ने कहा कि वह राष्ट्रीय टीम के लिए भारतीय कोच नियुक्त करने के पक्षधर हैं क्योंकि देश में प्रतिभा की कमी नहीं है। गांगुली ने कहा, ''मैं भारतीय कोच रखने के पक्ष में हूं क्योंकि हमारे देश में अपार प्रतिभा है। हमारे देश में बेहद कुशल खिलाड़ी हैं जिन्होंने भारतीय क्रिकेट में बहुमूल्य योगदान दिया है और उन्हें व्यवस्था का हिस्सा होना चाहिए।'' गांगुली से पूछा गया कि क्या कोच पद की दौड़ में आगे चल रहे गंभीर इस भूमिका के लिए उपयुक्त व्यक्ति होंगे, उन्होंने कहा, ''क्या उन्होंने (गंभीर) आवेदन किया है। क्योंकि पहले उन्हें आवेदन करना होगा और फिर उसी के बाद वह यह पद हासिल कर पाएंगे। मुझे लगता है कि 27 मई आवेदन की अंतिम तिथि थी।'' उन्होंने कहा, ''जाहिर है, बीसीसीआई के पास इसे (समय सीमा) बढ़ाने का अधिकार है। अगर वह (गंभीर) आवेदन करते हैं और अगर वह चाहते हैं, तो वह बहुत अच्छे उम्मीदवार होंगे।'' भारत की विश्व कप विजेता टीम के सदस्य रहे गंभीर के मार्गदर्शक रहते हुए कोलकाता नाइट राइडर्स ने हाल में 10 साल बाद आईपीएल का खिताब जीता था। गांगुली ने कहा, अगर गंभीर ने आवेदन किया है तो आपने देखा होगा कि इस साल केकेआर के लिए उन्होंने किस तरह से काम किया। आप उनकी जीत की भूख और जुनून देख सकते थे। अगर उन्होंने आवेदन किया है और बोर्ड उन्हें यह पद सौंपने का फैसला करता है तो मुझे खुशी होगी।

# भारत ने विश्व चैम्पियन जर्मनी को 3-0 से हराया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**लंदन/भाषा।** भारत ने जर्मनी की कमजोर रक्षापंक्ति का फायदा उठाते हुए तीन गोल दागे जिससे हरमनप्रीत सिंह की अगुआई वाली टीम ने शनिवार को यहां एफआईएच प्रो हॉकी लीग में विश्व चैम्पियन को 3-0 से हराकर लंदन चरण में जीत से शुरुआत की।

ड्रैग फ्लिकर हरमनप्रीत (16वें मिनट), सुखजीत सिंह (41वें मिनट) और गुरजंत सिंह (44वें मिनट) ने जर्मनी की युवा टीम के खिलाफ गोल दागे। जर्मनी ने शानदार शुरुआत की लेकिन अपनी लय बरकरार नहीं रख सकी। विश्व की पांचवें नंबर की भारतीय टीम 13 मैचों में 24 अंक लेकर तीसरे स्थान




पर बनी हुई है जबकि अर्जेंटीना 14 मैचों में 26 अंक लेकर दूसरे स्थान पर है। भारत ने प्रो लीग के एंटवर्प चरण में अर्जेंटीना को दो बार हराया था। नीदरलैंड 12 मैचों में 26 अंक लेकर तालिका में शीर्ष पर है।

भारत के अनुभवी गोलकीपर पीआर श्रीजेश ने पहले क्वार्टर में जर्मनी के लगातार हमलों को रोकते हुए दो पेनल्टी कॉर्नर को नाकाम कर दिया। दूसरे क्वार्टर के पहले ही मिनट में हरमनप्रीत ने पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदलकर दुनिया की तीसरे नंबर की टीम को दबाव में ला दिया।

भारतीय कप्तान ने 16वें मिनट में नीची फ्लिक जर्मनी के गोलकीपर एलेक्जेंडर स्टैडलर की ओर बढ़ायी जो बैरी एंथियस से डिफ्लेक्ट होकर गोल में चली गयी।

इसके बाद सुखजीत ने 41वें मिनट में बढ़त दोगुनी कर दी। सुखजीत ने अभिषेक को पास दिया और सर्कल की ओर दौड़े। अभिषेक ने इसे सुखजीत को वापस दिया जिन्होंने जर्मनी के गोलकीपर को छकाते हुए शानदार शॉट लगाया।

इसके तीन मिनट बाद गुरजंत ने भारत के लिए तीसरा गोल दाग दिया। संजय ने गोल लाइन पर गेंद जरमनप्रीत सिंह की ओर बढ़ायी। इस डिफेंडर ने फिर गेंद को गुरजंत को वापस भेज दिया, जिन्होंने स्टैडलर को छकाते हुए गोल दागा।

जर्मनी की टीम दबाव में आ गयी थी और उसने भारतीय रक्षापंक्ति को भेदने की पूरी कोशिश की। लेकिन श्रीजेश ने उन्हें इसमें सफलता हासिल नहीं करने दी।

लगभग चार महीने बाद प्रतिस्पर्धी हॉकी में वापसी कर रही जर्मनी ने एक दर्जन पेनल्टी कॉर्नर हासिल किये लेकिन ये सभी बेकार रहे।

श्रीजेश ने भी अपनी भूमिका बखूबी निभाई और पहले क्वार्टर में तीन प्रयासों को विफल किया जिसमें दो पेनल्टी कॉर्नर के थे।

भारतीय टीम अब आठ जून को फिर से जर्मनी से भिड़ेगी जिसके बाद उसका सामना दो और नौ जून को ग्रेट ब्रिटेन से होगा।

## सुविचार

**जब आप अपने दोस्त को बोलो मै ठीक हूँ और वह दोस्त आपकी तरफ देख कर बोले हो गया, चल अब बता प्रॉब्लम क्या है।**

## ट्वीट

पिछली कांग्रेस सरकार के दौरान प्रदेश की ध्वस्त हो चुकी बिजली व्यवस्था को भजनलाल सरकार के निरंतर सार्थक प्रयास से बेहतर किया जा रहा है, इसी का परिणाम है कि एक दिन में 3,790 लाख यूनिट बिजली आपूर्ति कर प्रदेश सरकार ने अभूतपूर्व कीर्तिमान स्थापित किया है।

-भजनलाल शर्मा



मैं अपील करता हूं कि सशक्त भारत, सक्षम भारत, सामर्थ्यवान भारत और आत्मनिर्भर भारत के लिए सभी मतदाता अपने मतदान का इस्तेमाल करें, प्रजातंत्र को मजबूत बनाएं और विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने में अपना योगदान दें।

-जेपी नड्डा



## कहानी

# छलावा



अपने गंतव्य की ओर बढ़ती ट्रेन रास्ते के किसी शहर के स्टेशन पर यात्रियों के चढ़ने और उतरने के लिए कुछ पलों के लिए ठहर गई थी। रात के समय तेज हवा के साथ काले घने बादलों की आवाजाही से बारिश की तेज बौछारों और बिजली की तेज गड़गड़ाहट में शहर अंधेरे में सिमटकर रह गया था। रेलवे स्टेशन पर खड़ी ट्रेन के रवाना होने में थोड़ा वक्त और बाकी था। ट्रेन के अपने सेकंड ऐसी कोच में नेहा बहुत देर से बर्थ पर वह अपनी पुत्री रिंकी की मौजूदगी से , जो अपनी अपर बर्थ पर थकान के कारण शायद सो गई थी , बेख़बर अपने ख्यालों की दुनिया में सिमटकर बैठी थी । तभी उसके हमउम्र , लगभग साठ वर्ष की आयु के , सभ्रांत लगने वाले महिला और पुरुष ने उसके केबिन में प्रवेश किया। सिर पर कम बाल और चेहरे पर घनी सफेद दाढ़ी वाला आकर्षक पुरुष और वह महिला उसके सामने वाली बर्थ पर बैठ गए। उनके आने की आवाज से वह ख्यालों की दुनिया से वर्तमान में लौटी। महिला ने उसकी ओर मुस्कुराते हुए हेलो कहा। शिष्टाचार के नाते उसने भी हेलो कहा। इसके बाद कुछ देर तक केबिन में पसरा सन्नाटा माहौल को और भारी बनाने लगा था।

नेहा के सामने बैठी महिला ने अपना परिचय देते हुए उससे बातचीत का सिलसिला शुरु किया। उसका नाम सरला था। वह नेहा के ही शहर की रहने वाली थी। लेकिन खुद की सरकारी प्रशासनिक नौकरी के कारण अधिकतर समय दूसरे शहरों में बिताने और अब रिटायरमेंट के बाद वह अब अपने पति के साथ स्थायी रुप से अपने शहर रहने के लिए जा रही थी। सरला का पति भी सरकारी महकमे में प्रशासनिक उच्च पद पर नौकरी के बाद रिटायर हो चुका था। सुबह ही वे अपने बेटे – बहू और पोते से मिलकर ओंटेरियो , कनाडा से यहां लौटे थे। वहां उनका स्थायी रुप से रहने का इरादा नहीं था। वह बहुत खुश नजर आ रही थी। नेहा ने बातचीत के दौरान कई बार सरला के पति ओर देखा । लेकिन हर बार वह अपने लैपटॉप पर कुछ काम में व्यस्त नजर आया।

इससे पहले कि नेहा अपने बारे में सरला को कुछ बताती उससे पहले ही बातचीत में सरला के पति का नाम और उसके बारे में कुछ जानकारी मिलते ही नेहा के दिल और दिमाग में अजीब सा बवंडर उठने लगा। नेहा के शरीर में कंपकपी सी होने लगी। उसके सामने बैठा सरला का पति कोई और नहीं कॉलेज के दिनों में नेहा को बेइन्तहा चाहने वाला और उसे अपनी हमसफ़र बनाने के ख़्वाब देखने वाला दोस्त अमर था। जिसे वह लगभग पैंतीस सालों के बाद देखने के बाद पहचान नहीं पाई थी। उसे लगा कि शायद अमर भी उसे नहीं पहचाना था। इतने सालों से वक़्त उन दोनों के शरीर पर अपने निशान छोड़ता हुआ गुजर रहा था। उसने किसी तरह खुद को संभाला और वाशरूम जाने का कहकर वहां से उठ खड़ी हुई। वहां बल्ब की दूधिया मद्धिम रोशनी में आईने में देखा तो उसे अपने चेहरे पर गीली लकीरें और ललाट पर खिंचाव साफ़ नज़र आ रहा था। वह उदास मन और बोझिल कदमों से चलते हुए केबिन में अपनी बर्थ पर बैठ गई। उसकी नम आंखें और मन की उदासी केबिन की मद्धिम रोशनी में उसके अनोखे अनुभव के दर्द को बयां कर रहे थे। ऐसा दर्द जिसे वह किसी के साथ साझा नहीं कर सकती थी और उसे अकेले ही सहना था। अकेलेपन से उसमें अजीब सी कशमकश का बवंडर उठने लगा था। सरला ने जब उसके बारे में जानना चाहा तो नेहा उसे अनमने ढंग से अपने बारे में गलत जानकारी देते हुए सोने का बहाना बनाकर अपनी बर्थ पर लेट गई।

इंसान के जीवन में कई बार ऐसी घटनाएं हो जाती हैं जो उम्रभर कांटे की तरह मन में खटकती रहती हैं और पछताने का मौका भी नहीं देतीं । ऐसा ही एक वाकया उसके साथ भी हुआ जो उम्रभर उसे टीस पहुंचाता रहेगा। अपने इन हालात के लिए खुद जिम्मेवार होने पर उसे आत्मग्लानि होने लगी थी। कम उजाले में खामोश लेटे हुए मानो उसे अपने वजूद का पता ही नहीं था। बेमानी हो चुकी अतीत की ढेर सारी बातें, बिखर चुके देखे हुए ख़्वाब पानी में परिन्दे की तरह उसके जेहन में तैर रहे थे। यह समय यकीनन उसके जीवन का सबसे कमजोर समय था। कुछ ही देर बाद ट्रेन की सीटी बजी और ट्रेन धीमी रफ्तार से अपने गंतव्य की ओर चल दी। वह अपनी बर्थ पर लेटी हुई अपने अंदर झांकने लगी। अपने अंदर सब कुछ होते हुए भी उसे कुछ महसूस नहीं हो रहा था। कुछ देर बाद अपने भीतर उसे बहुत खालीपन महसूस होने लगा था। परेशानियां कभी सूचना देकर नहीं आती। ऐसा ही उसके साथ भी हुआ । जिसने उसकी ज़िंदगी की दशा और दिशा बदलते हुए उसके वजूद को ही हिलाकर रख दिया था। भविष्य को लेकर उसने जो ख़्वाब बुने थे वो अचानक टूटकर तिनका –तिनका बिखर गए थे। उस समय चारों तरफ अचानक पसर गए अंधेरे से शायद उसे अकेले ही लड़ना था। अपनी भावनाओं पर हुए आघातों ने उसे अतीत की हर बात को याद करा दिया । जिसकी फिल्म उसकी आंखों के सामने चलने लगी।

नेहा , राजन और अमर ने ग्रेजुएशन और पोस्टग्रेजुएशन की पढ़ाई साथ में पूरी करी थी। तीनों में गहरी दोस्ती थी। पढ़ाई में राजन और अमर कक्षा में पहले और दूसरे स्थान पर रहते थे।राजन आधुनिक विचारों और सम्पन्न परिवार का सदस्य था। राजन के व्यक्तित्व में एक अजीब सा आकर्षण था। नेहा भी साथ में पढ़ने वाली अन्य लड़कियों की तरह उसकी ओर आकर्षित रहती थी। जबकि स्वभाव से गम्भीर अमर मध्यम वर्गीय परिवार का सदस्य था।पढ़ाई पूरी करने के बाद वह सरकारी एडमिनिस्ट्रेटिव नौकरी पाकर आम नागरिक के और समाज के उत्थान के लिए बहुत कुछ करना चाहता था। अमर की बातों और व्यवहार से नेहा को इस बात का अहसास था कि अमर उसे बहुत चाहता था। नेहा भी उसे पसंद करती थी।

वक़्त अपनी रफ्तार से दौड़ रहा था। गुजरते वक़्त के साथ जिस उम्र में लड़की अपने जीवन साथी के बारे में कई ख़्वाब देखने और बुनने लगती है , उस समय नेहा को अपने अंदर राजन की तरफ आकर्षण के स्पंदन सुनाई देने लगे थे।अपनी पोस्ट ग्रेजुएशन की पढ़ाई पूरी होने के बाद भी राजन से मिलना और बात करना उसे अच्छा लगने लगा था। भावनात्मक रुप से उसके नजदीक आ गए राजन का साथ शायद उसकी जरुरत बनता जा रहा था । दोनों के बीच एक दूसरे को पसंद की अबोली और अलिखित भाषा जन्म ले चुकी थी। जबकि जाने अनजाने में अमर पहले उसके सामने समय – समय पर अपनी चाहत का इजहार करता रहा था। उन्ही दिनों अमर की किसी दूसरे शहर के एक सरकारी स्कूल में अध्यापक की नौकरी लग गई । अपनी पारिवारिक परिस्थितियों को देखते हुए उसने यह नौकरी जॉइन भी कर ली।

राजन अपनी पढ़ाई जारी रखते हुए रिसर्च की तैयारी में लग गया। अमर पत्र के माध्यम से राजन और नेहा से संपर्क में रहता था। राजन और नेहा की मुलाकातें होती रहती थीं। इन मुलाकातों के चलते अपने सुनहरे और सुरक्षित भविष्य का सोचते हुए नेहा ने राजन द्वारा दिए गए विवाह के प्रस्ताव को स्वीकार कर लिया। अमर को उनके विवाह की सूचना मिलने के बावजूद वह वैवाहिक कार्यक्रम में नहीं आया। उसके बाद नेहा और राजन का अमर से कभी कोई संपर्क नहीं रहा और उसके बारे में कोई जानकारी भी नहीं रही।

नेहा एक आदर्श गृहणी की तरह राजन के साथ अपना जीवन व्यतीत कर खुश थी। उनके विवाह का पहला साल पूरा होने से पहले ही नेहा की गोद में रिंकी की किलकारियां सुनाई देने लग गई थीं। राजन अपनी रिसर्च से संबंधित कार्य के लिए जाने का कहकर कुछ महीनों बाद ही अकेला विदेश चला गया।वहां जाने के बाद शुरुआत के कुछ महीनों बाद तक तो राजन सप्ताह में एक या दो बार उससे फोन पर बात कर लेता था। नेहा ने इसे राजन की कार्य में व्यस्तता को समझते हुए ज्यादा गौर नहीं किया। जब राजन के फोन आने ही बंद हो गए तो नेहा को बहुत चिन्ता हुई। उसने जब संबंधित विश्वविद्यालय से इस विषय में सम्पर्क किया तो उन्होने किसी तरह की मदद करने में अपनी असमर्थता जाहिर कर दी। क्योंकि विश्वविद्यालय में राजन की रिसर्च का काम बहुत पहले ही पूरा हो चुका था। यहां रह रहे राजन के परिवारजनों की तरह हैरान और परेशान नेहा को समझ ही नहीं आ रहा था कि वह क्या करे ? उस समय विदेश में राजन कहां और किस हाल में था इसका किसी को कुछ पता नहीं था। फिर भी अपनी तरफ से वह उसका पता लगाने का हर संभव प्रयास करती रही। इन सबमें कुछ महीने और बीत गए।

एक दिन नेहा के पास आई फोन कॉल ने उसकी ज़िंदगी की दशा और दिशा ही बदल दी। वह कॉल राजन की थी। राजन को विदेश में नौकरी मिल गई थी। और उसने विदेश में वहां की लड़की से विवाह कर वहीं रहने का फैसला कर लिया था। उसने नेहा और रिंकी को खुद से सभी बंधनों से मुक्त करने का भी कह दिया। यह सुनते ही उसकी ज़िंदगी में भूचाल सा आ गया। उसे अहसास हुआ मानो गरम हवा का कोई झोंका उसे झुलसा रहा था। उसे समझ नहीं आ रहा था कि वह क्या करे ? उसकी आंखों से आंसू ढुलकने लगे। उसने राजन को दर्द भरी आवाज में कहा इसका मतलब इतने वर्षों के हमारे विश्वास के संबंध में अपने इन विचारों के साथ तुम मेरे मन ,सम्मान और भावनाओं के साथ खिलवाड़ करते रहे। बड़ा अफ़सोस हो रहा है मुझे मैं तुम्हारी आंखों की भाषा पढ़ ही नहीं पाई।मैंने तुम पर विश्वास किया और तुमने मेरे विश्वास को ही पंगु बना दिया। मुझे ही दृष्टि भ्रम हो गया था जो तुम्हे पहचाने में भूल कर दी। तुम्हारे एक रुप के पीछे कितने रुप छिपे हैं मुझे पता नहीं था। तुम्हारा मासूम से चेहरे के पीछे घिनौने विचारों वाला असली चेहरा मेरे सामने आ गया है। उसने राजन को बहुत खरी–खोटी सुनाई परन्तु उस पर इसका कोई असर नही हुआ।

उसके अंदर एक कसक सी उठी मानो बहुत कुछ दरक गया था। उसका शरीर कांपने लगा था और पसीने से भीग गया था। राजन उसे ऐसा दर्द देकर गया था जिसके इजहार और फरियाद की कोई जगह नहीं थी। उसे समझ आ गया था कि वह राजन का कुछ नहीं बिगाड़ सकती, जिसने उसकी भावनाओं और विश्वास के साथ खिलवाड़ किया था।सामाजिक और पारिवारिक धरातल पर उसे अपने संबंध के सारी धुंधली हक़ीकत साफ़ नज़र आने लगी थी। सब कुछ जान लेने और समझ लेने के बाद भी उसके अंदर अजीब सी बेचैनी थी। निराशा के विचारों के द्वंदों का समाधान उसके अपने और रिंकी के वजूद को बचाकर और अपनी सार्थकता सिद्ध करके ही हो सकता था। राजन का उसे कहा गया एक–एक शब्द उसके जेहन में गूंजता रहता था। उसे लगने लगा कि उसकी जिंदगी कुछ समय के लिए शायद भटक गई थी। पुरुषों के प्रति उसके दिल और दिमाग में नकारात्मक धारणा बन जाने के कारण उसने दूसरा विवाह नहीं किया। इस घटना के बाद ससुराल वालों के लाख मना करने के बावजूद वह रिंकी के साथ अपने पीहर आकर रहने लग गई । उस वक़्त उसके पीहर वालों ने उसे सहारा दिया। उसने बीएड की पढ़ाई पूरी करी।कुछ समय बाद कॉलेज में उसकी लेक्चरर की नौकरी लग गई। पिछले साल ही वह कॉलेज प्रिंसीपल के पद से रिटायर हुए थी। उसने रिंकी को भी मेडिकल की उच्च शिक्षा दिलाई । रिंकी और उसका डॉक्टर पति उसके शहर के ही एक मेडिकल कॉलेज में लेक्चरर के पद पर कार्य कर रहे थे। नेहा अपनी बेटी – दामाद , दोहिते के साथ ही रहती थी। रिंकी के साथ इस शहर वह अपनी सहेली के पोते के मुंडन संस्कार में आई थी।

जिस तरह हर गुजरता लम्हा अहसास के निशान छोड़ जाता है उसी तरह उसे भी अहसास होने लगा था कि राजन के साथ उसके संबंध सर्द मौसम में तालाब के पानी पर जमी बर्फ की परत की तरह उसके लिए भ्रामक तो नहीं थे ? इंसान को लगता है वह पानी पर बर्फ की परत पर चढ़कर तालाब पार कर लेगा ,लेकिन यह संभव नहीं हो पाता। क्योंकि बर्फ की परत एक तरह का छलावा ही है। कहीं पर मजबूत तो कहीं पर कम मजबूत ।कम मजबूत वाली जगह इंसान का पैर पड़ते ही वह टूट जाती है और इंसान तालाब में डूबने लगता है। जिसको तैरना आता है वह तो तैरकर किनारे आ जाता है , नहीं तो डूब जाता है। इतना वक़्त गुजर जाने के बाद राजन के बारे में कोई पता नही था कि वह कहां और कैसा था ? जिसके नाम का सिन्दूर वह आज भी अपनी मांग में भरती थी , उस राजन ने नेहा और रिंकी के बारे में जानने की कभी कोशिश नहीं करी। गुजरते वक़्त के साथ इंटरनेट के आधुनिक युग में नेहा द्वारा कभी उसकी तलाश की इच्छा ही नहीं रही थी। जिस राजन का नेहा ने अपने सुरक्षित भविष्य की उम्मीद में हाथ थामा था , वह उसे ज़िंदगी के सफ़र में बीच में छोड़ किसी अनजान जगह पर अपनी ज़िंदगी अपने तरीके से जी रहा था। जिस अमर का उसने साथ छोड़ा था वह आज , सरला के अनुसार , उसके सामने सफल जीवन व्यतीत करता हुआ नजर आ रहा था।

यह सब सोचते हुए उसे कब आंख लग गई पता ही नहीं चला। अचानक उसकी आंख खुली तो उसने देखा कि सुबह होने के साथ ही ट्रेन उसके शहर के रेलवे स्टेशन पहुंच चुकी थी। प्लेटफॉर्म पर अपना सामान रखकर उसने सरला और अमर से विदा लेनी चाही। सरला ने उसे अपने घर का पता बताते हुए कभी आने के लिए कहा। अमर कुछ कदम आगे चलने के बाद नेहा की तरफ वापिस आया और नम आंखों से उसकी ओर देखते हुए कहा , नेहा , अपना ध्यान रखना ....... यह कहकर तेज कदमों से वह चला गया। नेहा इससे पहले कुछ कह पाती अमर और सरला उसकी आंखों से प्लेटफॉर्म पर भीड़ में ओझल हो चुके थे। नेहा ने नम आंखों से ऊपर देखा तो आसमान साफ था। उसके मन से भ्रम के कारण छलावे के एक अनोखे अनुभव के दुःख के बादल छंट चुके थे।

सुधीर केवलिया
फोन नं. : 09413279217



## संजय उवाच

▪ संजय भारद्वाज
9890122603
writersanjay@gmail.com



# असार का सार

मनुष्य के मानस में कभी न कभी यह प्रश्न अवश्य उठता है कि उसका जन्म क्यों हुआ है? क्या केवल जन्म लेने, जन्म को भोगने और जन्म को मरण तक ले जाने का माध्यम भर है मनुष्य?

वस्तुत: जीवन समय का साक्षी बनने के लिए नहीं है अपितु समय के पार जाने की यात्रा है। अपार सृष्टि के पार जाने का, मानव देह एकमात्र अवसर है, एक मात्र माध्यम है। यह सत्य है कि एक जीवन में कोई बिरला ही पार जा पाता है, तथापि एक जीवन में प्रयास कर अगले तिरासी लाख, निन्यानवे हजार, नौ सौ निन्यानवे जन्मों के फेरे से बचना संभव है। मानव देह में मिले समय का उपयोग न हुआ तो कितना लम्बा फेरा लगाकर लौटना पड़ेगा!

जीवन को क्षणभंगुर कहना सामान्य बात है। क्षणभंगुरता में जीवन निहारना, असामान्य दर्शन है। लघु से विराट की यात्रा, अपनी एक कविता के माध्यम से स्मरण हो आती है–

जीवन क्षणभंगुर है,
सिक्का बताता रहा,
समय का चलन बदल दिया,
उसने सिक्का उलट दिया,
क्षणभंगुरता में ही जीवन है,
अब सिक्के ने कहा,
शब्द और अर्थ के बीच,
अलख दृष्टि होती है,
लघु से विराट की यात्रा
ऐसे ही होती है.. !

ज्ञान मार्ग का जीव मनुष्येतर जन्मों को अपवाद कर देता है, एक छलांग में इन्हें पार कर लौट आता है फिर मनुज देह को धारण करने, फिर पार जाने के लिए। मनुष्य जाति का आध्यात्मिक इतिहास बताता है कि ज्ञानशलाका के स्पर्श से शनै:–शनै: अंतस का ज्ञानचक्षु खुलने लगता हैं। अपने उत्कर्ष पर ज्ञानचक्षु समग्र दृष्टिवान हो जाता है महादेव–सा। यह दर्शन सम्यक होता है। सम्यक दृष्टि से जो दिखता है, अद्वैत होता है विष्णु–सा। अद्वैत में सृजन का एक चक्र अंतर्निहित होता है ब्रह्मा–सा। ज्ञान मनुष्य को ब्रह्मा, विष्णु, महेश–सा कर सकता है। सर्जक, सम्यक, जागृत होना, मनुष्य को त्रिदेव कर सकता है।

जिसकी कल्पना मात्र से शब्द रोमांचित हो जाते हैं, देह के रोम उठ खड़े होते हैं, वह 'त्रिदेव अवस्था' कैसी होगी! भीतर बसे त्रिदेव का साक्षात्कार, द्योतक है सृष्टि के पार का।

असार है संसार। असार का सार है मनुष्य होना। सार का स्वयं से साक्षात्कार कहलाता है चमत्कार। यह चमत्कार दही में अंतर्निहित माखन–सा है। माखन पाने के लिए बिलोना तो पड़ेगा। माँ यशोदा ने बिलोया तो साक्षात श्याम को पाया।

संभावनाओं की अवधि, हर साँस के साथ घट रही है। अपनी संभावनाओं पर काम आरंभ करो आज और अभी। असार से केवल 'अ' ही तो हटाना है। साधक जानता है कि अ से 'आरंभ' होता है। आरंभ करो, सार तुम्हारी प्रतीक्षा में है।

## बोध कथा

# धोखेबाज काजी

एक बार की बात है, मुगल दरबार में बादशाह अकबर अपने दरबारियों के साथ किसी मुद्दे पर चर्चा कर रहे थे। उसी समय वहां एक किसान अपनी फरियाद लेकर आया और बोला, महाराज न्याय करो। मुझे इंसाफ चाहिए। यह सुनकर बादशाह अकबर बोले कि क्या हुआ। किसान बोला, महाराज मैं एक गरीब किसान हूं। कुछ समय पहले मेरी पत्नी का निधन हो गया और अब मैं अकेला रहता हूं। मेरा मन किसी भी काम में नहीं लगता है। इसलिए, एक दिन मैं काजी साहब के पास गया। उन्होंने मन की शांति के लिए मुझे यहां से काफी दूर स्थित एक दरगाह में जाने के लिए कहा। उनकी बात से प्रभावित होकर मैं दरगाह जाने के लिए तैयार हो गया, लेकिन साथ ही मुझे इतने वर्षों तक मेहनत करके कमाए सोनी के सिक्कों के चोरी होने की चिंता सताने लगी। जब मैंने यह बात काजी साबह को बताई, तो उन्होंने कहा कि वह सोने के सिक्कों की सुरक्षा करेंगे और उसके वापस आने पर लौटा देंगे। इस पर मैंने सभी सिक्के एक थैली में डालकर उन्हें दे दिए। एहतियात के तौर पर काजी साहब ने मुझे थैली पर मुहर लगाने को कहा। बादशाह अकबर बोले, अच्छा तो फिर क्या हुआ? किसान ने कहा, महाराज मैंने मुहर लगाकर थैली उन्हें दे दी और दरगाह के दर्शन करने यात्रा पर चला गया। फिर जब कुछ दिनों बाद वापस आया, तो काजी साहब ने थैली वापस दे दी। मैं थैली लेकर घर लौटा और उसे खोला, तो उसमें सोने के सिक्कों की जगह पत्थर थे। मैंने इस बारे में काजी साहब से पूछा, तो उन्होंने गुस्से में कहा कि तुम मुझ पर चोरी का इल्जाम लगाते हो। इतना कह कर उन्होंने अपने नौकरों को बुलाया और मुझे मार–मार कर वहां से भगा दिया। किसान ने रोते हुए कहा, महाराज मेरे पास जमा–पूंजी के नाम पर बस वही सोने के सिक्के थे। मेरे साथ न्याय करें महाराज।



किसान की बात सुनकर बादशाह अकबर ने बीरबल को मामला सुलझाने के लिए कहा। बीरबल ने किसान के हाथों से थैली लेकर उसे अंदर से देखा और महाराज से थोड़ा–सा समय मांगा। शहंशाह अकबर ने बीरबल को दो दिन का समय दिया। घर जाकर बीरबल ने एक फटा हुआ कुर्ता अपने नौकर को दिया और कहा, इसे अच्छे से रफू करवा कर लाओ। नौकर कुर्ता लेकर चला गया और कुछ देर बाद उसे रफू करवा कर वापस आ गया। बीरबल कुर्ते देखकर खुश हो गए। कुर्ता इस प्रकार से रफू किया गया था कि मानों फटा ही न हो। यह देखकर बीरबल ने नौकर से उस दर्जी को बुलाकर लाने को कहा। नौकर कुछ ही देर में दर्जी को लेकर आ गया। बीरबल ने उससे कुछ पूछा और वापस भेज दिया।

अगले दिन बीरबल दरबार पहुंचे और सैनिक से काजी व किसान दोनों को दरबार में लेकर आने का आदेश दिया। कुछ ही देर में सैनिक काजी व किसान को साथ ले आया। इसके बाद बीरबल ने सैनिक से दर्जी को भी बुलाने के लिए कहा। यह सुनते ही काजी के होश उड़ गए। दर्जी के आते ही बीरबल ने उससे पूछा, क्या काजी ने तुम्हें कुछ सिलने के लिए दिया था? तब दर्जी ने कहा, कुछ महीने पहले मैंने इनकी सिक्कों वाली थैली को सिया था। इसके बाद जब बीरबल ने जोर देकर काजी से पूछा, तो उसने डर के मारे सब कुछ सच–सच बता दिया।

काजी ने कहा, महाराज, मैं एक साथ इतने सारे सोने के सिक्के देखकर लालची हो गया था। मुझे माफ कर दो। बादशाह अकबर ने काजी को आदेश दिया कि वह किसान को उसके सोने के सिक्के लौटाए और साथ ही काजी को एक वर्ष कारावास की सजा सुनाई। इसके बाद एक बार फिर सभी ने बीरबल की बुद्धि की भूरी–भूरी प्रशंसा की।

## वीर गाथा

# कैप्टन सुनील खोखर: गोलीबारी के बीच चिह्नित किए ठिकाने और उड़ा दिए दुश्मन के परखच्चे

कैप्टन सुनील खोखर का जन्म 5 मई, 1966 को हरियाणा के रोहतक जिले में स्थित कंसाला गांव में हुआ था। माता सूरजमुखी देवी और पिता सतीश खोखर के वीर पुत्र सुनील ने स्कूली शिक्षा रोहतक से प्राप्त की थी। उन्हें सेना में जाने की प्रेरणा अपने पिता से मिली, जो मानद कैप्टन के पद से सेवानिवृत्त हुए थे। सुनील ने रोहतक से कॉलेज शिक्षा पूरी करने के बाद संयुक्त रक्षा सेवा परीक्षा उत्तीर्ण की और उन्हें ओटीए, चेन्नई से बुलावा आया। वे अगस्त 1991 में प्रशिक्षण पूरा कर लेफ्टिनेंट बन गए। उन्हें भारतीय सेना की आर्टिलरी रेजिमेंट की 268 मीडियम रेजिमेंट में कमीशन दिया गया था।

कैप्टन सुनील को मई 1994 में अपनी यूनिट के साथ 'ऑपरेशन मेघदूत' के तहत लद्दाख के सियाचिन ग्लेशियर में तैनात किया गया था। यहां मौसमी परिस्थितियां अत्यंत प्रतिकूल होती हैं। वहीं, दुश्मन की भी इस इलाके पर कुदृष्टि रहती है। ऐसे में सैनिकों को काफी सतर्क रहना होता है।

कैप्टन सुनील और उनके साथी जवान इन दोनों चुनौतियों का सामना करते हुए दृढ़ता से तैनात थे। वे पाकिस्तान की ओर से होने वाली गोलीबारी का भरपूर जवाब दे रहे थे।

पांच मई, 1994 को पाकिस्तान ने सुबह अचानक गोलीबारी कर दी। वह भारत की एक पोस्ट पर कब्जा करना चाहता था, जो सामरिक दृष्टि से अत्यंत महत्त्वपूर्ण है।

कैप्टन सुनील और उनके साथियों ने दुश्मन की इस हरकत का मुंहतोड़ जवाब देकर उसे नाकाम कर दिया। इसके बाद उन्होंने गश्त कर दुश्मन के ठिकानों के बारे में जरूरी जानकारी इकट्ठी की। कैप्टन सुनील ने वहां तोपखाने से गोलाबारी करवाकर दुश्मन को भारी नुकसान पहुंचाया। सात मई को सुनील को दुश्मन के ऐसे और ठिकानों का पता लगाने के लिए भेजा गया। जब वे अपने काम को अंजाम दे रहे थे तो उन पर दुश्मन की नजर पड़ गई। अब उस ओर से भारी गोलीबारी होने लगी। कैप्टन सुनील दो बड़े ठिकानों को चिह्नित कर रहे थे। इसी दौरान दुश्मन की गोली उनकी गर्दन में लगी। वे गंभीर रूप से घायल होकर वीरगति को प्राप्त हो गए। उन्होंने सेना के आदर्शों का पालन करते हुए बलिदान दिया। उनके द्वारा चिह्नित किए गए ठिकाने हमारे देश की सुरक्षा के लिए अत्यंत महत्त्वपूर्ण सिद्ध हुए। बाद में उनको निशाना बनाते हुए भारतीय सेना ने पाकिस्तानियों के परखच्चे उड़ा दिए थे। कैप्टन सुनील खोखर को वीर चक्र से सम्मानित किया गया।



महत्त्वपूर्ण

Printed& Published by Devendra Sharma on behalf of owners M/s. New Media Company, 6/4 , Ist floor, Cantonment station road, Bengaluru-51 and printed at Dinasudar Printing Division, 116, Queens Road, Bengaluru-560052. **Editor-Shreekant Parashar**, (*Responsible for selection of news under PRB Act.) Reproduction of any matter from this newspaper in whole or in part or any such manner without prior written permission from the publisher is strictly prohibited and punishable by law. **RNI No. 58061/93. Regn No.: RNP/KA/BGS/2050/2015-2017 posted at Bengaluru PSO Mysore Road Bengaluru-560 026**

पाठकों से अनुरोध है कि इस प्रकाशन में प्रकाशित किए जाने वाले किसी भी तरह के विज्ञापन (वैवाहिक, वर्गीकृत, टेंड़र एवं सजावटी इत्यादि) पर कोई भी कार्यवाही, प्रतिबद्धता या धनराशि का व्यय करने से पूर्व इन विज्ञापनों के बारे में समस्त जानकारी वह स्वयं प्राप्त कर लें। दक्षिण भारत राष्ट्रमत समूह उत्पादों की गुणवत्ता तथा सेवाओं के लिए विज्ञापनदाताओं द्वारा किए जा रहे किसी प्रकार के दावों के लिए जिम्मेदार नहीं है। अगर विज्ञापनदाता विज्ञापन में किया जा रहा दावा पूरा नहीं करता है तो दक्षिण भारत राष्ट्रमत समूह के संपादक, मुद्रक एवं प्रकाशक या मालिकान को पाठक किसी भी रूप में उत्तरदाई नहीं बना सकता। – दक्षिण भारत राष्ट्रमत

मतदान



लोकसभा चुनाव के सातवें और अंतिम चरण के दौरान शनिवार को पटना में राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद राबड़ी देवी और रोहणी आचार्य के साथ मतदान केंद्र पर वोट डालने जाते हुए।

# रक्षा सहयोग पर भारत के साथ संबंधों को और अधिक मजबूत करेंगे : मार्कोस

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

सिंगापुर। फिलीपीन के राष्ट्रपति फर्डिनेंड मार्कोस जूनियर ने कहा है कि उनकी सरकार क्षेत्रीय स्थिरता में मददगार स्तंभों के निर्माण के क्रम में भारत जैसे मित्रों के साथ संबंधों को और अधिक मजबूत करेगी। इसके साथ ही उन्होंने चीन को दक्षिण चीन सागर में सीमा रेखा पार न करने की चेतावनी देते हुए कहा कि यदि बीजिंग के जानबूझकर किए गए कार्यों के परिणामस्वरूप फिलीपीन के किसी भी नागरिक की मृत्यु होती है तो मनीला इसे युद्ध के कृत्य के रूप में मानेगा और इसी के अनुसार जवाबी कार्रवाई करेगा। मार्कोस ने शुक्रवार रात वार्षिक शांगरी-ला संवाद में कहा, हमारी व्यापक द्वीपसमूह रक्षा अवधारणा के तहत, हम अपनी सेनाओं को उन क्षेत्रों में तैनात करने की क्षमता विकसित करेंगे जहां हमें संवैधानिक कर्तव्य और कानूनी अधिकार के अनुरूप अपने हितों की रक्षा तथा अपनी विरासत को संरक्षित करने की जरूरत होगी।

उन्होंने कहा कि फिलीपीन क्षेत्रीय स्थिरता में मददगार स्तंभों के निर्माण के क्रम में भारत तथा दक्षिण कोरिया जैसे मित्रों के साथ संबंधों को और अधिक प्रगाढ़ करेगा। दक्षिण चीन सागर और विशाल हिंद-प्रशांत क्षेत्र में बढ़ते तनाव को रेखांकित करते हुए मार्कोस ने कहा, जिस तरह हम अंतरराष्ट्रीय मामलों में कानून के शासन को कायम रखने के लिए काम करते हैं, वैसे ही हम अपने समुद्री क्षेत्र और वैश्विक परिदृश्य में अपने हितों की रक्षा के लिए अपनी क्षमताओं का निर्माण करेंगे।

उन्होंने चीन को दक्षिण चीन सागर में सीमा रेखा पार न करने की चेतावनी दी और कहा कि यदि बीजिंग के जानबूझकर किए गए कार्यों के चलते फिलीपीन के किसी भी नागरिक की मृत्यु होती है तो मनीला इसे युद्ध का कृत्य मानेगा और इसी के अनुसार जवाब देगा। चीन लगभग पूरे दक्षिण चीन सागर पर दावा करता है, हालांकि ताइवान, फिलीपीन, ब्रुनेई, मलेशिया और वियतनाम भी इसके कुछ हिस्सों पर दावा करते हैं। अप्रैल में, फिलीपीन ने 2022 में दोनों देशों द्वारा हस्ताक्षरित 37.5 करोड़ अमेरिकी डॉलर के समझौते के हिस्से के रूप में भारत की ब्रह्मोस सुपरसोनिक क्रूज़ मिसाइलों की खेप प्राप्त की थी। भारत के रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (डीआरडीओ) की संयुक्त उद्यम कंपनी ब्रह्मोस एयरोस्पेस प्राइवेट लिमिटेड (बीएपीएल) ने फिलीपीन को तट आधारित पोत विध्वंसक मिसाइल प्रणाली की आपूर्ति करने के लिए जनवरी 2022 में मनीला के साथ एक अनुबंध पर हस्ताक्षर किए थे।

## श्रीलंका पुलिस ने भारत में हिरासत में लिए गए चार आईएसआईएस संदिग्धों के आका को गिरफ्तार किया

कोलंबो। श्रीलंका की पुलिस ने प्रतिबंधित संगठन इस्लामिक स्टेट (आईएसआईएस) के साथ कथित संबंधों के कारण भारत में अहमदाबाद हवाई अड्डे से गिरफ्तार किए गए चार श्रीलंकाई नागरिकों के संदिग्ध आका (हैंडलर) को गिरफ्तार कर लिया है। 'डेली मिरर' पोर्टल ने बताया कि कोलंबो में आपराधिक जांच विभाग ने पुष्पराजा उस्मान (46) को शुक्रवार को गिरफ्तार किया। श्रीलंकाई पुलिस ने उसकी गिरफ्तारी में मददगार साबित होने वाली विश्वसनीय जानकारी देने वाले को 20 लाख रुपए नकद इनाम देने की घोषणा की थी।

पुलिस ने उसके खिलाफ नोटिस जारी किया था और उसका एक वीडियो भी जारी किया था, जिसमें जनता से उसके बारे में जानकारी मांगी गई थी। पुलिस ने बताया कि माना जाता है कि उस्मान ने अहमदाबाद हवाई अड्डे पर गिरफ्तार किए गए चार लोगों से टेलीफोन पर संपर्क किया था। गुजरात के आतंकवाद निरोधी दस्ते (एटीएस) ने आईएसआईएस से संबंध रखने के आरोप में चार श्रीलंकाई नागरिकों को अहमदाबाद में हवाई अड्डे से गिरफ्तार किया था। ये लोग 'इंडिगो' की उड़ान के जरिए श्रीलंका की राजधानी कोलंबो से 19 मई को चेन्नई पहुंचे थे।

श्रीलंकाई सुरक्षा बलों को संदेह है कि 46 वर्षीय संदिग्ध उस्मान इन चार श्रीलंकाई नागरिकों का आका है। अब तक की जांच पर टिप्पणी करते हुए पुलिस प्रवक्ता निहाल थलदुवा ने कहा कि पुलिस अभी तक यह सत्यापित नहीं कर पाई है कि चारों संदिग्धों का आईएसआईएस से कोई संबंध है या नहीं। उन्होंने कहा, क्या चारों संदिग्धों ने श्रीलंका में आईएसआईएस की विचारधारा को बढ़ावा दिया था।

# चीन के साथ युद्ध न तो आसन्न है और न ही अपरिहार्य : ऑस्टिन

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

सिंगापुर। अमेरिका के रक्षा मंत्री लॉयड ऑस्टिन ने शनिवार को शीर्ष सुरक्षा अधिकारियों के एक समूह से कहा कि एशिया-प्रशांत में तेजी से बढ़ते तनाव के बावजूद चीन के साथ युद्ध न तो आसन्न है और न ही अपरिहार्य है। साथ ही उन्होंने गलत अनुमान और गलतफहमियों से बचने के लिए उनके तथा चीनी समकक्ष के बीच नए सिरे से संवाद की महत्ता पर जोर दिया। ऑस्टिन ने सिंगापुर में शंगरी-ला रक्षा मंच पर ये टिप्पणियां चीन के रक्षा मंत्री डोंग जुन के साथ एक घंटे से अधिक समय तक चली बैठक के बाद कीं। वर्ष 2022 में अमेरिकी प्रतिनिधि सभा की तत्कालीन स्पीकर नैंसी पेलोसी की ताइवान यात्रा के बाद अमेरिका और चीनी सेनाओं के बीच संपर्क समाप्त हो गया था। इसके बाद से दोनों शीर्ष रक्षा अधिकारियों के बीच यह आमने-सामने की पहली बैठक है। बैठक के बारे में विस्तार से बताने से इनकार करते हुए ऑस्टिन ने कहा कि सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि दोनों नेता फिर से बातचीत कर रहे हैं। ऑस्टिन ने कहा, चीन के साथ युद्ध या लड़ाई न तो आसन्न है और न ही अपरिहार्य है। उन्होंने कहा, बड़े देशों के नेताओं को यह सुनिश्चित करने के लिए एक साथ मिलकर काम करने की जरूरत है कि हम गलत अनुमानों और गलतफहमियों के लिए अवसर कम करने वाली चीजें करें।

उन्होंने कहा, हर बातचीत सुखद बातचीत नहीं होती लेकिन महत्वपूर्ण यह है कि हम एक-दूसरे से बातचीत करते रहें और यह भी आवश्यक है कि हम अपने सहयोगियों एवं साझेदारों का सहयोग करते रहें। फिलीपीन के राष्ट्रपति फर्डिनेंड मार्कोस जूनियर ने शुक्रवार रात को इसी मंच को संबोधित करते हुए स्पष्ट रूप से कहा कि अगर चीन के उनके देश के तटरक्षक बल से टकराव के दौरान एक भी फिलीपीनी नागरिक मारा जाता है तो यह युद्ध के कृत्य के समान होगा और हम उसी अनुसार जवाबी कार्रवाई करेंगे।

## रूस और यूक्रेन ने युद्ध में बंदी बनाए गए सैनिकों एवं आम नागरिकों की अदला-बदली की

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

सुमी (यूक्रेन)। यूक्रेन और रूस ने युद्ध में बंदी बनाए गए एक दूसरे के 75-75 सैनिकों की शुक्रवार को अदला-बदली की। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। दोनों देशों के बीच पिछले तीन महीनों में पहली बार युद्धबंदियों (पीओडब्ल्यू) की अदला-बदली की गई है। यूक्रेन के चार आम नागरिकों सहित युद्धबंदियों को कई बस से उत्तरी सुमी क्षेत्र में पहुंचाया गया। बस से उतरते ही वे खुशी से चिल्लाने लगे और उन्होंने अपने परिजनों को फोन करके अपने स्वदेश लौटने की जानकारी दी। कुछ लोग घुटनों के बल बैठ कर जमीन को चूमने लगे जबकि कई लोगों ने अपने आप को पीले-नीले झंडों में लपेट कर एक-दूसरे को गले लगाया और फूट-फूट कर रोने लगे।

अधिकारियों ने बताया कि युद्धबंदियों की अदला-बदली से कुछ समय पहले इसी स्थान पर दोनों पक्षों ने सैनिकों के शव भी एक-दूसरे को सौंपे थे। इस वर्ष में चौथी बार और फरवरी 2022 में रूस द्वारा यूक्रेन पर आक्रमण करने के बाद से 52वीं बार युद्ध बंदियों की अदला-बदली की गई है। संयुक्त अरब अमीरात ने कहा कि इस हालिया अदला-बदली में उसने मदद की है। 'यूक्रेन क्रॉडिनेशन हेडक्वॉर्टर फॉर ट्रीटमेंट ऑफ पीओडब्ल्यू' के अनुसार, युद्ध शुरू होने के बाद से यूक्रेन के कुल 3,210 सैन्यकर्मी और आम नागरिक देश लौट चुके हैं।

बैठक



कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, पार्टी नेता सोनिया गांधी और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और अन्य लोग शनिवार को नई दिल्ली में खरगे के आवास पर आई.एन.डी.आई.ए. गठबंधन के नेताओं की बैठक के बाद।

## वैश्विक महामारी ने सिनेमा जगत को बदलने पर मजबूर किया: जाह्नवी कपूर

मुंबई/एजेन्सी



अभिनेत्री जाह्नवी कपूर ने कहा कि वैश्विक कि महामारी ने सिनेमा जगत को बदलने पर मजबूर किया है। उनका मानना है कि मध्यम श्रेणी की फिल्मों को निर्माताओं और दर्शकों से अधिक समर्थन की जरूरत है। जाह्नवी (27) की फिल्म 'मिस्टर एंड मिसेज माही' आज ही बड़े पर्दे रिलीज हुई है। अभिनेत्री ने कहा कि वह ऐसी भूमिकाएं निभाने की चाह रखती हैं जो किसी कहानी पर आधारित हों। जाह्नवी कपूर ने साक्षात्कार में कहा, वैश्विक महामारी के बाद दर्शकों द्वारा सिनेमा देखने के तरीके में आए बदलाव ने हमें थोड़ा बदलाव करने पर मजबूर किया है। यह अच्छा समय है। अभिनेत्री का मानना है कि मध्यम श्रेणी की फिल्मों को उचित सम्मान दिलाने के लिए उन्हें निर्माताओं द्वारा प्रोत्साहित किए जाने की जरूरत है।

फिल्म 'मिस्टर एंड मिसेज माही' में जाह्नवी कपूर महिमा के किरदार में हैं जो पेशे से एक डॉक्टर हैं। हालांकि, रुचि वह क्रिकेट में रखती हैं और शादी के बाद अपने पति की मदद से अपना क्रिकेटर बनने का सपना पूरी करने की कोशिश करती हैं। उन्होंने कहा, एक कलाकार के तौर पर आप 'मिस्टर एंड मिसेज माही' जैसी फिल्में करने या कहानियां सुनाने के लिए लालायित रहते हैं। इसलिए मुझे उम्मीद है कि लोग इसे पसंद करेंगे और इसका आनंद उठाएंगे जिससे हम ऐसी और फिल्में बना पाएंगे। जी स्टूडियोज और धर्मा प्रोडक्शंस द्वारा निर्मित 'मिस्टर एंड मिसेज माही' में अभिनेता राजकुमार राव भी मुख्य भूमिका में हैं।

# 'सुहागन चुड़ैल' में 'हार्नेस स्टंट' सीन को लेकर काफी नर्वस थीं निया शर्मा

मुंबई/एजेन्सी



निया शर्मा टीवी की मोस्ट पॉपुलर एक्ट्रेस में से एक हैं। इन दिनों वह फैंटसी-थ्रिलर-रोमांस से भरपूर शो 'सुहागन चुड़ैल' में नजर आ रही हैं। एक्ट्रेस ने अपने किरदार 'चुड़ैल' को दमदार बनाने के लिए कई 'हार्नेस स्टंट सीन' किए। निया ने कहा, ''चुड़ैल की भूमिका निभाकर मैं खुद को बेहद मजेदार तरीके से आगे बढ़ा रही हूं।'' उन्होंने कहा, ''सबसे बेहतरीन हिस्सों में से एक है 'हार्नेस स्टंट' सीन करना। आप मुझे हार्नेस इक्विपमेंट के जरिए पेड़ों पर बैठे, हवा में उड़ते और यहां तक ड्ड्ड्कि अपने शिकार पर हमला करते देखेंगे।'' शुरू में, एक्ट्रेस फिजिकली रूप से 'हार्नेस स्टंट' को लेकर थोड़ी नर्वस थी। एक्ट्रेस ने कहा, ''लेकिन अब मुझे यह पसंद है! अपने कम्फर्ट जोन से बाहर निकलना और ऐसी चीजें करना जो मैंने पहले कभी नहीं की, यही एक एक्टर के रूप में मेरे पैशन को बढ़ाता है।'' निया ने कहा, ''यह निश्चित रूप से उन सभी स्टंट और वीएफएक्स सीन्स को सीखने और शूट करने का एक दिलचस्प सफर है। हमारी कड़ी मेहनत रंग ला रही है, दर्शक 'सुहागन चुड़ैल' के किरदार और शो के अलौकिक रोमांच की सराहना कर रहे हैं।'' सुहागन चुड़ैल में निया शर्मा चुड़ैल निशिगंधा के रोल में, देबचंद्रिमा सिंघा रॉय दीया के किरदार में और जैन इबाद खान मोक्ष की भूमिका में हैं। सीरियल की कहानी में चुड़ैल (निया शर्मा) को परम शक्ति हासिल करने के लिए 16 श्रृंगार शक्तियों को पूरा करना होगा और उसकी 16वीं शक्ति सिंदूर है। इसे लेने के लिए उसे अपने जीवन में 16वें पुरुष को खत्म करना होगा। शो में निया शर्मा के अलावा, जैन इबाद खान और देबचंद्रिमा सिंघा रॉय भी लीड रोल में हैं। 'सुहागन चुड़ैल' हर सोमवार से शुक्रवार रात 10.30 बजे कलर्स पर प्रसारित होती है। निया शर्मा ने इससे पहले 'एक हजारों में मेरी बहना है', 'जमाई राजा', 'खतरों के खिलाड़ी 8', 'इश्क में मरजावां', 'नागिन 4', 'झलक दिखला जा 10' समेत कई शो में काम किया है।



# लागत निकालने में सफल हुई 'श्रीकांत'

मुंबई/एजेन्सी

राजकुमार राव की ही फिल्म 'श्रीकांत' उतार-चढ़ाव के साथ सिनेमाघरों में रिलीज के तीन सप्ताह पूरे कर चुकी है। फिल्म 10 मई को रिलीज हुई थी। फिल्म बिजनेसमैन श्रीकांत बोल्ला की रियल लाइफ स्टोरी पर बेस्ड है। इसके डायरेक्टर तुषार हीरानंदानी हैं। फिल्म को क्रिटिक्स से लेकर दर्शकों तक ने पॉजिटिव रिव्यू दिया। 'श्रीकांत' अपनी लागत भी वसूल कर चुकी है। टी सीरीज के मालिक भूषण कुमार द्वारा निर्मित श्रीकांत की इस सफलता ने उनका विश्वास राजकुमार राव पर बढ़ा दिया है। अपने हाल ही में दिए एक साक्षात्कार में भूषण कुमार ने कहा था कि एक दिन जब वे श्रीकांत के सैट पर पहुँचे तो वे राजकुमार राव को देखकर दंग रह गए। वह पूरी तरह से उस समय श्रीकांत बोल्ला के अंदाज में थे। उनकी इसी बात ने मुझे बहुत प्रभावित किया। फिल्म ने 22वें दिन 31 मई को 1.35 करोड़ रुपए की कमाई की है। इसका कुल कलेक्शन 41.75 करोड़ रुपए हो गया है। 'श्रीकांत' ने रिलीज के पहले हफ्ते में 17.85 करोड़, दूसरे हफ्ते में 13.65 करोड़ और तीसरे हफ्ते 8.9 करोड़ रुपए कमाए।

# 'डार्लिंग्स' और 'बधाई हो' जैसी फिल्में बनाना चाहती हूं: खुशबू

मुंबई/एजेन्सी



तमिल हॉरर कॉमेडी फिल्म 'अरनमनई 4' बनाने वाली अभिनेत्री और राजनीतिज्ञ खुशबू सुंदर बतौर निर्माता 'डार्लिंग्स', 'बधाई हो' और 'क्रू' जैसी कहानियों पर फिल्में बनाना चाहती हैं। तमन्ना भाटिया और राशि खन्ना अभिनीत 'अरनमनई 4' ने बॉक्स ऑफिस पर लगभग 100 करोड़ रुपये की कमाई की है। सुंदर का मानना है कि दक्षिण में अभी ऐसी फिल्मों के लिए दर्शकों की कमी है। सुंदर ने एक साक्षात्कार में बताया, मैं ऐसी निर्माता नहीं हूं जो कहे कि मैं केवल महिला केंद्रित फिल्में बना रही हूं, मैं 'डार्लिंग्स', 'बधाई हो', 'क्रू' जैसा कुछ करना पसंद करूंगी। लेकिन दुर्भाग्यवश दक्षिण भारत में अभी हमारे पास उस तरह के दर्शक नहीं हैं जो मल्टीप्लेक्स में जाकर ऐसी फिल्में देखें। इसमें कुछ समय लगेगा, जब 'बधाई हो' तमिल में बनी तो वह असफल रही, उसने अच्छा प्रदर्शन नहीं किया था। 'अरनमनई 4' का निर्देशन उनके पति और फिल्म निर्माता सुंदर सी ने किया है। उन्होंने कहा कि एक निर्माता के रूप में उनकी समझ बहुत पेशेवराना है, लेकिन इन कहानियों में महिलाओं को जिस तरह से प्रस्तुत किया जाता है उसके प्रति वह सतर्क रहती हैं। अभिनेत्री सुंदर ने कहा, आजकल जैसी फिल्में बनाई जा रही हैं उनमें काफी बदलाव आया है। हां, हमारे पास अभी ऐसे हीरो हैं जिनके बारे में आपको लगता है कि फिल्में सिर्फ हीरो के नाम पर बेची जा रही हैं और हीरोइन फिल्म में बहुत छोटी भूमिका निभा सकती हैं। उन्होंने कहा, लेकिन यह देखना सुखद है कि महिला कलाकार भी अपने दम पर फिल्मों को हिट करा सकती हैं। सफल फिल्म बनाने के लिए आपको पुरुष समकक्ष पर निर्भर होने की जरूरत नहीं है।

# 'औरों में कहाँ दम था' का टीजर जारी

मुंबई/एजेन्सी

अजय देवगन हिन्दी सिनेमा के बेहतरीन अदाकारों में शामिल किए जाते हैं। पिछले 34 सालों से हिन्दी सिनेमा में अपने एक्शन और अभिनय का जौहर दिखाने वाले अजय देवगन की इस साल अब तक दो फिल्मों शैतान और मैदान का प्रदर्शन सिनेमाघरों में हुआ है। इनमें से शैतान ने जबरदस्त कामयाबी प्राप्त की, वहीं दूसरी ओर मैदान को मामूली सफलता मिली। आश्चर्यजनक बात यह है कि अभिनय उनका शैतान की बनस्पति मैदान में बेहतरीन था। अजय के करियर में अब सफलता-असफलता कोई मायने नहीं रखती है। दर्शक अजय देवगन का मान सुनकर ही सिनेमाघरों में आ जाता है। अजय की सक्रियता में आज भी कोई कमी नहीं आई है। वे लगातार व्यस्त रहते हैं और उनकी एक के बाद एक फिल्में रिलीज होती रहती हैं।

अब अजय के प्रशंसकों को एक और सौगात मिलने वाली है। अजय फिल्म 'औरों में कहां दम था' में नजर आएंगे, जिसमें उनकी जोड़ी उनकी फेवरेट को-स्टार तब्बू के साथ बनी है। दोनों कई फिल्मों में साथ काम कर चुके हैं। आज शुक्रवार (31 मई) को 'औरों में कहां दम था' का टीजर सामने आ गया। इसे अजय ने अपने इंस्टाग्राम पर शेयर किया। इसके साथ उन्होंने फिल्म की रिलीज डेट भी




बता दी। यह रोमांटिक थ्रिलर फिल्म 5 जुलाई को सिनेमाघरों का रुख करेगी। फिल्म पहले 26 अप्रैल को रिलीज होनी थी। अजय ने इससे पहले आज ही फिल्म का पोस्टर भी जारी किया था। फिल्म के निर्देशक नीरज पांडे हैं। यह अजय और नीरज की साथ में पहली फिल्म है। टीजर में अजय और तब्बू का खास अंदाज देखने को मिला। फैंस इस जोड़ी पर खूब प्यार लुटाते हैं। जल्द ही ट्रेलर रिलीज किया जाएगा।

काम की बात करें तो अजय देवगन सिंघम 3 उर्फ ड्ड्ड्सिंघम अगेन में नजर आएंगे। सिंघम 3 सिनेमाघरों में धमाल मचाने वाली है। इस फिल्म में न केवल अजय देवगन सिंघम के रूप में वापस आ रहे हैं, बल्कि यह रोहित शेट्टी की पुलिस यूनिवर्स में रणवीर सिंह और अक्षय कुमार की वापसी का भी प्रतीक है। इस फिल्म में करीना कपूर भी हैं और दीपिका पादुकोण के रूप में पहली महिला सिंघम दिखाई देंगी। इस फिल्म में टाइगर श्रॉफ को भी पुलिस यूनिवर्स में पेश किया गया है। दूसरी ओर, तब्बू को आखिरी बार करीना कपूर खान और कृति सनोन के साथ द क्रू में देखा गया था। फिल्म में, अभिनेत्रियाँ फिल्म में एयर होस्टेस की भूमिका निभाती हैं, जिसमें इन-फ़्लाइट सुपरवाइज़र गीता सेठी, सीनियर फ़्लाइट अटेंडेंट जैस्मीन राणा और जूनियर फ़्लाइट अटेंडेंट दिव्या बाजवा शामिल हैं, जो कोहिनूर एयरलाइंस के लिए काम करती हैं। फिल्म एक असफल एयरलाइन उद्योग और तीन फ़्लाइट अटेंडेंट के जीवन की पृष्ठभूमि पर आधारित है। हालाँकि, उनकी नियति उन्हें मुश्किल स्थिति में डाल देती है, और वे झूठ और धोखे के जाल में फंस जाते हैं। तीनों के अलावा, फिल्म में दिलजीत दोसांझ और कपिल शर्मा भी महत्वपूर्ण भूमिकाओं में हैं। राजेश कृष्णन ने इस फिल्म का निर्देशन किया है, जिसे बालाजी मोशन पिक्चर्स और अनिल कपूर फिल्म्स एंड कम्युनिकेशन नेटवर्क ने निर्मित किया है।

RNI No. 58061/93. Regn No.: RNP/KA/BGS/2050/2018-2020
Posted at Bengaluru PSO
Mysore Road Bengaluru-560 026.

जैन श्रावक संघ हनुमंतनगर के तत्वावधान में आयोजित प्रवचन सभा में श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए साध्वी डॉ. दर्शनप्रभाजी म .सा. ने कहा कि मानव जीवन अति दुर्लभ है। मानव जीवन सृष्टि का सर्वोत्तम वरदान है।



# विजया भंडारी के देहदान ने दिया अनुकरणीय सामाजिक संदेश

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। बहुत पढ़ने और सुनने को मिलता है कि आज के समय में देहदान के संबंध में सकारात्मक जागरूकता पैदा करने की महती आवश्यकता है लेकिन धरातल पर देखें तो इस दिशा में नगण्य प्रयास दिखाई देते हैं । फिर भी बहुत से परिवार इस विषय में बहुत सजग हैं और उदार भी। ऐसा ही एक परिवार है जोधपुर मूल का भंडारी परिवार, जो बेंगलूरु में निवास करता है और शनिवार को इस परिवार की 70 वर्षीया महिला श्रीमती विजया भंडारी (धर्मपत्नी स्व. राजीव भंडारी) का निधन हो गया तो उनके पुत्र निमेश भंडारी ने अपनी माता की अभिलाषा का जिक्र करते हुए उनके देहदान के संकल्प को उजागर किया और अपने परिवार जनों एवं निकट रिश्तेदारों की उपस्थिति में श्रीमती विजया भंडारी का पार्थिव शरीर सेंट जोंस होस्पिटल को सौंप दिया। जोधपुर एसोसिएशन बेंगलूरु के पूर्व अध्यक्ष राजेंद्र लोढ़ा ने बताया कि उनकी समधन (पुत्री की सास) विजया जी भंडारी स्वयं पीएचडी होल्डर थीं और सरकारी कालेज में प्राचार्य रह चुकी थीं। उन्होंने कहा कि भंडारी परिवार एक सुशिक्षित एवं जागरूक परिवार है इसलिए देहदान का महत्व समझता है। उन्होंने यह भी कहा कि देहदान के प्रति जोधपुर शहर तुलनात्मक दृष्टि से ज्यादा जागरूक है। बेंगलूरु में तो ऐसी उदारता कभीकभार ही दिखाई देती है। स्व. विजया भंडारी का देहदान का संकल्प और परिवार द्वारा उस संकल्प को पूरा करना समाज के समक्ष एक अनुकरणीय उदाहरण है।



# तप, त्याग, जीवदया, अनुकंपादान के साथ मनाया गया आचार्यश्री का जन्मदिवस

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

मुम्बई। शहर के मीरा आनंद सोसायटी के वासुपूज्य जैन श्वेताम्बर में विराजित आचार्यश्री महेन्द्रसागरसूरीश्वरजी का जन्म दिवस तप, त्याग, जीवदया, अनुकंपादान एवं साधर्मिक भक्ति सहित मनाया गया। कार्यक्रम का आयोजन संघ ने किया। संघ के अध्यक्ष गणपत ने गुरुवर का परिचय देते हुए सभी अतिथियों का स्वागत किया। आचार्यश्री के शिष्य मेरुपद्मसागरजी, अर्हमपद्मसागरजी एवं बालमुनि ओमपद्मसागरजी ने भी गुरुवर को शुभकामनाएं दी। आचार्यश्री ने कहा कि अभागा वो नहीं है जिसको अपने स्तर का पता नहीं चला। अभागा वो नहीं जिसको अमीर बनने का रास्ता पता नहीं, पर अभागा वो है जिसे अमीर बनने का पता चला, लेकिन मरा गरीब। वैसे अभागा वो नहीं है जिसे सज्जन, साधु और श्रावक बनने का पता नहीं चला या रास्ता मालूम नहीं हुआ किन्तु अभागा वो है जो पता चलने के बाद भी न साधु बना, न सज्जन बना, श्रावक बना और न जैन बना। आज जिंदगी बहुत छोटी है, अब के जमाना 20-20 खेल का है न कि 50-50 खेल का। ये जमाना बदल गया है टेस्ट मैच देखने कोई नहीं जाता। जिंदगी बहुत छोटी है अब इसलिए धीरे धीरे नहीं अपितु अपने काम जल्दी जल्दी कीजिए । अगर धीरे धीरे करोगे तो कहीं नहीं पहुंचोगे।

# राजस्थान परिषद ने किया अन्नदान

बेंगलूरु/दक्षिण भारत । स्थानीय राजस्थान परिषद ने मासिक सेवा आयाम के अन्तर्गत केजी रोड स्थित पुंज सिंधी पंचायत के समक्ष कमलेश भरत डूंगरवाल परिवार के सौजन्य से ज़रूरतमंद लोगों के लिए अन्नदान सेवा का कार्यक्रम रखा गया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ पूज सिंधी पंचायत के पूर्व अध्यक्ष राम कपाई ने भगवान राधा कृष्ण की प्रार्थना के साथ किया । परिषद के मंत्री विनय बैद एवं मासिक सेवा संयोजक दीपक गोठी ने लगभग 300 लोगों को अन्नदान किया।

## आयुष्मान स्वास्थ्य शिविर

दक्षिण भारत राष्ट्रमत



कर्नाटक होजरी एवं गारमेन्ट एसोसिएशन (खागा) ने अपने सदस्यों व व्यवसायिक प्रतिष्ठानों में कार्यरत कर्मचारियों के लिए भारत आयुष्मान मेडिकल हेल्थ पोलिसी बनाने का एक दिवसीय शिविर कॉटनपेट स्थित पूर्वी प्लाजा में आयोजित किया गया। इस शिविर में करीब 200 लोगों ने कार्ड बनवाए। खागा के अध्यक्ष प्रकाश भोजानी, उपाध्यक्ष पदमसिंह राजपुरोहित, सचिव कैलाश बालर, सहसचिव बिशनसिंह विराना, प्रोजेक्ट चेयरमैन जोगेश जैन, चंपालाल जैन, राजेश जैन, विकास जैन, गौरव शर्मा एवं पूर्व अध्यक्ष सज्जनराज मेहता, दिलीप जैन, डुंगरमल चौपड़ा उपस्थित रहे।



# चम्पालाल बंदामुथा बने बीबीयूएल स्कूल व भंडारी कॉलेज के सचिव

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। स्थानीय महावीर जैन शिक्षक संघ द्वारा संचालित बीबीयूएल जैन विद्यालय एवं सीबी भंडारी जैन कालेज की कार्यकाकारिणी सदस्यों की बैठक हुई जिसमें सर्वसम्मति से चम्पालाल बंदामुथा को सचिव पद का कार्यभार सौंपा गया।

संस्था के अध्यक्ष चम्पालाल भंडारी ने नए सचिव को बधाई दी। उपस्थित उपाध्यक्ष हेमराज मन्नु व विमल खांटेड, सहसचिव जयन्तीलाल जैन, कोषाध्यक्ष अशोक भंडारी कार्यकारिणी सदस्य महावीर खांटेड, मांगीलाल बोहरा, नरेन्द्र वेदमुथा, शान्तिलाल पोरवाल, हितेंद्र जैन ने शुभकामनाएं दी। सहसचिव चम्पालाल दांतेवाड़िया ने सबको धन्यवाद दिया।



# भगवान महावीर के सिद्धांतों से सभी समस्याओं का निदान संभव : साध्वीश्री दर्शनप्रभा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। शहर के वर्धमान स्थानकवासी जैन श्रावक संघ हनुमंतनगर के तत्वावधान में आयोजित प्रवचन सभा में श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए साध्वी डॉ. दर्शनप्रभाजी म .सा. ने कहा कि मानव जीवन अति दुर्लभ है। मानव जीवन सृष्टि का सर्वोत्तम वरदान है। सौम्य, सरल, शांत तथा तनाव और कुंठा से रहित जीवन जीना उसका जन्मसिद्ध अधिकार है। व्यक्ति के विचारों में अहिंसा, वाणी में अनेकांत और व्यवहार में अपरिग्रहवाद को अपने जीवन में आत्मसात करें तो उस व्यक्ति का जीवन जरूर सफल बन सकता है। उन्होंने कहा कि भगवान महावीर के सिद्धांतों को आचरण में लाने पर ही विश्व की सभी समस्याओं का निदान संभव है। कषाय जीव को संसार में भटकाने वाले हैं, अतः व्यक्ति कषाय, विषम भावों का त्याग कर जीवन में सरलता का गुण धारण करें आत्मशुद्धि के लक्ष्य को सामने रखकर जो साधक पवित्र हृदय से धर्म की आराधना करता है वह प्राणी निश्चित ही परम पद मुक्ति को प्राप्त कर सकता है। संत संसार में कल्याण मित्र बन कर भव्य जीवों को पाप से हटाकर मोक्ष मार्ग की राह दिखाते हैं।

प्रारंभ में साध्वी डॉ. समृद्धिजी म.सा. ने व्यक्ति को अपने जीवन में नकारात्मक विचारों से दूर रह कर सदैव सकारात्मक चिंतन करने की बात कही। संघ अध्यक्ष गौतमचंद सिंघवी ने सबका स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन करते हुए संघ मंत्री सुरेश कुमार धोका ने बताया कि रविवार को हनुमंत नगर संघ के तत्वावधान में एवं साध्वी डॉ दर्शनप्रभा जी म .सा.के सान्निध्य में उपाध्यायश्री पुष्करमुनिजी की 100 वीं एवं उपप्रवर्तक श्री नरेशमुनिजी का 43वां दीक्षा दिवस दो-दो सामायिक की साधना के साथ तप त्यागपूर्वक प्रातः प्रवचन के समय मनाया जाएगा।






# वायुसेना तकनीकी कॉलेज में अधिकारियों की पासिंग आउट परेड हुई

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। वायुसेना तकनीकी कॉलेज में शनिवार को गणमान्य लोगों, अधिकारियों, वायु योद्धाओं, अभिभावकों और वायुसेना के पूर्व अधिकारियों की मौजूदगी में 212/23टी/स्थायी कमीशन और शॉर्ट सर्विस कमीशन/102 एयरोनॉटिकल इंजीनियरिंग कोर्स की पासिंग आउट परेड (पीओपी) हुई। परेड में 74 सप्ताह के कठोर प्रशिक्षण का सफल समापन दर्शाया गया, जिसमें 20 महिला अधिकारियों सहित कुल 60 इंजीनियरिंग अधिकारी कॉलेज से उत्तीर्ण हुए।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भारतीय वायुसेना की पूर्वी वायु कमान (ईएसी) के एयर ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ एयर मार्शल एसपी धारकर थे। उन्होंने समीक्षा अधिकारी (आरओ) के रूप में परेड का निरीक्षण भी किया। कॉलेज के कमांडेंट एयर कमोडोर आशुतोष श्रीवास्तव ने आरओ का स्वागत किया। परेड में डोर्नियर विमानों द्वारा शानदार फ्लाईपास्ट और भारतीय वायुसेना की 'एयर डेविल्स' टीम द्वारा स्काई डाइविंग का प्रदर्शन किया गया। परेड के दौरान 'एयर वॉरियर्स ड्रिल टीम' ने भी अपने कौशल का प्रदर्शन किया।

आरओ ने पाठ्यक्रम में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले अधिकारियों को ट्रॉफी और पदक प्रदान किए। ऑर्डर-ऑफ-मेरिट में प्रथम स्थान के लिए प्रतिष्ठित 'स्वॉर्ड ऑफ ऑनर' फ्लाइंग ऑफिसर राहुल ईवी को प्रदान किया गया। प्रोफेशनल विषयों और सामान्य सेवा प्रशिक्षण में सर्वश्रेष्ठ अधिकारी के लिए 'राष्ट्रपति पट्टिका' फ्लाइंग ऑफिसर नुन्ना ऊहा को प्रदान की गई। इलेक्ट्रॉनिक्स और मैकेनिकल स्ट्रीम में ऑर्डर-ऑफ-मेरिट में प्रथम स्थान के लिए 'चीफ ऑफ एयर स्टाफ मेडल' क्रमशः फ्लाइंग ऑफिसर ऋतु रंजन और फ्लाइंग ऑफिसर पाथिवाड़ा हेमंत कुमार को प्रदान किए गए।

ईएसी के एओसी-इन-सी ने सभा को संबोधित किया और स्नातक अधिकारियों को बधाई दी। एयर मार्शल ने अधिकारियों को नवोन्मेषी बनकर परिचालन तत्परता पर ध्यान केन्द्रित करने, प्रौद्योगिकी में प्रगति के साथ तालमेल बनाए रखने, रखरखाव चुनौतियों से निपटने के लिए ज्ञान और कौशल को निरंतर उन्नत करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि वे सभी सौंपे गए कार्यों को पूरा करने में सक्षम होने के लिए शारीरिक और मानसिक रूप से फिट रहें।

# प्रधानमंत्री ने 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' का नारा दिया, पर प्रज्ज्वल पर चुप्पी नहीं तोड़ी : कांग्रेस

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु/नई दिल्ली। कांग्रेस ने यौन शोषण मामले में कर्नाटक के हासन से सांसद प्रज्ज्वल रेवन्ना की गिरफ्तारी के लिए राज्य सरकार को बधाई देते हुए शनिवार को इस संबंध में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की ''चुप्पी'' को लेकर सवाल खड़े किए। पार्टी की महिला इकाई की अध्यक्ष अलका लांबा ने यह दावा भी किया कि प्रधानमंत्री ने बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' का नारा जरूर दिया, लेकिन इस संगीन मामले पर अब तक वह कुछ नहीं बोले और यहां तक कि आरोपी सांसद के लिए लोकसभा चुनाव में वोट भी मांगे। कर्नाटक सरकार द्वारा गठित एसआईटी' ने प्रज्ज्वल को गिरफ्तार किया है।

लांबा ने संवाददाताओं से कहा, हम कर्नाटक सरकार को बधाई देते हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि मोदी 'बेटी बचाओ का नारा' देते रहे, लेकिन उन्होंने प्रज्ज्वल रेवन्ना पर अपनी चुप्पी नहीं तोड़ी। उन्होंने कहा, कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्दरामैया ने प्रधानमंत्री मोदी को पत्र लिखकर कहा कि देश छोड़कर भाग चुके प्रज्ज्वल रेवन्ना को वापस लाया जाए। लेकिन प्रधानमंत्री मोदी ने मुख्यमंत्री के पत्र का कोई जवाब नहीं दिया। ये दिखाता है कि प्रज्ज्वल रेवन्ना के मामले को लेकर प्रधानमंत्री मोदी जी कितने गंभीर थे?

अलका लांबा ने कहा, राहुल गांधी जी ने पत्र लिखकर पीड़िताओं को न्याय का आश्वासन दिया था। उन्होंने नरेंद्र मोदी से सवाल भी पूछा था कि आप आरोपी को क्यों बचा रहे हैं? प्रियंका गांधी जी ने भी प्रज्ज्वल रेवन्ना के मामले में नरेन्द्र मोदी जी की खामोशी पर सवाल उठाए थे। लेकिन प्रधानमंत्री ने आजतक अपनी चुप्पी नहीं तोड़ी। उन्होंने दावा किया, राजस्थान में बीते पांच महीने में 12 हजार महिलाओं के साथ दुष्कर्म और प्रताड़ना के मामले सामने आए हैं। 1,644 नाबालिगों के साथ दरिंदगी हुई।

# अवैध गर्भपात के दौरान महिला की मौत के मामले में माता-पिता गिरफ्तार

**यह पूरा मामला महाराष्ट्र के सांगली पुलिस थाने से बागलकोट जिले के महालिंगपुर पुलिस थाने में स्थानांतरित कर दिया गया है। पुलिस जांच में यह बात सामने आई है कि आरोपी नर्स कविता के खिलाफ 2022 में भी ऐसा ही मामला दर्ज किया गया था। जांच में पता चला है कि आरोपी कविता एक निजी अस्पताल में हाउसकीपिंग स्टाफ के तौर पर काम करती थी।**

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बागलकोट। अवैध गर्भपात के दौरान मौत के मामले में कर्नाटक पुलिस ने गर्भवती महिला के माता-पिता को गिरफ्तार कर लिया है। मामला कर्नाटक के बागलकोट जिले के महालिंगपुर कस्बे का है। माता-पिता पर आरोप है कि उन्होंने अपनी बेटी को कन्या भ्रूण हत्या करने के लिए मजबूर किया। गिरफ्तार किए गए लोगों की पहचान पिता संजय गौली और मां संगीता गौली के रूप में हुई है।

महाराष्ट्र के सांगली की रहने वाली 33 वर्षीय सोनाली ने गर्भ में बेटी होने का पता चलने के बाद महालिंगपुर के किसी घर में गर्भपात कराया।

बताया जा रहा है कि 27 मई को महिला की मौत हुई। उसकी पहले से ही दो बेटियां थीं। महिला की मौत के बाद महाराष्ट्र पुलिस ने इस पूरे मामले में सांगली से सात लोगों की गिरफ्तारी की है। गिरफ्तार किए गए लोगों में मुख्य आरोपी नर्स कविता बड्डनवर भी शामिल है, जिसने महिला का गर्भपात कराया। शुरुआती जांच से पता चला है कि मृतका सोनाली ने भ्रूण के लिंग की पुष्टि के लिए महाराष्ट्र में स्कैनिंग कराई थी और गर्भपात करने के लिए आरोपी नर्स को 40,000 रुपये का भुगतान किया था।

अब यह पूरा मामला महाराष्ट्र के सांगली पुलिस थाने से बागलकोट जिले के महालिंगपुर पुलिस थाने में स्थानांतरित कर दिया गया है। पुलिस जांच में यह बात सामने आई है कि आरोपी नर्स कविता के खिलाफ 2022 में भी ऐसा ही मामला दर्ज किया गया था। जांच में पता चला है कि आरोपी कविता एक निजी अस्पताल में हाउसकीपिंग स्टाफ के तौर पर काम करती थी। उसके पास स्कैनिंग मशीन थी। इस मामले में अधिकारियों ने संदिग्ध रैकेट से जुड़े लोगों के संबंध में जांच शुरू कर दी है। वहीं बाल कल्याण समिति के सदस्य शशिधर कोसुम्बे ने पुलिस के साथ आरोपी कविता के घर का दौरा किया और जिला स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण अधिकारी डी.बी. पट्टानाशेट्टी की लापरवाही की भी आलोचना की।

कोसुम्बे ने कहा, यह किसी भी सभ्य समाज के लिए शर्मनाक घटना है। कविता की गतिविधियों के प्रति अधिकारियों की लापरवाही स्पष्ट है। सरकार को एक रिपोर्ट भेजी जाएगी और समिति द्वारा एक अलग शिकायत दर्ज की जाएगी।

# जी वी किरण ने केआईओसीएल लि. के अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक का पदभार ग्रहण किया

बेंगलूरु/दक्षिण भारत । एक जून से गंटी वेंकट (जीवी) किरण ने केआईओसीएल लि. के अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक के रूप में नियुक्त किए गए। इस्पात क्षेत्र में 34 वर्षों से अधिक के समृद्ध और प्रभावी कार्य अनुभव के साथ वह तकनीकी ज्ञान, विशेषज्ञता और



नेतृत्व की दक्षता लेकर आए हैं। जी. वी. किरण ने प्रतिष्ठित राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान, भोपाल से मैकेनिकल इंजीनियरिंग में बीटेक तथा बिट्स पिलानी से गुणवत्ता प्रबंधन में एमटेक की डिग्री प्राप्त की है। उनकी शैक्षणिक उत्कृष्टता ने उनकी पेशेवर यात्रा के लिए एक मजबूत आधारशिला रखी है तथा उन्हें उद्योग के लिए समृद्ध तकनीकी ज्ञान और कौशल से युक्त किया है। अपने पेशेवर जीवन में उन्होंने प्रमुख संगठनों में महत्वपूर्ण पदों पर कार्य किया है। केआईओसीएल में शामिल होने से पहले जी वी किरण ने इस्पात और खनन क्षेत्र के अग्रणी संगठनों में विभिन्न प्रमुख पदों पर कार्य करते हुए व्यापक अनुभव प्राप्त किया है। जीवी किरण 2019 में केआईओसीएल लिमिटेड में महाप्रबंधक (परियोजनाएं और तकनीकी सेवाएं) के रूप में शामिल हुए। इसके बाद उन्होंने निदेशक (उत्पादन एवं परियोजनाएं) का पदभार संभाला।

# अग्निवीरवायु प्रशिक्षुओं की संयुक्त परेड आयोजित

चेन्नई/दक्षिण भारत । तमिलनाडु की राजधानी चेन्नई स्थित यांत्रिकी प्रशिक्षण संस्थान (एमटीआई) और कार्यशाला प्रशिक्षण संस्थान (डब्ल्यूटीआई) से कुल 1,983 अग्निवीरवायु प्रशिक्षु शनिवार को सफलतापूर्वक उत्तीर्ण हुए, जिनमें विज्ञान के अलावा अन्य विषयों की 234 महिला प्रशिक्षु भी शामिल हैं।

यह भव्य कार्यक्रम वायु सेना स्टेशन, ताम्बरम में आयोजित किया गया, जो दोनों प्रशिक्षण संस्थानों में 22 सप्ताह के कठोर और परिवर्तनकारी सैन्य प्रशिक्षण के सफल समापन का प्रतीक था। मध्य वायु कमान के वरिष्ठ प्रभारी अधिकारी (प्रशासन) एयर वाइस मार्शल अमन कपूर संयुक्त पासिंग आउट परेड के निरीक्षण अधिकारी और मुख्य अतिथि थे। इस मौके पर अग्निवीरवायु प्रशिक्षुओं ने विभिन्न गतिविधियों का प्रदर्शन किया। एयर वाइस मार्शल अमन कपूर ने उत्तीर्ण होने वाले सभी प्रशिक्षुओं को बधाई दी तथा विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वालों को सम्मानित किया।

समीक्षा अधिकारी (आरओ) ने उत्तीर्ण होने वाले सभी प्रशिक्षुओं को बधाई दी और विभिन्न क्षेत्रों में बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले पुरस्कार विजेताओं को सम्मानित किया। उन्होंने सभी प्रशिक्षुओं से अपने कौशल को और निखारने, पेशेवर ज्ञान को बढ़ाने और सीखने के लिए एक पारिस्थितिकी तंत्र विकसित करने का आग्रह किया ताकि वे राष्ट्र की रक्षा में एयरोस्पेस सुरक्षा और संगठनात्मक उद्देश्यों में योगदान दे सकें।

उन्होंने आगे बताया कि भारतीय वायुसेना परिचालन दर्शन में बड़े बदलावों का गवाह बन रही है और खुद को महान क्षमता के एक जीवंत रणनीतिक बल में बदलने की राह पर है।

# केरल में दक्षिण-पश्चिम मॉनसून के और प्रबल होने से कई इलाकों में भूस्खलन और जलभराव, रेड अलर्ट जारी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

तिरुवनंतपुरम। केरल में दस्तक देने के दो दिन बाद दक्षिण-पश्चिम मानसून के और प्रबल होने से राज्य के कई हिस्सों में भारी बारिश हुई तथा दक्षिण और मध्य जिलों में भूस्खलन, पेड़ों के उखड़ने एवं जलभराव की स्थिति देखने को मिली है। कोट्टायम और इडुक्की जिलों के ऊंचाई वाले इलाकों में घंटों तक लगातार बारिश होने के कारण बड़े पैमाने पर तबाही हुई, जबकि भारी बारिश के कारण त्रिशूर जिले के निचले इलाकों में जलभराव हुआ और यातायात अवरुद्ध हो गया। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने अपनी मौसम चेतावनी को अद्यतन करते हुए शनिवार को त्रिशूर, मलप्पुरम और कोझिकोड जिलों के लिए 'रेड' अलर्ट जारी किया।

इडुक्की, पलक्कड़ और वायनाड जिले के लिए 'ऑरेंज' अलर्ट जारी किया गया और छह जिलों में 'येलो' अलर्ट जारी किया गया है। रेड अलर्ट 24 घंटे में 20 सेंटीमीटर (सेमी) से अधिक की भारी से अत्यधिक भारी बारिश का संकेत देता है, जबकि ऑरेंज अलर्ट का मतलब 11 सेमी से 20 सेमी की बहुत भारी बारिश से है। येलो अलर्ट का आशय छह सेमी से 11 सेमी की भारी बारिश से है। कोट्टायम, इडुक्की और एर्नाकुलम के कुछ हिस्सों में शुक्रवार रात से भारी बारिश हो रही है।

पहाड़ी जिले इडुक्की के अंदरूनी इलाकों में स्थित पूचपरा और कोलप्परा में भूस्खलन और पेड़ों के उखड़ने की सूचना मिली है। स्थानीय लोगों ने बताया कि भूस्खलन से कुछ मकान और वाहन क्षतिग्रस्त हो गए, लेकिन किसी की जान जाने की सूचना नहीं है।

फसलें नष्ट हो गईं और स्थानीय लोगों द्वारा उपयोग की जाने वाली आंतरिक सड़कें पहाड़ी से विशाल चट्टानें गिरने से ना केवल क्षतिग्रस्त हो गईं, बल्कि रास्ते अवरुद्ध हो गए हैं। इडुक्की में मलंकारा बांध के पांच फाटक खोले जाने के बाद जिले के अधिकारियों ने थोडुपुझा और मुवत्तुपुझा नदियों के किनारे रहने वालों को सावधानी बरतने की सलाह दी है।

Printed& Published by Devendra Sharma on behalf of owners M/s. New Media Company, 6/4 , Ist floor, Cantonment station road, Bengaluru-51 and printed at Dinasudar Printing Division, 116, Queens Road, Bengaluru-560052. **Editor-Shreekant Parashar**,
(*Responsible for selection of news under PRB Act.) Reproduction of any matter from this newspaper in whole or in part or any such manner without prior written permission from the publisher is strictly prohibited and punishable by law.
HEAD OFFICE : DAKSHIN BHARAT RASHTRAMAT, New Media Company, 6/4, Cantonment Station Road, Bangalore 560051. Editorial : 080-25363030 / 9945488003. For Advertisement : 9945488002 - email : news@dakshinbharat.com